शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 69 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 05 अप्रैल 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# संदेशखाली: गुनहगारों को सजा दिलाना मोदी की गारंटी

## दुनिया कहती है मैं कड़े फैसले लेता हूं, संदेशखाली के आरोपितों को नहीं छोड़ूंगा

**कोलकाता**

**लोकसभा चुनाव के ऐलान** के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में भी चुनाव प्रचार का आगाज कर दिया है। गुरुवार को उत्तर बंगाल के कूचबिहार में चुनावी जनसभा से उन्होंने प्रचार का शंखनाद किया। यहां उन्होंने एक बार फिर संदेशखाली के मुद्दे का जिक्र करते हुए कहा कि वह आरोपितों को बिल्कुल नहीं छोड़ेंगे।

कूचबिहार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज दुनिया कहती है, मोदी कड़े और बड़े फैसले लेने वाला नेता है लेकिन विनम्रता से कहना चाहता हूं कि मोदी जनता का सामान्य सेवक है। मोदी कड़े और बड़े फैसले लेता है, क्योंकि उसे 140 करोड़ भारतीयों के सपने पूरे करने हैं। मोदी की गारंटी है, आपका सपना ही मोदी का संकल्प है। पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का ये समय, भारत के लिए बहुत अहम है। ये समय विकसित भारत बनाने का है। जब भारत विकसित होगा तो बंगाल उसका सबसे बड़ा लाभार्थी होगा। ये समय महाराज नर नारायण, चीला राय और ठाकुर पंचानन वर्मा जैसे महान सपूतों के सपनों को पूरा करने का समय है।

**ममता दीदी को दिया धन्यवाद**

उन्होंने कहा, "मैं ममता दीदी को धन्यवाद देना चाहता हूं क्योंकि 2019 में जब मैं यहां आया तो उन्होंने मेरी रैली में बाधा उत्पन्न की। मैंने उनसे कहा था कि जनता मेरा बदला लेगी लेकिन आज उन्होंने ऐसा कुछ करने की कोशिश नहीं की और मुझे आप लोगों से मिलने दिया। मैं आज कोई परेशानी पैदा नहीं करने के लिए बंगाल सरकार को धन्यवाद देता हूं।" पीएम मोदी ने कहा, "आजादी के बाद हमारे देश में छह से सात दशक तक लोगों ने केंद्र सरकार में सिर्फ कांग्रेस का मॉडल देखा। अब पहली बार देश ने बीते 10 साल में पूर्ण बहुमत वाली भाजपा सरकार का विकास मॉडल देखा है।



"मोदी जनता का सामान्य सेवक है। मोदी कड़े और बड़े फैसले लेता है, क्योंकि उसे 140 करोड़ भारतीयों के सपने पूरे करने हैं। मोदी की गारंटी है"

## ममता ने मोदी के बारे में की अभद्र टिप्पणी, एहसास होने पर मांगी माफी

**कोलकाता**

**पश्चिम बंगाल की** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर सार्वजनिक सभा में अशोभनीय टिप्पणी की है। एक चुनावी सभा में ममता बनर्जी ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से मिलने वाले राशन के पैकेट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीर लगी है। उन्होंने कहा कि मैं भूखी रहकर मरना पसंद करूंगी, मगर..... मोदी की तस्वीर वाले राशन को नहीं खाऊंगी। हालांकि जब उन्हें इस बात का एहसास हुआ कि प्रधानमंत्री के लिए उन्होंने अशोभनीय शब्दों का इस्तेमाल कर दिया है तो वह माफी मांगने लगीं और उन्होंने कहा कि मैं हमेशा सभ्य भाषा में बात करती हूं। चलते-चलते बात निकल गई।



पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस की जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की सभी एजेंसी को काम पर लगाया गया है। राज्य के अधिकारियों का तबादला किया जा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि राज्यों में अफसरों के ट्रांसफर की लिस्ट बनी है, मगर एनआईए, सीबीआई और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के कितने अधिकारियों का तबादला हुआ है।

## प. बंगाल में लेफ्ट-कांग्रेस और तृणमूल लड़ते हैं, दिल्ली में एक ही थाली में खाते हैं: मोदी



**कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के कूचबिहार से चुनावी प्रचार का आगाज करने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुन चुन कर कांग्रेस और तृणमूल पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि तृणमूल और कांग्रेस के इंडी गठबंधन ने नामशूद्र और मतुआ लोगों की कभी परवाह नहीं की। अब ये अफवाह फैला रहे हैं। हर परिवार को नागरिकता देना मोदी की गारंटी है। ये लेफ्ट, तृणमूल और कांग्रेस वाले आपको डराएंगे, लेकिन आपने मेरा काम देखा है।

इंडी गठबंधन अपने आप में झूठ और भ्रम का प्रत्यक्ष उदाहरण है। यहां लेफ्ट, तृणमूल और कांग्रेस वाले लड़ते दिखते हैं लेकिन दिल्ली में एक ही थाली में खाना खाते हैं। कूचबिहार की चुनावी जनसभा में मोदी ने संदेशखाली मामले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि दोषियों को सजा दिलवाए बगैर छोड़ूंगा नहीं। उनकी पूरी जिंदगी जेल में कट जाएगी। इसके अलावा उन्होंने सभा की अनुमति में बाधा नहीं डालने के लिए ममता बनर्जी की सरकार को धन्यवाद दिया और कांग्रेस तथा वाम दलों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि संदेशखाली के दोषियों को मोदी सजा दिलवाकर ही रहेगा। उनकी बाकी जिंदगी जेल में ही कटेगी। मोदी ने कहा कि आपका सपना ही मोदी का संकल्प है।

## सऊदी अरब से भारत लाया गया वांछित, इंटरपोल रेड नोटिस का सामना कर रहा था आरोपी

**नई दिल्ली**

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण द्वारा जांच किए जा रहे सोना तस्करी के एक मामले में वांछित और इंटरपोल के रेड नोटिस का सामना कर रहे एक आरोपी को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा समन्वित एक अभियान में सऊदी अरब से वतन वापस लाया गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि जांच एजेंसी के वैश्विक अभियान केंद्र ने शौकत अली की सऊदी अरब से मुंबई वापसी के लिए इंटरपोल के माध्यम से राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो-रियाद के साथ समन्वय किया है। अली को बुधवार रात वापस लाया गया।

**इस मामले में एनआईए कर रही है जांच**

अली राजस्थान के जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तस्करी कर लाई गई सोने की छड़ों की जब्ती से संबंधित 2020 में दर्ज मामले में वांछित था। इस मामले की जांच एनआईए कर रही है। अधिकारी ने बताया, जांच के दौरान यह पता चला कि आरोपी शौकत अली ने सह आरोपियों के साथ मिलकर सऊदी अरब से भारत में सोने की छड़ों की तस्करी की साजिश रची थी। उन्होंने बताया कि अली के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के कड़े प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। उसके सऊदी अरब में होने का पता चला जिसके बाद इंटरपोल के जरिए वहां संपर्क किया गया।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी पर मुखर और पाक में इमरान खान पर चुप्पी क्यों?

**वॉशिंगटन**

**अमेरिका** ने बीते दिनों अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर बयान जारी किया था। अब बुधवार को अमेरिका के विदेश विभाग की प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसके प्रवक्ता मैथ्यू मिलर फंसते नजर आए। दरअसल एक पत्रकार ने अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर से पूछा कि अमेरिका, भारत में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर मुखर है, लेकिन पाकिस्तान में इमरान खान की गिरफ्तार पर उसने चुप्पी क्यों साधी हुई है?

## सोनिया गांधी सहित 14 लोगों ने राज्यसभा सदस्य के रूप में ली शपथ

**नई दिल्ली**

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव उन 14 लोगों में शामिल थे, जिन्होंने गुरुवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। नए संसद भवन में उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने उन्हें शपथ दिलाई। जहां सोनिया गांधी ने राजस्थान से उच्च सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली, वहीं वैष्णव ने ओडिशा से उसी सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली। कर्नाटक से कांग्रेस नेता अजय माकन, उत्तर प्रदेश से भाजपा नेता आरपीएन सिंह और पश्चिम बंगाल से भाजपा सदस्य समिक भट्टाचार्य उन 14 लोगों में शामिल थे जिन्होंने राज्यसभा की शपथ ली। वाईएसआरसीपी नेता गोला बाबू राव, मेधा रघुनाथ रेड्डी और येरुम वेंकट सुब्बा रेड्डी ने भी आंध्र प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों के रूप में शपथ ली। बाद में उन सभी ने आरएस अध्यक्ष के साथ एक समूह तस्वीर ली। सोनिया गांधी पहली बार राज्यसभा सदस्य बनी हैं। उन्होंने सदन के नेता पीयूष गोयल और कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे की मौजूदगी में शपथ ली।



## सीएम केजरीवाल का संदेश...दिल्लीवासियों को किसी तरह की तकलीफ नहीं होनी चाहिए'

**नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने उनका जेल से भेजा हुआ संदेश पढ़कर सुनाया। सुनीता ने जेल से भेजा गया पत्र पढ़ते हुए कहा कि आपके केजरीवाल ने जेल से सभी विधायकों के लिए संदेश भेजा। सुनीता ने बताया कि सीएम केजरीवाल ने कहा, मैं जेल में हूं इस वजह से मेरे किसी दिल्लीवासी को किसी तरह की तकलीफ नहीं होनी चाहिए। सभी विधायक हर दिन अपनी विधानसभा में जाएं और इलाकों का दौरा करें। लोगों की समस्याओं का हल करें। मैं केवल सरकारी विभागों से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने की बात नहीं कर रहा, हमें लोगों की बाकी समस्याएं भी दूर करनी हैं। दिल्ली की दो करोड़ जनता मेरा परिवार है। उन्होंने कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।'उधर, जेल से बाहर आने के बाद आप सांसद संजय सिंह अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुख्यमंत्री आवास पर मिलने पहुंचे। जहां उन्होंने मुलाकात की। आप सांसद की रिहाई पर खुशी जताते हुए सुनीता ने कहा है कि जल्द ही सीएम अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को भी न्याय मिलेगा। सांसद संजय सिंह तिहाड़ जेल से 181 दिन बाद बाहर आ गए। उन्हें बुधवार रात साढ़े आठ बजे रिहा किया गया। शाम को अदालत का आदेश जेल प्रशासन को प्राप्त हुआ और करीब एक घंटे की कागजी कार्रवाई के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया।



## पूर्णिया से पप्पू यादव ने किया नामांकन



### पप्पू यादव ने की अजीब मांग, बोले- हमारा लक्ष्य है कोसी और सीमांचल की आजादी

**पूर्णिया**

आजादी... आजादी...! यह नारा एक समय जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय में खूब चर्चित रहा था। अब कांग्रेस नेता और पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय नामांकन दाखिल करने वाले राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कुछ ऐसी ही बात कह दी है। उन्होंने नामांकन दाखिल करने के बाद कहा कि उनका लक्ष्य कोसी और सीमांचल की आजादी है। उन्होंने इस 'आजादी' पर आगे बात नहीं की और कहा कि वह कांग्रेस को आगे बढ़ाना चाहते हैं। कांग्रेस के साथ हैं। पप्पू यादव का नामांकन और यह बयान उस दिन हुआ है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार में थे और एक दिन पहले इसी सीट पर महागठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल की प्रत्याशी बीमा भारती के नामांकन के बाद तेजस्वी यादव ने जनसभा कर कहा था कि राजद उम्मीदवार के खिलाफ नामांकन करने वाला हरेक व्यक्ति भाजपा के साथ है।

**पप्पू यादव का दावा- कांग्रेस का समर्थन प्राप्त है**

पप्पू यादव ने कहा कि मुझे कांग्रेस का समर्थन प्राप्त है। मैंने अपनी पार्टी को विलय कर लिया था इसलिए निर्दलीय चुनाव लड़ना पड़ रहा है। जब मेरी भावना कांग्रेस में समर्पित है और मुझे कांग्रेस परिवार से अलग करने की कोशिश की गई। पप्पू यादव ने स्पष्ट कहा कि मरने दम तक मुझे कोई कांग्रेस परिवार से अलग नहीं कर सकता।

## नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का हुआ सफल परीक्षण

**नई दिल्ली**

**सामरिक बल कमान** ने डीआरडीओ के साथ मिलकर कल (बुधवार) शाम लगभग 7:00 बजे ओडिशा के तट पर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-प्राइम का सफल उड़ान परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने इस परीक्षण की पुष्टि की। इस लॉन्च के मौके पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, स्ट्रैटजिक फोर्सेज कमांड के प्रमुख और डीआरडीओ और भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ, एसएफसी और सशस्त्र बलों को बधाई दी है।



**अग्नि-प्राइम मिसाइल का हुआ सफल उड़ान परीक्षण:** रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "रणनीतिक बल कमान (एसएफसी) ने रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ मिलकर 3 अप्रैल को लगभग 07:00 बजे ओडिशा के तट पर एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-प्राइम का सफल उड़ान परीक्षण किया गया है।"

## सहारनपुर: आसपा प्रमुख चंद्रशेखर को मिली गोली मारने की धमकी

**सहारनपुर**

**उत्तर प्रदेश** की नगीना सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे भीम आर्मी प्रमुख एवं आजाद समाज पार्टी के संस्थापक चंद्रशेखर को गोली मारने की धमकी दी गई है। मामले की शिकायत लेकर आसपा जिला अध्यक्ष करणवीर सिंहशाहिद के दर्शन कार्यकर्ता एसपी से मिलने पुलिस लाइन पहुंचे।जिला अध्यक्ष करणवीर सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हो रहा है, जो पार्टी तक भी पहुंचा है। ऑडियो में एक युवक चंद्रशेखर को गोली मारने की बात कह रहा है। धमकी देने वाला कौन है? कहां का है? यह साफ नहीं है लेकिन उसका मोबाइल नंबर पकड़ में आ रहा है। मामले में एसएसपी डॉ. विपिन ताड़ा को ऑडियो सहित शिकायती पत्र दिया जा रहा है। करीब आठ महीने पहले चंद्रशेखर पर हमला हो चुका है, जिसमें उन पर गोली चलाई गई थी जो उनको छूते हुए निकली थी।

## एक साल पहले की तुलना में शाकाहारी थाली 7% महंगी

**नई दिल्ली**

**घर में** पके शाकाहारी भोजन के थाली की कीमत मार्च में 7 प्रतिशत बढ़कर 27.3 रुपये हो गई, जो 2023 में इसी महीने में 25.5 रुपये थी। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया है कि एक 'मांसाहारी' थाली की कीमत इसी अवधि में 59.2 रुपये से 7 प्रतिशत घटकर 54.9 रुपये रह गई। शाकाहारी थाली में रोटी, प्याज, टमाटर, आलू, चावल, दाल, दही और सलाद शामिल होते हैं। एक मांसाहारी में थाली में भी समान खाद्य पदार्थ होते हैं लेकिन चिकन (ब्रॉयलर) दाल की जगह ले लेता है। घर में पके हुए भोजन के थाली की औसत लागत की गणना उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत में इनपुट कीमतों के आधार पर की जाती है। क्रिसिल की रोटी चावल रेट रिपोर्ट के अनुसार, प्याज, टमाटर और आलू की कीमतों में सालाना आधार पर 40 प्रतिशत, 36 प्रतिशत और 22 प्रतिशत की वृद्धि के कारण शाकाहारी थाली महंगी हो गई।



बाजार में प्याज और आलू की कम आपूर्ति थी और पिछले वित्त वर्ष में टमाटर की कीमतें भी कम सप्लाई के कारण चढ़ी थीं। कम आपूर्ति से चावल की कीमतों में 14 प्रतिशत और दालों की कीमतों में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

मार्च में एक शाकाहारी थाली की कीमत फरवरी (27.4 रुपये) की तुलना में एक प्रतिशत गिर गई क्योंकि टमाटर की कीमतों में 2 प्रतिशत की गिरावट आई। मार्च में एक मांसाहारी थाली सालाना आधार पर सस्ती हुई क्योंकि ब्रॉयलर की कीमतों में 16 प्रतिशत की गिरावट आई। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स के शोध निदेशक पूषन शर्मा ने कहा, 'पिछले पांच महीनों से शाकाहारी और मांसाहारी भोजन की थालियों की कीमतों में अंतर बना हुआ है। शर्मा के अनुसार, "शाकाहारी थाली साल दर साल महंगी हो गई है, जबकि मांसाहारी थाली सस्ती है। यह अंतर इसलिए है क्योंकि अधिक आपूर्ति के कारण ब्रायलर चिकन की कीमतें गिर गई हैं।" फरवरी की तुलना में मार्च में मांसाहारी थाली की कीमत दो प्रतिशत बढ़ी क्योंकि इससे कच्चे तेल की कीमतों में पांच प्रतिशत का उछाल आया है। रमजान में चिकन मीट की ज्यादा डिमांड है और चारे की लागत बढ़ गई है। शर्मा ने कहा, 'आने वाले समय में हमारा अनुमान है कि बाजार में ताजा फसल आने से गेहूं की कीमतों में गिरावट आएगी और टमाटर के दाम नरम बने रहेंगे। लेकिन निकट भविष्य में प्याज कीमतों में कुछ मजबूती आ सकती है क्योंकि रबी की फसल में 20 प्रतिशत की गिरावट देखी जा रही है।




# भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के प्रतिमा का अनावरण मुख्य अतिथि ने रिमोड से किया

## मांडा मे पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा अनावरण मे पहुँचा शास्त्री परिवार

**अखण्ड भारत संदेश।**








**मांडा- प्रयागराज।** मांडा खास, गिरधरपुर मे संचालित लाल बहादुर शास्त्री पालिटेक्निक कालेज मे आयोजित पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा अनावरण मे शास्त्री परिवार पहुंच सभा को सम्बोधित किया। शास्त्री परिवार के आगमन को लेकर छात्रों ने गायन प्रस्तुत कर मन मोह लिया। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री शास्त्री जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके कृत्य की सराहना की। मांडा खास, गिरधरपुर मे संचालित लाल बहादुर शास्त्री पालिटेक्निक कालेज के गुरुवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा अनावरण हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप मे पहुचें डाईकिन एयर कंडीशनिंग इंडिया प्रा.लि.के निदेशक व अध्यक्ष कंवलजीत जावा ने सर्व प्रथम प्रतिमा का इलेक्ट्रिक रिमोड के माध्यम से अनावरण कर कालेज के प्रांगण में फलदार वृक्ष का पौध रोपण किया और मंच पर पहुंचकर उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किए। इस दौरान शास्त्री परिवार समेत अतिथियों के आगमन हेतु छात्रों ने गायन प्रस्तुत किया। वहीं कालेज के चेयरमैन सुनील शास्त्री समेत मौजूद उनके परिजनों ने अपना विचार रखा। और मांडा के पूर्व प्रधान मंत्री विश्व नाथ प्रताप सिंह के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अपने राज महल के सामने भूमि दिए उक्त भूमि पर लाल बहादुर शास्त्री तकनीकी इण्टर कॉलेज की स्थापना किया गया।बाद कालेज मे बीते वर्ष टापर छात्रों को पांच हजार का चेक एवं बेस्ट प्रोजेक्ट के लिए छात्रों को मंच पर बुलाकर शास्त्री परिजनों द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर अनिल शास्त्री, प्रबंधक चौधरी जीतेन्द्र नाथ सिंह, मेजा विधायक संदीप पटेल, मंजू शास्त्री, मीरा शास्त्री,आदर्श शास्त्री, मोनिका शास्त्री, रोली शास्त्री,मुदित शास्त्री, दीपक अग्रवाल, राज गोस्वामी, सुशील सिंह, पिंटू सिंह,साहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे । कालेज के प्रधानाचार्य अरुण कुमार सिंह ने समस्त स्टॉफ की सराहना करते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना एवं कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# बालीबाल खिलाड़ियों को अभी तक नहीं मिली पुरस्कार की धनराशि

**इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र की सांसद खेल स्पर्धा दिसंबर माह में आयोजित हुई थी**



**मेजा।** डॉ रीता बहुगुणा जोशी सांसद इलाहाबाद द्वारा प्रायोजित सांसद खेल स्पर्धा के अंतर्गत ब्लॉक व जिला स्तर पर आयोजित की गई वॉलीबाल खेल की विजेता व उपविजेता टीम को अभी तक घोषित पुरस्कार की नगद धनराशि प्राप्त नहीं हुई है। जिसके कारण जहां जनपद के वॉलीबाल खिलाड़ी परेशान हैं वहीं आयोजकों के प्रति उनमें काफी रोष है। उल्लेखनीय है कि जिला वालीबाल संघ प्रयागराज द्वारा बीते माह दिसंबर में स्थानीय के.पी.इंटर कॉलेज में इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र की जिला स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता संपन्न हुई थी। जिसमें जनपद की कुल 11 ब्लॉक की पुरुष वर्ग की विजेता टीमों ने प्रतिभाग किया था। जिसमें विकास खंड उरुवा से सोरांव यूथ क्लब की टीम ने विजेता और विकास खंड मेजा की ओर से फ्रेंड्स क्लब की टीम ने उपविजेता होने का गौरव प्राप्त किया था। जिसमें विजेता टीम को इक्यावन हजार रुपये और उपविजेता टीम को इकतीस हजार रुपये की नगद धनराशि की घोषणा की गई थी और खिलाड़ियों को सूचित किया गया था कि आगामी माह दिसंबर को यूनाइटेड कॉलेज नैनी में पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। किंतु पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार न देकर केवल प्रतीक स्वरूप 51 हजार रुपए व 31 हजार रुपये का आर्टिफिशियल बैंक चेक (फ्लेक्स) बनवाकर दे दिया गया और खिलाड़ियों से यह कहा गया कि सभी खिलाड़ियों के व्यक्तिगत खाते में पुरस्कार की नगद घोषित धनराशि डाल दी जाएगी। किंतु अभी तक किसी भी खिलाड़ी के खाते में उक्त धनराशि नहीं पहुंची है। खिलाड़ी बार-बार बैंक जाकर अपना खाता टटोल रहे हैं अभी तक उन्हें निराशा ही हाथ लगी है। इस प्रकार से खिलाड़ियों के साथ धोखा किया जाना निंदनीय है। समाचार पत्र के माध्यम से खिलाड़ियों ने माननीय सांसद डॉ.रीता बहुगुणा जोशी से मांग कर रहे हैं कि उन्हें उनका पारितोषिक हक अविलंब प्रदान किया जाए।

### पुण्यतिथि पर शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि के साथ किया गया याद

**सहसों।** हिंदू हृदय सम्राट, धर्म रक्षक, अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध लड़ाई लड़ने वाले परम राष्ट्र भक्त, पराक्रमी योद्धा के रूप में मराठा सम्राट महाराज छत्रपति शिवाजी को हम सब हमेशा एक आदर्शवादी मार्गदर्शक के रूप में याद करते रहेंगे। उक्त बातें बुधवार को छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में कॉलेज के प्रबंधक एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कही। उन्होंने शिवाजी महाराज को याद करते हुए कहा कि उनका मानना था सर्वप्रथम राष्ट्र, फिर गुरु, माता पिता एवं परमेश्वर का वंदन और चिंतन करना चाहिए। उनका कहना था कि पहले अपने आप को नहीं सर्वप्रथम राष्ट्र को देखना चाहिए जिसमें हम सब की भलाई है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर के के सिंह, संदीप द्विवेदी, पुष्कर सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, राकेश सिंह एवं विष्णु सहित आदि लोग श्रद्धा सुमन अर्पित करते उपस्थित रहे।

# जुएँ की वीडियो वायरल, सिपाही ने धमकाया



**हनुमानगंज।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल किया जा रहा है। जिसमे कुछ लोग जुएँ की फड़ पर दांव लगाते नजर आ रहे है। वीडियो सरायइनायत के अमरसापुर का बताया जा रहा है। चर्चा है कि एक सिपाही की सह पर काफी दिनों से यहाँ जुए की फड़ सज रही है। एक ओर जहा शान्ति पूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने को पुलिस फ्लैग मार्च कर रही है। लोगो से अपील कर रही है कि कही भी कोई मामला हो तो पुलिस को सूचित करें। लेकिन अमरसापुर में सज रही जुए की फड़ का विरोध करना गांव के जीशान अहमद पर भारी पड़ रहा है। सरायइनायत थाने में तैनात एक सिपाही जीशान को धमकी दे रहा है। जीशान अहमद ने बताया कि गांव में पहले भी जुआ होती थी। पूर्व एसओ सरायइनायत से शिकायत की गई तब बंद हो गई थी। कुछ दिनों से एक सिपाही की सह फिर जुएँ की फड़ सजने लगी है। जिसका विरोध करने पर सिपाही द्वारा धमकी दी जा रही है। जुएँ की फड़ से गांव के युवा जुएँ के लती बन रहे है। गांव का ही एक व्यक्ति को जुआड़ियों ने झांसे में लेकर उसको मिले कालोनी के पैसे जीत लिए। इस वजह से उसका पूरा घर परेशान है। जीशान ने बताया कि शुक्रवार को हम ग्रामीणों के साथ पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा से मुलाकात कर मामले की शिकायत करेंगे। वायरल वीडियो की पुष्टि हमार अखबार नही करता।

## न्यूज झरोखा

### पड़ोसियों से हुए विवाद में नैनी जेल गए युवक की अस्पताल में मौत



**धनूपुर।** धनूपुर ब्लाक एवं सरायममरेज थानांतर्गत बंदीपट्टी गांव में होली के पूर्व मकान निर्माण हेतु हिन्दू मुस्लिम पड़ोसी परिवार में विवाद एवं मार-पीट हुई थी जिसमें कई लोग घायल हुए थे। मुस्लिम परिवार की तहरीर पर सरायममरेज पुलिस ने 24 मार्च को 5 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर-के नैनी जेल भेज दिया था। जेल जाने वालों में इंद्रजीत यादव उर्फ मिथुन पुत्र रामचंद्र यादव को मार-पीट में सिर एवं शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आई थी। नैनी जेल में इंद्रजीत को इलाज न मिलने के कारण तबियत बिगड़ गई जेल प्रशासन ने बुधवार रात्रि में इंद्रजीत को स्वरुपरानी अस्पताल प्रयागराज भेजा जहां पर इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना घर पर पहुंची तो कोहराम मच गया, गुरुवार देर शाम को इंद्रजीत का शव? घर पहुंचा तो परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों के अनुसार इंद्रजीत को मार-पीट के समय गंभीर चोटें आई थी अगर नैनी सेंट्रल जेल जाने के पूर्व हम लोगों को इलाज कराने का अवसर मिलता तो उसकी जान? बच सकती थी, चुटहिल अवस्था में उसको जेल भेजा गया था। इंद्रजीत का शव घर पहुंचने पर सैकड़ों लोग मौजूद रहे, सुरक्षा व्यवस्था हेतु सरायममरेज, हंडिया, उतरांव की पुलिस मौजूद रही खबर लिखे जाने तक परिजनों ने विभिन्न मांगों को पूरी होने तक शव? का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया है।

### पीस कमेटी की बैठक में शांति के साथ पर्व मनाने की हुई चर्चा




**मऊआइमा।** आगामी ईद और चैत्र नवरात्र को लेकर मऊआइमा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई।जिसमें पर्व को सकुशल सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गयी। मऊआइमा थाना परिसर में गुरुवार को ईदुल फितर और चैत नवरात्र को लेकर पीस कमेटी की बैठक की गयी।जिसमें बताया गया है कि शुक्रवार को रमजानुल मुबारक का आखिरी जुमा अलविदा है।उसके बाद ईद का पर्व है। मऊआइमा कस्बा के आजमपुर ईदगाह और बादीपुर ईदगाह में नमाज के दौरान भीड अधिक होती है। बताया गया है कि बांदीपुर ईदगाह में महिलाओं के अलग नमाज अदा करने से वहां पर महिला कांस्टेबल तैनात किया जाएगा।तथा नमाज के दौरान विषेश ध्यान दिया जाए।पीस कमेटी में चेयरमैन शोएब अंसारी ने कहा कि कस्बा में तीन दिनों तक मेला लगता है जिससे काफी भीड होती है।चुनौटा कुआं, स्टेशन रोड, तीन बत्ती आदि स्थानों पर चार पहिया वाहनों, बाइकों को रोका जाएगा।ताकि मेला शांतिपूर्वक सम्पन्न हो जाए।पीस कमेटी में इंस्पेक्टर मऊआइमा राघवेन्द्र सिंह ने सभी के बातों को गंभीरता से लिए।इस अवसर पर चेयरमैन शोएब अंसारी, कौशल गयास, मुदित खत्री, अमजद हुसैन, गुड्डू प्रधान, संजय, मोहम्मद अफजाल, शमसुद्दीन, वकील अहमद आदि बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

### छात्र-छात्राओं की हुई भव्य विदाई एवं पुस्तक वितरण कार्यक्रम संपन्न



**करछना।** विकास खंड करछना के डीहा ग्राम सभा के प्राथमिक विद्यालय बगरहा मे कक्षा 1 से 5 तक के प्रथम द्वतीय तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं एवं कक्षा 5 पास समस्त छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए भव्य विदाई का कार्यक्रम आयोजित हुआ एवम कक्षा 3 से 5 में पुस्तक वितरण एवं नवप्रवेशी 2 बच्चो नामांकन आदि कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दूधनाथ यादव विशिष्ट अतिथि ज्ञान चंद्र यादव क्षेत्र पंचायत सदस्य और कार्यक्रम की अध्यक्षता रमाशंकर शुक्ल ने किया संचालन सहायक अध्यापक अभिषेक कुमार ने एवं उपस्थित अभिभावकों एवं गणमान्य साथियों का अभिवादन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापक अनिरुद्ध तिवारी ने किया इस अवसर पर सहायक अध्यापक ब्रह्मदत्त एवं रसोईया सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे

### बभनियांव में शार्ट सर्किट से लगी आग, दो बकरी सहित गृहस्थी खाक



**जंघई।** बभनियांव ग्राम सभा के बरसिंगवा दलित बस्ती में बुधवार को शार्ट सर्किट से आग लग गई जिसमें चार छप्पर जलकर खाक हो गये। जानकारी होने पर बस्ती के लोगों ने काफी मुश्किल से आग पर काबू पाया तब तक छप्परों में रखे सारे गृहस्थी के सामान व दो बकरी जलकर राख हो गई। 24 घंटे बीत जाने के बावजूद ना हल्का लेखपाल ना ही अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। बभनियांव बरसिंगवा दलित बस्ती निवासी शम्भूनाथ, महेंद्र कुमार, हरिश्चंद्र, गोपी हरिजन के गृहस्थी के सारे सामान व शम्भूनाथ की दो बकरियां जल कर राख हो गईं जिसमें चारों लोगों का मिलकर लाखों का नुकसान हुआ है हल्का लेखपाल राहुल सोनी ने बताया कि देर शाम हमें जानकारी मिली है मौके पर जा? रहा हूं राजस्व विभाग द्वार उचित मुआवजा दिया जाएगा।

### शिक्षामित्रों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन



**करछना।** कौंधियारा स्थित तेवरिया कला में इंचार्ज प्रधानाध्यापक के द्वारा शिक्षामित्रों के उत्पीड़न मामले में संघ के जिलाध्यक्ष वसीम अहमद ने एसडीएम करछना से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। कहा कि प्रधानाध्यापक द्वारा द्वेषवश विगत बीस वर्षों से कार्यरत शिक्षामित्र सुरेश सोनकर एवम सुमन सोनकर के हस्ताक्षर उपस्थिति पंजिका पर एक अप्रैल से नही कराए जा रहे हैं। इस प्रकरण से आहत महिला शिक्षामित्र विद्यालय में गश्त खाकर गिर गयी। शिक्षामित्रों में आक्रोश व्याप्त है। गुरुवार को सूचना पर पहुंचे संघ के नेताओं ने बीआरसी कौंधियारा पर बैठक कर घेराव किया। बीई ओ के न मिलने पर कार्यालय को पत्र प्राप्त कराते हुए नाराजगी जताई। कार्यवाही न होने पर एसडीएम करछना आईएएस जागृति अवस्थी से ज्ञापन सौंपकर कार्यवाई की मांग की। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह, महामंत्री जनार्दन पाण्डेय, अंतिमा यादव, अर्चना कुशवाहा, निशा तिवारी, मिथिलेश कुमारी, दशरथ लाल भारती, सिद्धराज सिंह, सुमन्त भार्गव, अब्दुल मोकित, सुरेन्द्र पटेल, बीन बहादुर सहित दर्जन भर शिक्षामित्र उपस्थित रहे। शिक्षा मित्र निर्वाचन कार्य में बीएल ओ नियुक्त है उस पर भी इंचार्ज प्रधानाध्यापक द्वारा स्कूल बंद करके शिक्षा मित्रों को बाहर कर दिया जाता है जिससे निर्वाचन जैसा महत्वपूर्ण कार्य भी प्रभावित होता है

### पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, निष्पक्ष चुनाव प्राथमिकता



**हनुमानगंज।** आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही क्षेत्र में पुलिस प्रशासन चुस्त दुरुस्त दिख रहा है। सरायइनायत क्षेत्र में कोटवा, ककरा में भयमुक्त माहौल कायम करने के लिए एसीपी थरवई व इंस्पेक्टर पंकज कुमार राय के नेतृत्व में पुलिस व अर्धसैनिक बल ने फ्लैग मार्च किया। पुलिस प्रशासन ने आम लोगों को निडर होकर निष्पक्ष मतदान करने की अपील की। अधिकारियों ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर लोगों से लोकसभा चुनाव में शांति स्थापित करना, आपराधिक गतिविधियों की स्थानीय थाने में सूचना देना, किसी भी प्रकार का हथियार लेकर सार्वजनिक स्थानों पर नहीं घूमने, आचार संहिता की पालना और लोकसभा चुनाव में भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील की।

### प्रा. वि. विद्यालय के बच्चे पुस्तक पाकर हुए खुश



**सहसों।** विकास खण्ड सहसों के थानापुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में पंजीकृत पढ़ने वाले बच्चों में गुरुवार को ग्राम प्रधान विजय लक्ष्मी द्वारा नए सत्र 2024 - 25 के लिए शासकीय पुस्तक का निःशुल्क वितरण किया गया। पुस्तक पाकर सभी बच्चों के चेहरों पर खुशी छा गई। जिससे अभिभावकों के जेब पर पुस्तक का आर्थिक बोझ कम हो गया। इस मौके पर राम सुमेर यादव, अनीता सिंह, सुनिश्चिता, गायत्री पटेल, अजीत प्रताप सिंह, संजय सिंह, अजय सिंह, लक्ष्मीकांत दुबे एवं मुन्ना यादव सहित आदि रहे।

### आग से तीन मवेशी समेत दो लोग झूलसे, पहुंचे फायरकर्मी

**मांडा।** क्षेत्र के आंधी गाव मे दोपहर अज्ञात कारणों से मड़हे मे भीषण आग लग गई। इससे तीन मवेसी समेत दो लोग बुरी तरह झुलस गए । आगजनी को लेकर ग्रामीणों मे हड़कंप मचा रहा। ग्रामीणों व फायरकर्मियों ने आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के मुताबिक, मांडा के आंधी गाव निवासी रामलाल यादव के मवेशी रोजाना की तरह गुरुवार को भी बंधे थे। इस दौरान दोपहर तकरीबन एक बजे के आसपास अज्ञात कारणों से पेड़ मे भीषण आग लग गई। जब तक आग पर किसी की नजर पड़ती की आग ने विकराल रूप धारण करते हुए मड़हे मे लग गई। इससे मड़हे मे बंधी तीन मवेशियों समेत बचाव मे उतरे दो लोग बुरी तरह झूलस गए। वहीं ग्रामीणों की सूचना पर पहुचें फायर कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

# डिप्टी कलेक्टर ऑफिस के सामने पानी का अकाल







**कोरांव तहसील मुख्यालय पर सुविधाओं का अभाव, सालभर पहले से खराब पड़ा है पेयजल वाला फ्रीजर**

**कोरांव।** सरकार एक बार व्यवस्था बनाने के नाम पर खूब पैसा खर्च करती है, उसके बाद उस व्यवस्था को बनाए रखने पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। इसीलिए अक्सर देखने में आता है कि सरकारी संस्थाओं में पेयजल, शौचालय, पार्किंग इत्यादि की व्यवस्था बदहाल ही मिलती है। यमुनापार की कोरांव तहसील भी इसी तरह की समस्याओं से जूझ रही है। गर्मी की शुरूआत हो चुकी है। यहां आने वाले लोगों के लिए मुख्य भवन के बगल एक फ्रीजर लगवाया गया है, सुरक्षा के जाली भी लगाई गई है, पर यह फ्रीजर पिछले सालभर से निष्प्रयोज्य पड़ा है। अधिवक्ताओं व वादकारियों का कहना है कि यह फ्रीजर पिछले डेढ़ बरस से खराब पड़ा है, तब से लेकर कई बार शिकायत की गई, पर इसे अब तक चालू नहीं करवाया जा सका। कमोवेश यही स्थिति यहां के वॉशरूम और शौचालय की है। शौचालय की स्थिति ऐसी भी नहीं है कि वहां बिना नाक बंद किए जाया जा सके। जबकि वॉशरूम में लगाए गए वॉश बेसिन में टोंटी ही नहीं है। यह ऐसी सुविधाएं हैं, जिनका दिन में कई-कई बार इस्तेमाल होता है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि तहसील प्रशासन आम जन की सुविधाओं पर कितना ध्यान देता है। शौचालय की हालत ठीक न होने के कारण लोगों को बाहर ही निपटना पड़ता है। सबसे ज्यादा दिक्कत तहसील आने वाली महिलाओं को होती है। इसके अलावा बिजली की वायरिंग भी जगह-जगह उखड़ी पड़ी है। कुछ बल्ब जलते हैं तो कुछ हमेशा के लिए शांत हो चुके हैं। साफ-सफाई के बारे में कुछ पूछने की ही जरूरत नहीं है। खिड़कियों में लगे शीशे और दरवाजे पर यदि कोई टेक लेकर खड़ा हो जाए तो कम से कम पाव भर धूल कपड़े पर चिपक जाती है। यह तहसील मुख्यालय जिला मुख्यालय से 70 किमी के फासले पर दक्षिण-पूर्व में स्थित है। ऐसे में यहां उच्चाधिकारियों का भ्रमण भी कभी-कभार ही होता है, ऐसे में यहां तैनात अधिकारी पूरी तरह से बेलगाम हैं, जो न तो जन शिकायतों पर ध्यान दे रहे हैं और न ही मुख्यालय पर उपलब्ध कराई गई जनसुविधाओं पर।



### अखिलेश सोनकर बने सपा युवा ब्रिगेड के मेजा विधानसभा अध्यक्ष

**मांडा।** समाजवादी के संगठन का विस्तार किया गया। वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर एवम् समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष मोहित यादव व मेजा विधायक संदीप पटेल के नेतृत्व में प्रयागराज यमुनापार के समाजवादी पार्टी के युवा ब्रिगेड के मेजा विधानसभा अध्यक्ष अखिलेश सोनकर निवासी बेदौली को मनोनीत किए गए जानें पर पूर्व जिला पंस. प्रेम शंकर पटेल, कन्हैया लाल सोनकर, श्याम बाबू, भारत लाल, अभिषेक कुमार,नितिन तिवारी, अनीस यादव ,पंकज यादव सभी लोग ने बधाई दिए।

# ग्राम्य संस्कृति और हमारे लोकपर्व भारत की आत्मा हैं : डॉ.भगवत

**रंगोत्सव जमुनापार में जुटे लोककलाकारों और कवियों ने बांधी समां**




**करछना।** क्षेत्र के रामपुर स्थित लोकमंगल संस्थान परिसर में रंगोत्सव जमुनापार में जुटे लोक कलाकारों और कवियों ने अपनी प्रस्तुतियों से खूब समां बांधी। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद के.पी. तिवारी और संचालन कवि डॉ.राजेंद्र शुक्ल ने किया। इस मौके पर संस्थान के संरक्षक डॉ.भगवत पांडेय ने कहा कि गांवों में बसने वाले देश में हमारी ग्राम्य संस्कृति और हमारे लोकपर्व भारत की आत्मा हैं। जहां एक ओर ऊंच, नीच,बड़े,छोटे का कोई भेदभाव नहीं रहता वहीं अपनी लोक विधाओं के साथ अपनी माटी से जुड़कर हमारे कवियों,कलाकारों ने भी भारतीय ज्ञान परंपरा का संवाहक बन इसे जीवंत बनाने का कार्य किया है। रंगोत्सव का शुभारंभ युवा कलाकार वीरेंद्र मस्ताना की देवीवंदना के साथ हुआ। इसके बाद रेनू रोशनी द्वारा प्रस्तुत झूमर गीत -महादेव दुनिया ठाढ़ी दरसन के,खूब सराहा गया। वरिष्ठ लोक कलाकार बचऊ लाल यादव ने बेंदी गिरी करवटिया भौजी जैसे फगुआ गीतों पर खूब तालियां बटोरी। श्यामलाल बेगाना का बैसवारा गीत -बेईमनवा जदुवा डारा रे, हमरी कोहरौरी में,भी खूब सराहा गया। मोनू मस्ताना, बृजभान यादव,अनुभव पटेल,धीरज ऋतुराज, इंद्रजीत,राम अवतार कुशवाहा, रामबाबू यादव, फूलचंद के बेलवरिया और चौताल गीत जमकर सराहे गए,तो वहीं रघुराज यादव,मुर्गुल्ला देवी,कौशल्या देवी कमला प्रसाद पाल,कमलेश यादव,विभव शंकर, योगेंद्र शुक्ला के बाद मोहिनी श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत-फगुनवा में रंग रसेरसे बरसे ने,खूब तालियां बटोरी। कलाकारों के बाद मंच पर पहुंचे कवि डॉ.वीरेंद्र सिंह कुशुमाकर, ठाकुर इलाहाबादी, सबरेज अहमद ने भी अपने छन्दों,गीतों से श्रोताओं के बीच आपसी एकता और सद्भाव के संदेश दिए। संस्थान के प्रधानाचार्य रामलोचन सांवरिया ने कलाकारों को अपने फागुनी गीतों की परंपरा को सहेजने पर बल दिया। संयोजक हास्य कवि अशोक बेशरम ने सभी जनों के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति, अशोक जैन,रामभवन द्विवेदी, सोभनाथ द्विवेदी, जीपी तिवारी, मनीष तिवारी, कमला शंकर त्रिपाठी, रिंकू सिंह, राजकुमार तिवारी, शशि द्विवेदी,आरती कोल, रिशू मिश्रा, गोरेलाल, संतोष शुक्ला समर्थ, जितेंद्र जलज,शिवा,कमलेश पांडेय, विजय पाल, सुनील प्रजापति,अशोक विश्वकर्मा आदि गणमान्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### ट्रांसफार्मर में लगी आग को बडी मुश्किल से ग्रामीणों ने काबू पाया

**मऊआइमा।** मऊआइमा के गदाईपुर विधुत उप केन्द्र से जुडे सुल्तानपुर खास हाईवे पर लगे ट्रांसफार्मर में गुरूवार को देर शाम को अचानक आग लग गई। जिसे घंटों मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने किसी तरह काबू पाए। सूचना पर पहुंचे विधुतकर्मियों ने मौके पर पहुंच कर बिजली काटी।फिर भी दर्जनों घरों में अंधेरा छा गया है। बताया गया है कि उक्त ट्रांसफार्मर से पेट्रोल पंपों के अलावा पावरलूम भी चलते हैं। जिससे पूरे क्षेत्र में घुप अंधेरा छा गया है। बिजली विभाग का कहना है कि जब तक नया ट्रांसफार्मर नहीं आएगा। विधुत आपूर्ति बहाल नहीं होगी।

# अब कोविड-19 संक्रमण का इलाज एक टैबलेट से

## यूआईपी विशेषज्ञों ने कोविड-19 के इलाज के लिए टैबलेट डिजाइन किया, प्राप्त किया पेटेंट

अखंड भारत संदेश




**नैनी।** नैनी यह खबर निश्चित रूप से कोविड-19 संक्रमण की जटिलताओं से पीड़ित रोगियों के चेहरे पर मुस्कान ला सकती है। अब उन्हें इलाज के लिए एक दिन में कई दवाएँ नहीं लेनी पड़ेगी। इसके बजाय, उन्हें संक्रमण से छुटकारा पाने के दिन में एक गोली ही खानी पडेगी। अनुसंधान और आविष्कार के क्षेत्र में एक और मील का पत्थर स्थापित करते हुए, यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी, (यूआईपी), नैनी के विशेषज्ञों ने कोविड-19 संक्रमण के इलाज के लिए एक नये टैबलेट का अविष्कार किया है। चार सदस्यीय रिसर्च टीम के हिस्सा रहे यूआईपी के डॉ शांति भूषण मिश्रा ने बताया कि इस नवीन और प्रभावी फॉमूर्लेशन के आविष्कार से अब कोविड-19 संक्रमण से पीड़ित लोगों को इलाज के लिए बड़ी मात्रा में गोलियां लेने की आवश्यकता नहीं पडेगी। उन्हें अब संक्रमण को खत्म करने के लिए दिन में केवल एक ही गोली लेने की आवश्यकता होगी। अन्य तीन विशेषज्ञों जिन्होंने इस दवाई के आविष्कार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है उनमें डॉ अनिल कुमार सिंह, डॉ श्रद्धांजली सिंह और डॉ अमित कुमार सिंह शामिल हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में यह टैबलेट 200 मिलीग्राम की खुराक में उपलब्ध है और इसे मौखिक रूप से लिया जाता है। उन्होंने कहा कि यह दवा फेविपिराविर की संरचना है जो गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट के संपर्क में आने पर कम से कम लगभग 24 घंटे की समय अवधि अपना असर दिखाती है। आमतौर पर फेविपिराविर टैबलेट हल्के से मध्यम लक्षणों वाले कोविड-19 रोगियों को निर्धारित की जाती है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि इसके महत्व को स्वीकार करते हुए, भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय ने आविष्कार के लिए यूआईपी को पेटेंट संख्या 518260 के साथ पेटेंट प्रदान किया है। पेटेंट वर्ष 2021 में दायर किया गया था और मार्च 2024 में प्रदान किया गया। डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह नई दवा वायरल और अन्य मौसमी विकारों से पीड़ित रोगियों को भी दी जा सकती है। यूआईपी के प्रिंसिपल डॉ. आलोक मुखर्जी ने कहा कि यदि फार्मास्युटिकल कंपनियां मानव कल्याण के लिए इस दवा के आविष्कार के लिए फॉमूर्ला प्राप्त करना चाहती हैं तो उनसे संपर्क कर सकती हैं। यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (यूजीआई) के प्रेसिडेंट डॉ. जगदीश गुलाटी, वाइस चेयरमैन सतपाल गुलाटी, वाइस प्रेसिडेंट गौरव गुलाटी और कॉलेज के प्राचार्य डॉ आलोक मुखर्जी ने इस शानदार उपलब्धि पर वैज्ञानिक की टीम को शुभकामनाएं दीं।

### बच्चो को बेहतर शिक्षा और अच्छे संस्कार देने से बनती है अध्यापकों की पहचान

**फूलपुर।** शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है बच्चो को बेहतर शिक्षा और अच्छे संस्कार देने से अध्यापकों की अपनी अलग पहचान बनती है। उक्त बाते बुधवार को फूलपुर क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय कोड़ापुर प्रथम में आयोजित वार्षिक उत्सव समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार प्रधानपति कोड़ापुर मौजी लाल रावत ने बच्चो अध्यापकों और अभिभावकों के बीच कही। उन्होंने कहा की परिषदीय विद्यालय में बच्चो की बुनियादी शिक्षा दी जाती है इस लिए बुनियाद मजबूत होनी चाहिए जिससे बच्चे भविष्य में आगे बढ़ सके। इस मौके पर बच्चो ने देश भक्ति गीतों पर नृत्य और डांस प्रस्तुत कर जमकर धमाल मचाया। उन्हे विद्यालय की तरफ से मेडल और शील्ड सहित प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया जिसमे कक्षा 5 में हार्दिक प्रथम,सहजादी द्तीय और प्रतिज्ञा यादव तृतीय स्थान पर रही। वही कक्षा 4 में कायनात प्रथम, जानवी द्वितीय और बिपुल तृतीय स्थान पर रहे कक्षा 3 में आदर्श प्रथम,राधिका द्वितीय और शालू तृतीय स्थान पर रहे कक्षा 2 में अजमल प्रथम,नुसरत द्वितीय और कुमकुम तृतीय स्थान पर रहे कक्षा 1 में श्रद्धा प्रथम,नैना द्वितीय और रैय्यान तृतीय स्थान पर रहे अंत में प्रधानाध्यापिका श्रद्धा सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। मौके पर सहायक अध्यापक प्रदीप कुमार, एस एम सी अध्यक्ष खुशबू सिंह,सदस्य मीरा विश्वकर्मा,उर्मिला देवी,रमाकांत दूबे,शनूर बेगम और अनुपम देवी आदि रही।

# पूर्व ब्लाक प्रमुख के पोते के अंतिम संस्कार में उमड़ा जनसमुदाय



**प्रयागराज।** उत्तरप्रदेश केसवानी वैश्य महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष तीरथ राज गुप्ता उर्फ गोल बाबू वरिष्ठ पत्रकार बैजनाथ केसरवानी सहित कौशांबी प्रयागराज प्रतापगढ़ जनपद के तमाम नेता व्यापारी समाजसेवी पूर्व सांसद पूर्व विधायक सहित हजारों लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया है। अनुराग होटल प्रयागराज एवं रत्नेश ज्वैलर्स प्रयागराज के मालिक उत्तरप्रदेश केसरवानी वैश्य सभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री स्वर्गीय ऊधो श्याम केशरवानी पूर्व ब्लॉक प्रमुख मंझनपुर के बड़े बेटे राकेश कुमार के एकलौते बेटे रत्नेश केसरवानी उर्फ रिशु का बुधवार की रात 12 बजे हार्ट अटैक पड़ जाने के कारण परिवार के लोग अस्पताल लेकर गए लेकिन काफी प्रयास के बाद चिकित्सक उसे बचा नहीं सके और पूर्व ब्लाक प्रमुख ऊधो श्याम केशरवानी के पोते रत्नेश केसरवानी उर्फ रिशु उम्र लगभग 45 वर्ष का निधन हो गया है मौत की जानकारी मिलते ही उनके आवास पर रिश्तेदार परिचितों का जमावड़ा लग गया है हर व्यक्ति की आंखें नम है भगवान मृत आत्मा को शांति प्रदान करें मृतक रत्नेश का अंतिम संस्कार प्रयागराज के रसूलाबाद घाट पर किया गया है अंतिम संस्कार में कौशांबी से मंझनपुर के भी सैकड़ो लोगों ने नाम आंखों से श्रद्धांजलि दी है उत्तरप्रदेश केसवानी वैश्य महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष तीरथ राज गुप्ता उर्फ गोल बाबू वरिष्ठ पत्रकार बैजनाथ केसरवानी सहित कौशांबी प्रयागराज प्रतापगढ़ जनपद के तमाम नेता व्यापारी समाजसेवी पूर्व सांसद पूर्व विधायक सहित हजारों लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया है।

# हाईकोर्ट में नहीं हो सकी अफजाल अंसारी मामले की सुनवाई

### मुख्तार के भाई ने चार साल की सजा के खिलाफ अपील की है, सोमवार को अगली हियरिंग

**प्रयागराज।** मुख्तार अंसारी के भाई सांसद अफजाल अंसारी के मामले की सुनवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट में नहीं हो सकी। गुरुवार को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव की वजह से सांसद अफजाल अंसारी की अपील पर सुनवाई टल गई। अफजाल अंसारी ने गैंगस्टर मामले में मिली चार साल की सजा के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपील की हुई है। चार अप्रैल को इस मामले की सुनवाई होनी थी लेकिन बार एसोसिएशन चुनाव के मद्देनजर सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट से मुकदमे की लिस्टिंग में सोमवार का दिन सुनवाई के लिए तय किया है। इस याचिका के साथ भाजपा के पूर्व विधायक कृष्णानंद राय के परिजनों की ओर से दाखिल अर्जी पर भी सुनवाई होनी है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की अदालत कर रहे हैं। दोनों ही मामलों में अंतिम बहस होनी थी लेकिन अदालत में सुनवाई ही नहीं हो सकी। माना जा रहा है कि इस मामलों में अंतिम बहस सोमवार तक हो सकेगी। **29 अप्रैल 2023 को अफजाल को सुनाई थी सजा :** अफजाल अंसारी को गाजीपुर की स्पेशल कोर्ट ने पिछले साल 29 अप्रैल को गैंगस्टर मामले में चार साल की सजा सुनाई थी। चार साल की सजा मिलने की वजह से ही अफजाल अंसारी को जेल जाना पड़ा था और उनकी लोकसभा की सदस्यता निरस्त हो गई थी। हालांकि, बाद में हाईकोर्ट ने अफजाल अंसारी को जमानत पर रिहा करने का आदेश दे दिया था। बाद में अफजाल अंसारी ने सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाई थी तो सजा पर भी सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट से सजा पर रोक लगाए जाने के बाद अफजाल अंसारी की संसद सदस्यता बहाल हो गई।अगर हाईकोर्ट से सजा बहाल होती है या फिर बढ़ाई जाती है तो फिर अफजाल अंसारी की मुश्किलें बढ़ेंगी और वह लोकसभा चुनाव भी नहीं लड़ सकेंगे।

### फर्जी इलेक्ट्रॉनिक चैनल का पत्रकार बताने पर कतिपय युवकों पर फ्राड का मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में इन दिनों फर्जी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का बाढ आ गयी है यह नामी चैनलों का माइक लेकर थानों, सरकारी विभागों में दलाली करते नजर आ जाते हैं। जिससे दलाली उनके घरों की रोजी रोटी चलती है एक मामले में कतिपय युवकों पर जालसाजी फ्राड का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इलेक्ट्रॉनिक मिडिया वेलफेयर क्लब के अध्यक्ष और एक चैनल के ब्यूरो इंचार्ज धीरेन्द्र कुमार का आरोप है कि उनके चैनल से मिलता जुलता माइक बनवा कर फर्जी परिचय पत्र रख कर अपने को उक्त इलेक्ट्रॉनिक मिडिया का मंडल प्रभारी बता कर कतिपय युवक मऊआइमा थाने में गलत कार्यों के लिए अनावश्यक दबाव बनाते हैं। उक्त चैनल के ब्यूरो इन्चार्ज धीरेन्द्र कुमार ने मऊआइमा थाने में राहुल चौधरी और तीन अन्य अज्ञातों के खिलाफ फ्राड, जालस-ाजी का मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



**प्रयागराज।** गुरुवार को क्षेत्रीय अभिलेखागार संस्कृति विभाग प्रयागराज एवं स्वीप प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय अभिलेखागार प्रयागराज कार्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अभिलेखागार, उ0प्र0 राज्य मुद्र विद्यालय (पत्राचार संस्थान) तथा मनोविज्ञानशाला कार्यालय के अधिकारी और प्रवक्ताओं के साथ कर्मचारियों ने कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा स्वीप प्रयागराज के नोडल श्री अनुपम परिहार और टीम द्वारा मतदाता जागरूकता से सम्बन्धित जानकारी साझा करते हुए प्रयागराज में मतदान के प्रति स्वयं तथा अपने आस-पास परिचितों से मतदान बढ़ाने के लिए आवश्यक सुझाव तथा जानकारी प्रदान की गई। श्री रवीन्द्र नाथ उप शिक्षा अधिकारी, पत्राचार संस्थान द्वारा महापर्व के प्रति सभी को योगदान देने के साथ ही अपने परिचितों को भी इस अभियान में जुड़ने का आहवान किया। श्री राकेश कुमार वर्मा क्षेत्रीय अभिलेखागार प्रयागराज द्वारा बताया गया कि मतदान के प्रति स्वयं तथा अन्य सभी लोगो को जागरूक करने की आवश्यकता है। वरिष्ठ लोक कलाकार श्री श्याम बिहारी गौड जी और लोक गायिका प्रतिमा मिश्रा द्वारा अपने गायन के माध्यम से मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया। प्रसिद्ध मुछ नर्तक कलाकार श्री राजेन्द्र तिवारी ह्युदुकान जीह्य ने भी अपने माध्यम से मतदान के इस पर्व में मतदाता रूचि बढ़ाने के लिए अपने परिधान के माध्यम से योगदान दिया। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य जनों को मतदाता शपथ दिलाकर मतदान करने का संकल्प दिलाया गया और मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई। सभी अतिथियों का स्वागत एवम कार्यक्रम का संयोजन श्री राकेश कुमार वर्मा प्राविधिक सहायक क्षेत्रीय अभिलेखागार प्रयागराज द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कवि श्री रत्नेश द्विवेदी, अरविन्द गौतम, पवन सिंह, एच अहमद, प्रियंका यादव, कीर्ति पटेल, रीता यादव, हरिश्चन्द्र दुबे, शैलेन्द्र यादव, विकास यादव, रोशन लाल, शुभम कुमार सहित गणमान्य जनों की उपस्थिति रही।

## न्यूज झरोखा

### सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी पुरस्कार से नवाजे गए रेलवे कर्मी

#### एनसीआर रेलवे मुख्यालय में हुआ पुरस्कार वितरण समारोह



**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के कार्मिक विभाग में अप्रैल माह का सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी एवं सर्वश्रेष्ठ अनुभाग पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी अनुराग त्रिपाठी रहें। समारोह में अप्रैल माह के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी का पुरस्कार अरुणेन्द्र कुमार मुख्य कार्यालय अधीक्षक कैडर (अराज) कार्मिक विभाग को दिया गया। अप्रैल माह के सर्वश्रेष्ठ अनुभाग का पुरस्कार आरपी सेल कार्मिक विभाग मुख्यालय को मिला। इस अनुभाग के मुख्य कार्यालय अधीक्षक रामेश्वर मीना को यह पुरस्कार दिया गया। प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी अनुराग त्रिपाठी ने पिछले वित्तीय वर्ष में कार्मिक विभाग के उत्कृष्ठ कार्यों की सराहना की। उन्होंने मासिक पुरस्कारों को प्रोत्साहन की योजना बताते हुए श्रेष्ठ कार्य करने, पिछले समय से अगले समय में श्रेष्ठता लाने की बात कही। प्रयागराज मंडल ने मालभाड़ा परिवहन में रिकॉर्ड बनाया प्रयागराज मंडल ने मालभाड़ा परिवहन में शानदार प्रदर्शन किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में उपलब्धि हासिल करते हुये 8.042 मिलियन टन की लोडिंग की। यह लोडिंग पिछले वित्तीय वर्ष में हुई लोडिंग 7.80 मिलियन टन के लक्ष्य से 3.1 फीसदी अधिक है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में लोडिंग का यह आंकड़ा 6.808 मिलियन टन था। यानि इस बार 18.12 फीसदी अधिक लोडिंग की गई।

### जैन विद्यालय प्रयाग के छात्रों द्वारा परीक्षा परिणाम अच्छे आने पर किया गया समारोह



**प्रयागराज।** जैन विद्यालय प्रयागराज द्वारा बच्चों के वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती माधुरी जैन ने बताया इस वर्ष बच्चों का अंक 98. 3% रहा। इस विद्यालय में लगभग 400 बच्चे पढ़ते हैं इस मौके पर विद्यालय द्वारा पुरस्कार समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया बच्चों को सम्मानित भी किया गया सम्मान देने वालों ने मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री स्वपनिल जैन सहायक अभियंता विद्युत यांत्रिक नगर निगम प्रयागराज एवं विशिष्ट अतिथि लालमणि त्रिवेदी माध्यमिक शिक्षा के प्रदेश महामंत्री द्वारा बच्चों को सर्वोच्च प्राप्त करने पर प्राइमरी वर्ग में ईशानी शर्मा और जूनियर वर्क में स्नेहा वर्मा के साथ अन्य छात्रों को स्व. चंद्र कुमार जैन स्मृति पुरस्कार, स्व. कृष्ण कुमार जैन स्मृति पुरस्कार ,स्व. प्रेम चंद्र जैन स्मृति पुरस्कार, स्व. लाला दीनानाथ स्मृति पुरस्कार ,स्व. पन्ना लाल जैन स्मृति पुरस्कार,स्व. प्रधानाचार्या सुनीता देवी स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया इस अवसर पर जैन विद्यालय के सदस्य/ कोषाध्यक्ष प्रद्युम्न जैन, प्रधानाचार्या श्रीमती माधुरी जैन,उप प्रधानाचार्या अरुणा मिश्रा,मंत्री श्रीमती मृदुला जैन उप मंत्री अखिलेश चंद्र जैन एवम विद्यालय की अध्यापिकाएं, कर्मचारीगण तथा स्कूल के बच्चें उपस्थित रहे ।

### नैनी में नगर निगम ने करवाई फागिंग

#### अगर हुई फागिंग में लापरवाही तो होगी सख्त कार्यवाही , महापौर



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के समस्त वार्डों में फागिंग हेतु आज महापौर प्रयागराज गणेश केसरवानी द्वारा अरैल मोड़ रुद्रा कॉम्प्लेक्स से फागिंग मशीनों को अपने अपने वार्डों में रवाना किया गया इस अवसर पर माननीय महापौर ने कहा किसी भी वार्ड में फागिंग में लापरवाही होने पर जोनल चीफ और इंस्पेक्टर पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर पार्षद मयंक यादव, पार्षद पवन यादव, पार्षद राकेश जयसवाल, पार्षद रणविजय सिंह, पार्षद अनूप पासी एवम भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता संजय श्रीवास्तव, विवेक अग्रवाल, प्रदीप कुमार तिवारी, सुनील कुशवाहा, धर्मराज पटेल नितिन केसरवानी बब्लू, जे पी यादव, मनीष केसरवानी, अतुल सिंह, एवम क्षेत्र के अनेक नागरिक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से रोजा इफ्तार पार्टी आयोजित



**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से गुरुवार को रोजा इफ्तार पार्टी आयोजित हुई। जिसमें काफी संख्या में बढ़ चढ़कर लोगों ने हिस्सा लिया। रोजा इफ्तार पार्टी में महानगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नवाब खान महानगर महामंत्री सैयद उस्मान हुसैन महानगर उपाध्यक्ष बिलाल अहमद महानगर उपाध्यक्ष फैजान सिद्दीकी महानगर मंत्री इम्तियाज अंसारी गुड्डू महानगर मंत्री मोहम्मद मुजीब जिला कार्यकारिणी वरिष्ठ सदस्य मोहम्मद शरीफ पूर्व उपाध्यक्ष महताब आलम शामिल रहे।

# लोकसभा जीत के लिए युवाओं और महिलाओं ने भरी हुंकार



**नैनी।** नैनी शहर दक्षिणी विधानसभा कार्यालय पर शहर दक्षिणी विधानसभा के महिला मोर्चा एवम युवा मोर्चा की लोकसभा चुनाव के संदर्भ में महत्वपूर्ण बैठक हुई। मुख्य अतिथि के रूप में इलाहाबाद लोकसभा के प्रभारी मनोज जयसवाल ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा आगामी 6 अप्रैल को भाजपा स्थापना दिवस पर सभी मोर्चे अपने मंडलों में अपने कार्यकारिणी की बैठक कर अन्य कार्यक्रम करेंगे। 7 अप्रैल से 11 अप्रैल तक बूथों पर संपर्क कर महिला मोर्च महिलाओं की एवम युवा मोर्चा युवाओं की सूची बनाएंगे। उसके बाद 12 अप्रैल से 20 अप्रैल तक बूथों की बैठक करना है। उन्होंने कहा मोदी जी केवल चार जातियों महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों में विश्वास करते हैं उनके उत्थान में भाजपा की जीत है। आज हर मतदान करने वाला गर्व से कह रहा है कि हम जीत रहे हैं, हर महिला इस जीत में अपनी जीत देख रही है। उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद कर रहा हर युवा इस जीत में अपनी जीत देख रहा है, हर नागरिक जो भारत देखना चाहता है 2047 में एक विकसित राष्ट्र के रूप में इसे अपनी सफलता मान रहे हैं। भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र में महिलाओं को सम्मान दिया है। विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया है। इसका असर आगे होने वाले चुनावों में देखने को मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उनको राजनीति के क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया है, उन्होंने कहा प्रत्येक बूथ पर मतदान करने वाली महिलाओं एवम युवाओं की संख्या 370 तक बढ़ाना हैं। इस मिशन का लक्ष्य सरल हैः हर बूथ पर जीत, चुनाव जीतो। सभी कार्यकर्ता महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए समाज के सभी क्षेत्रों के लोगों से बात करेंगे और उन्हें भाजपा का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष प्रमोद जयसवाल, गिरजेश मिश्रा, आकांक्षा सोनकर प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा, महिला मोर्चा अध्यक्ष शिखा रस्तोगी, युवा मोर्चा अध्यक्ष रोहित पांडेय, महामंत्री अमित गुप्ता उपाध्यक्ष स्मृति श्रीवास्तव, मीरपुर मंडल महिला अध्यक्ष रेखा कनौजिया, युवा मोर्चा शिवार्चन पांडेय, चौक मंडल महिला अध्यक्ष शिखा खन्ना, युवा मोर्चा आकाश चौरसिया, मुठ्ठीगंज मंडल महिला अध्यक्ष स्वाति गुप्ता , युवा मोर्चा लवकुश केसरवानी, कीडगंज मंडल महिला अध्यक्ष आभा भारती,युवा मोर्चा सिद्धार्थ पांडेय, नैनी मंडल महिला अध्यक्ष गीता श्रीवास्तव, युवा मोर्चा रजत दुबे, सोशल मीडिया प्रभारी मधुमिता नाथ समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### उच्च प्राथमिक विद्यालय मुगारी में प्रवेश उत्सव - छात्र सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**करछना।** प्रयागराज विकास खंड करछना के उच्च प्राथमिक विद्यालय मुंगारी में बुधवार को प्रवेश उत्सव एवं छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 8 तक के उत्तीर्ण कर चुके बच्चों का विदाई के साथ सम्मानित किया गया। समस्त छात्राओं को परीक्षा फल अंक पत्र वितरित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि सीडीपीओ अर्चना साहू और कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। संचालन पंकज कुमार श्रीवास्तव ने किया। सर्वप्रथम सरस्वती वंदना की पूजा अर्चना के पश्चात छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना कार्यक्रम प्रारंभ किया गया जिसमें छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि प्रस्तुत किया गया साथ ही उत्कृष्ट छात्रों को सम्मानित किया गया और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ बिदाई दी, कार्यक्रम में शिक्षामित्र के अध्यक्ष सिद्धराज सिंह मंत्री अनंत लाल गंगेश नारायण पांडे जितेंद्र कुमार श्रीमती फरीदा त्रिवेणी शंकर कुसुम देवी रीता जयसवाल शिवप्रसाद शुक्ला अजय सिंह एवं स्कूल के बच्चो समेत बड़ी में अभिभावक शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता जागरूकता को लेकर विकास भवन में की गई बैठक

**प्रयागराज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में जनपद प्रयागराज में दिनांक 25.05.2024 को मतदान सम्पन्न होना है। मतदाता पंजीकरण हेतु विशेष पुनरीक्षण अभियान के अन्तर्गत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न तिथियों के माध्यम से मतदाता पंजीकरण का कार्य कराया गया है। ऐसे अर्ह मतदाता जिनकी आयु 01.04.2024 को अथवा इसके पूर्व 18 वर्ष हो चुकी है और अब तक मतदाता के रूप में पंजीकरण नहीं कराया जा सका है, उन्हें मतदाता के रूप में पंजीकरण कराये जाने एवं आगामी 25 मई 2024 को शतप्रतिशत मतदान किये जाने के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप प्रयागराज के निर्देशन एवं पी0एन0सिंह, जि0वि0नि0/सहायक नोडल अधिकारी स्वीप की अध्यक्षता में दिनांक 04.04.2024 को विकास भवन में जनपद प्रयागराज के व्यापार मण्डल, सिविल डिफेन्स, जिला अपराध निरोधक समिति एवं टैम्पो टैक्सी यूनियन प्रयागराज के प्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न हुयी। मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता जागरूकता हेतु उपस्थित सभी स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुये पीएनसिंह, जिविनि/सहायक नोडल अधिकारी स्वीप ने कहा कि यह लोकतन्त्र का महापर्व है। हम सबको मिलकर जनपद के अर्ह एवं छूटे हुये मतदाताओं का पंजीकरण एवं मतदान तिथि को शतप्रतिशत मतदान किये जाने हेतु जागरूक करना है। चर्चा के क्रम में स्वीप योजना के अन्तर्गत पूर्व से संचालित कार्ययोजना के अतिरिक्त विशेष रूप से व्यापार मण्डल, सिविल डिफेन्स, जिला अपराध निरोधक समिति एवं टैम्पो टैक्सी यूनियन प्रयागराज द्वारा अपने-अपने स्वयं वालेन्टियर को मतदाता जागरूकता हेतु अपने-अपने क्षेत्र में जागरूकता अभियान को गति दिये जाने हेतु प्रेरित किया जाय। चर्चा में जिला विद्यालय निरीक्षक/सहायक नोडल अधिकारी स्वीप द्वारा कहा गया कि व्यापार मण्डल द्वारा अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर मतदाता जागरूकता बैनर एवं क्रेता को दिये जाने वाले बिल के साथ मतदाता जागरूकता हैण्ड बिल दिया जाय तथा सिविल डिफेन्स एवं डीसीपीसी द्वारा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान संचालित कराया जाय। टैम्पो टैक्सी यूनियन द्वारा अपने संगठन के सभी वाहनों पर मतदाता जागरूकता स्लोगन/स्टीकर लगाया जाय। जागरूकता सम्बन्धी कार्यक्रम को व्हाट्सप ग्रुप पर शेयर किया जाय। कार्यक्रम का संचालन राज्य संदर्भ दाता स्वीप डॉ. प्रभाकर त्रिपाठी द्वारा किया गया। बैठक में सुशील खरबन्दा अध्यक्ष व्यापार मण्डल, रघुनाथ द्विवेदी, उपाध्यक्ष टैम्पो टैक्सी यूनियन, अनिल कुमार गुप्ता चीफ वार्डेन सिविल डिफेन्स, संतोष कुमार श्रीवास्तव प्रदेश सचिव/जेल विजिटर डीसीपीसी, रौनक गुप्ता, सार्थी फाउण्डेसन राजेन्द्र तिवारी दुकानजी स्वीप आइकन प्रयागराज सहित स्वीप टीम के सदस्य डॉ.बीएस यादव, डॉ प्रभाकर त्रिपाठी, अनुपम परिहार, श्रीमती एकता शुक्ला, राकेश पाण्डेय, श्री शेष नाथ सिंह, देवेन्द्र सिंह, विजय कुमार, इरशाद अहमद आदि उपस्थित रहे। सभी संगठनों द्वारा जागरूकता हेतु निःशुल्क बैनर, स्टीकर स्लोगन आदि बनवाये जाने पर सहमति व्यक्त की गयी।स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी /नोडल अधिकारी स्वीप का संदेश आकाशवाणी एवं बिग एफएम, एफएम तडका पर रिकार्ड कराया गया।

# अलविदा की नमाज आज, कड़े सुरक्षा इंतजाम

### मस्जिदों में उमड़ेगी भीड़, आखिरी जुमा, शब- कद्र से मुस्लिम इलाके गुलजार

**प्रयागराज।** माहे रमजान माह में पड़ने वाले आखिरी जुमा (शुक्रवार) 5 अप्रैल को अलविदा की नमाज अदा की जाएगी। जुमअतुल विदा की नमाज के मद्?देनजर पूरे शहर में तैयारी की गई है। पाक रमजान के आखिरी अशरे में शबे कद्र और अलविदा के मद्?देनजर मुस्लिम इलाके पूरी रात रोशन हो रहे हैं। अलविदा पर मस्जिदों समेत अन्य इबादतगाहों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ेगी। इसके मद्?देनजर सभी मस्जिदों में जमात के खास इंतजाम हुए हैं। अलविदा के मद्देनजर सुरक्षा इंतजाम भी कड़े किए गए हैं। सड़कों पर नमाज की पाबंदी है, मस्जिदों की छतों, दरगाहों, गलियों आदि में इंतजाम हुए हैं। ऐहतियात मिलीजुली आबादी वाले इलाकों में फोर्स की तैनाती की गई है। सुरक्षा के मद्देनजर मस्जिदों, मदरसों, दरगाहों के आसपास पुलिस की तैनाती है। अलविदा को छोटी ईद माना जाता है ऐसे में शहर के करेली, अटाला, रसूलपुर, रोशनबाग, नूरुल्ला रोड, अकबरपुर, नखासकोहना, रानीमंडी, दरियाबाद, बहादुरगंज, शाहगंज, सब्जीमंडी समेत अन्य इलाकों में अलविदा के साथ ईद की तैयारियों में रौशनी जगमगा रही है।मस्जिदों में इफ्तार का इंतजाम अलविदा के मौके पर ज्यादातर मस्जिदों में इफ्तार का इंतजाम भी किया गया है। इसके अलावा कई संगठनों ने गेस्ट हाउस और मोहल्लों में इफ्तार का इंतजाम किया है। चौक की ऐतिहासिक जामा मस्जिद में अलविदा की नमाज के लिए मस्जिद की छत पर भी टेंट लगाए गए हैं। जामा मस्जिद की इंतजामिया कमेटी ने अन्य मस्जिदों में नमाज अदा करने की गुजारिश की है। जुमे की नमाज के बाद शहर की सड़कों पर काफी भीड़ होती है, इसके मद्देनजर पुलिस ने गश्त कर इंतजाम किया है।

**अलविदा और शबे कद्र, पूरी रात इबादत :** अलविदा जुमा के साथ शबे कद्र की रात की वजह से मुस्लिम इलाके पूरी रात रोशन हो रहे हैं। दिनभर रोजा, शाम को इफ्तार के बाद मस्जिदों और घरों में लोग इबादत को बैठ जा रहे हैं। रातभर कुरआन की तिलावत चल रही है नफिल नमाज अदा कर दुआएं मांगी गई जा रही हैं। शबे कद्र की वजह से बहुत सारे इलाकों में रातभर चहल पहल हो रही है।

### जमीन के नाम पर लिया रुपया अब दे रहा है जान से मारने की धमकी, तहरीर

**सोरांव।** इलाके के इस्माइलपुर निवासी सुखदेव पुत्र अंगनू 2017 में अपनी जमीन बेचने के लिए निर्मला देवी पत्नी अशोक कुमार निवासिनी मोरहू थाना फाफामऊ से एक लाख रुपए बतौर बयाना लिया था। आरोप है कि अब जब पीड़िता जमीन का बैनामा करने के लिए कहती है तो उससे मारपीट व जान से मारने की धमकी दे रहा है। मामले में पीड़िता ने सोरांव थाने पर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। निर्मला देवी पत्नी अशोक कुमार का आरोप है कि सुखदेव पुत्र अंगनू अपनी भूमिधरी भूमि जो की तीस हजार रुपए प्रति विश्वा के हिसाब से तय किया था। रकबा 0.0667 वर्ग मीटर जमीन का कुल 165000 में तय हुआ था। तथा एक लाख रुपए बतौर बयाना भी गांव के संभ्रांत लोगों के सामने दे दिया था। अब जब प्रार्थिनी जमीन का बैनामा करने के लिए कहती है तो आरोप है कि आरोपी जमीन का बैनामा भी नहीं कर रहा है तथा पीड़िता का पैसा भी वापस नहीं कर रहा है। इतना ही नहीं आरोपी जान से मारने की धमकी तथा गाली गलौज पर अमादा फसाद है। जिससे प्राथीर्नी व प्रार्थिनी का परिवार बहुत डरा सहमा है मामले में प्रार्थिनी ने बृहस्पतिवार को सोरांव थाने पर मुकदमा दर्ज करने के लिए शिकायती पत्र दिया है।




# विशिष्ट वात्सल्य पब्लिक स्कूल में राजकीय बाल गृह शिशु प्रयागराज में आवासित बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए हुआ एडमिशन

**प्रयागराज।** राजकीय बाल गृह शिशु प्रयागराज में आवासित बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए एलकेजी से कक्षा पाँच के मध्य विभिन्न कक्षाओं में 12 बच्चों का नामांकन विशिष्ट वात्सल्य पब्लिक स्कूल सिविल लाइन्स में कराया गया है।स्कूल जाने वाले सभी बच्चों को माननीय न्यायमूर्ति अजय भनोट एवं उनकी पत्नी द्वारा तिलक लगाकर भविष्य हेतु मंगल कामनाओं के साथ खुल्दाबाद स्थित बाल गृह परिसर से उनके स्कूली वाहन को हरी झंड़ी दिखाकर पुष्प वर्षा के साथ रवाना किया गया। बच्चें नई किताबों, नये स्कूल परिधानों और नई उमंग के साथ स्कूल जाने के लिए काफी उत्साहित दिखे।माननीय न्यायमूर्ति व उपस्थित अधिकारीगणों द्वारा इस अवसर पर पठन-पाठन सामाग्री और उपहार देकर उनको प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रयागराज सर्वजीत सिंह जी द्वारा बताया गया की 12 बच्चों के अतिरिक्त 06 वर्ष से कम उम्र के कुल 07 बच्चें खुल्दाबाद स्थित आगंनबाड़ी केन्द्र में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसी प्रकार प्रदेश के सभी बाल गृहों से कुल 472 निराश्रित बच्चों का नामांकन शैक्षणिक सत्र 2024-25 में विद्यालयों में कराया गया है। जिसमें 275 लड़के व 197 लड़कियां शामिल हैं। यह कार्य किशोर न्याय समिति, माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पर्यवेक्षण में शासन के निदेर्शानुसार पूरे प्रदेश के समस्त राजकीय बाल गृहों में संचालित किया जा रहा है।कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी प्रयागराज नवनीत चहल, ज्वाईन्ट रजिस्ट्रार माननीय उच्च न्यायालय दिवाकर द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज गौरव कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रयागराज सर्वजीत सिंह व समस्त अधीक्षक, कर्मचारी और शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# डीआईओएस ने प्रधानाचार्यों को संचारी रोग से बचाव की गूगल मीट से दी जानकारी

## मतदाता जागरुकता अभियान में शत-प्रतिशत मतदान की अपील

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उप शिक्षा निदेशक/जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ सरदार सिंह की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत संचारी रोगों से बचाव और नियंत्रण एवम् मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत की जाने वाली कार्यवाही हेतु माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी कार्ययोजना की समीक्षा बैठक गूगल मीट के माध्यम से प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह, अभिषेक चैधरी व राजेश पाल के संयोजन में की गई।

उप शिक्षा निदेशक/जिला विद्यालय निरीक्षक ने अपने उद्बोधन में समस्त संस्था प्रधानों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी संस्था प्रधान संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संबंध में माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी कार्ययोजना का क्रियान्वयन कराएं तथा संचारी रोगों से बचाव व नियंत्रण के संबंध में स्टाफ और विद्यार्थियों को जागरूक करें। मतदाता जागरूकता अभियान के संबंध में उन्होंने सभी संस्था प्रधानों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन लोकसभा क्षेत्र कौशांबी(आंशिक) में 20 मई 2024 को और लोकसभा क्षेत्र प्रतापगढ़ में



गूगल मीट से बैठक करते डीआईओएस डा0 सरदार सिंह।

25 मई 2024 को संपन्न होगा। आगामी चुनाव में जनपद में मतदान का लक्ष्य शत प्रतिशत मतदान कराने का लेकर हमें चलना है। इसके लिए मतदाताओं को जागरूक करना है। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत सभी स्टाफ और विद्यार्थियों को जागरूक करना है और उन्हें प्रेरित करना है कि वे अपने परिवार, रिश्तेदार व पास पड़ोस के लोगों को आगामी चुनाव में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य प्राप्त करने में योगदान करें। स्वयं भी मतदान करें और दूसरों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें। सभी संस्था प्रधान मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जारी कार्ययोजना का अनुपालन कराएं तथा उसकी सूचना फोटो/वीडियोग्राफ सहित कार्यालय में प्रतिदिन उपलब्ध कराएं। मतदाता जागरूकता से संबंधित चुनाव का पर्व देश का गर्व आदि लिखित बैनर बनवाकर संस्था के मुख्य स्थान पर लगाएं और उसकी फोटो भी भेंजे.इस अवसर पर प्रधानाचार्य आजाद अहमद, डॉ एससी शुक्ला, फादर आनंद के0वी जॉन, रामप्रकाश, जितेंद्र कुमार, कृपा शंकर, विकास सिंह, योगेश कुमार सिंह, प्रतीक कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग से यूनिसेफ के डॉ वकील, डीएमओ केपी द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

# प्रबन्ध प्रशिक्षण में प्रवेश के लिये 10 अप्रैल तक करें आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय के अधीन संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र के प्रशिक्षण सत्र 2024-25 में निःशुल्क एक वर्षीय कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थी आवेदन 10 अप्रैल 2024 तक जमा कर सकते हैं। प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल में अंग्रेजी एक विषय सहित इण्टरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं आयु सीमा 18 से 35 वर्ष, छूट नियमानुसार (01.04.2024) होनी चाहिये। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान, सामान्य गणित व तर्कशक्ति आदि विषयों का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा विभिन्न चयन आयोगों द्वारा आयोजित एक दिवसीय प्रतियोगी यथा रेलवे, बैकिंग, कर्मचारी चयन आयोग, समूह-ग, समीक्षा अधिकारी, बी0एड0, पी0ई0टी0, टी0ई0टी0 इत्यादि की तैयारी करायी जायेगी। इच्छुक पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन समस्त प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित फोटो कापी एवं एक फोटो के साथ विलम्बतम 10 अप्रैल तक जिला सेवायोजन कार्यालय प्रांगण में किसी भी कार्य दिवस में जमाकर सकते हैं।



ईदगाह में साफ-सफाई करते नगर पालिका कर्मचारी।

# ईदगाह की सफाई में जुटी नगर पालिका

## ईद पर नमाजियों की ज्यादा भीड़ रहती है ईदगाह में

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ईद की तैयारी में नगर पालिका जुट गई है। संभावित ईद 10 अप्रैल या 11 अप्रैल को होगी। नमाजियों की सबसे ज्यादा भीड़ ईदगाह में ही होती है। यहां आज नगर पालिका के 40 सफाई कर्मचारी झाड़ू व हत्था ठेला लेकर सफाई करते देखे गये। बता दें कि ईदगाह में कई हजार लोग एक साथ ईद की नमाज अदा करते हैं और यहां मेला भी लगता है। यहां प्रशासन के लोग भी मौजूद रहते हैं। इसे देखते हुए नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह के निर्देश पर आज महिला व पुरुष सफाई कर्मी झाड़ू व हत्था ठेला लेकर सफाई में जुट गई। इस बारे में नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को ट्रैक्टर ट्राली लगाकर पत्तियों को हटाया जाएगा। अभी ईद में लगभग एक सप्ताह का समय बाकी है, तब तक ईदगाह को साफ-सुथरा करने की योजना नगर पालिका ने बनाई है।

# ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से मृत छात्र के शव का हुआ अंतिम संस्कार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तेज गति से जा रहे ट्रैक्टर की ट्राली की चपेट में आने से छात्र की हुई मौत की घटना को लेकर दूसरे दिन गुरूवार को भी परिवार के लोग बदहवाश दिखे। वहीं पीएम के बाद मासूम छात्र का शव घर लाया गया तो कोहराम मच गया। परिजनों ने मानिकपुर में मृत छात्र के शव को दफन कर दिया। इधर बेटे की मौत के गम में बेसुध मां की हालत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया। हालांकि कुछ देर बाद हालत में सुधार होने पर चिकित्सकों ने उसे घर भेज दिया। इधर पुलिस टैक्ट्रर चालक की तलाश में जुटी हैं। लालगंज कोतवाली के असैनापुर निवासी बारह वर्षीय शुभ पुत्र स्व. राजमणि मिश्र यमुना प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वर्मा नगर में कक्षा पांच का छात्र था। बुधवार को सुबह साइकिल से स्कूल जाते समय वर्मा नगर चैराहे के समीप टैक्ट्रर की ट्राली की चपेट में आने से उसकी दर्दनाक मौत हो गयी थी। प्रभारी निरीक्षक विजयकांत सत्यार्थी का कहना है कि मामले में टैक्ट्रर चालक की तलाश की जा रही है, शीघ्र ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# युवाओं तथा किसानों से छलावा की कीमत चुकाएगी भाजपाः प्रमोद तिवारी

## इण्डिया गठबंधन का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर गुरूवार को इण्डिया गठबंधन से जुडे कांग्रेस तथा सपा कार्यकर्ताओं का संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार हर मोर्चे पर अपनी विफलता के कारण पूरी तरह सत्ता खोने के भय में आ गयी है।




कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी।

वहीं विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र में मौजूदा भाजपा सांसद को भी सम्मेलन के जरिए जमकर निशाने पर लिया। उन्होने कहा कि भाजपा सांसद ने रामपुर खास के साथ सिर्फ सौतेला व्यवहार ही नही किया बल्कि रामपुर खास में उनके तथा विधायक मोना के प्रयास से स्वीकृत होने वाली विकास योजनाओं में कदम कदम पर अड़ंगा लगाया। वहीं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार ने मंहगाई के साथ अर्थव्यवस्था को पूरी तरह चैपट कर रखा है। संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डा. नीरज त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं के साथ गठबंधन प्रत्याशी एसपी सिंह पटेल की जीत सुनिश्चित बनाये जाने में कारगर संघर्ष का ऐलान किया। वहीं सपा के जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी व पूर्व जिलाध्यक्ष भइयाराम पटेल ने भी सपा के संघर्ष को आगे बढ़ाने का एजेण्डा रखा। सम्मेलन को कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, पीसीसी सदस्य डॉ. प्रशान्तदेव शुक्ल, जिपंस रामसुन्दर पटेल, सपा नेता टीपी यादव, प्रवीण द्विवेदी ने भी अपने संबोधन में इण्डिया गठबंधन की नीतियों का बखान किया।

# प्रतिभाओं को मिला सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाज के जरूरतमंद छात्रों की शिक्षा के साथ उनके लिए हर तरह से सहयोग को तत्पर बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप यानि बीबीएफजी ने पढ़ाई में अव्वल आए छात्रों को सम्मानित किया। भंगवा गांव स्थित ग्रुप के फ्री स्टडी सेंटर पर गुरुवार को।आयोजित प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में लाजू विश्वकर्मा, मुस्कान, रिया, नैतिक प्रजापति को पढ़ाई, दूसरों की मदद करने के साथ साथ खेलकूद और आपसी भाईचारा बढ़ाने में सराहनीय योगदान के लिए उन्हें मेडल, पानी की बोतल, प्रमाणपत्र, स्टेशनरी, पर्स इत्यादि से प्रिंसिपल शनि द्वारा सम्मानित किया गया। ये छात्र (सभी कलास आठ) स्टडी सेंटर के टॉपर भी हैं। इस मौके पर दामिनी, मानसी, पीयूश और स्मिता मौजूद थी।

# रोशनलाल नॉर्थ मल्टीपल में अपने अग्रणीय सेवा कार्य के लिए हुए सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल नॉर्थ मल्टीप्ल सम्मेलन लखनऊ में संपन्न हुआ, जिसमें प्रतापगढ़ के समाजसेवी एलायंस क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य को नॉर्थ मल्टीप्ल में अपने सेवा कार्यों के लिए अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

नॉर्थ मल्टीप्ल की चेयरमैन ममता भटनागर, सेक्रेटरी डी0एम0 भटनागर ने यह अवार्ड समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य को प्रदान किया। इसकी जानकारी होने पर डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न ने रोशनलाल को बधाई देते हुए कहा कि समाजसेवा हर दिन अपने सेवा कार्य से रोशनलाल ने एक मुकाम हासिल



रोशनलाल को सम्मानित करते क्लब के पदाधिकारी।

किया है। वे हर समय पर गरीबों असहायो के साथ ही वृद्धाश्रम, दिव्यांग बच्चों आदि की सेवा में तात्पर्य दिखाई देते हैं। एक और अवार्ड पाकर रोशनलाल उमरवैश्य के मुकुट में एक और नाग जुड़ गया है। इस अवसर पर विनय श्रीवास्तव, राजेश सिंह, संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, राजीव कुमार आर्य, शाहिदा खान, पूनम गुप्ता, अर्चना खंडेलवाल, रेखा उमरवैश्य, ज्योति खंडेलवाल, सुधा अग्रवाल, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, विवेक कुमार आदि ने बधाई दी।



डा0 नीरज त्रिपाठी का स्वागत करते कांग्रेसी।

# नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डा0 नीरज त्रिपाठी का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी का आज यहां कांग्रेस जनों ने माला पहना कर व एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी ने महासचिव प्रियंका गांधी, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राज्यसभा सांसद व उपनेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी, व आराधना मिश्रा मोना का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद में बूथ से लेकर ब्लॉक व जिला तक संगठन को मजबूत करने का संकल्प लेता हूँ और पूरे मनोयोग से काम करूंगा। इस अवसर पर डा0वी0के0सिंह, जिलाध्यक्ष सेवादल महेंद्र शुक्ल, पीसीसी सदस्य डॉ0 प्रशांत देव शुक्ल, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, प्रेम शंकर दिवेदी, मकरंद शुक्ल, विजय शंकर तिवारी, सुरेश मिश्र, रामू पांडेय, इम्तियाज, विश्वास सिंह, सलमान, उत्सव भूषण, विकास शुक्ल, प्रभा शंकर, सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# महिला की पिटाई पर दो के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सरसों का बोझ हटाने के विवाद को लेकर पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ गालीगलौज व मारपीट तथा धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के नया का पुरवा बेलहा गांव की प्रीती गौड़ पत्नी रामचन्द्र गौड़ ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि सरसों का बोझ हटाने के विवाद को लेकर दो अप्रैल की शाम गांव के पुनीत गौड व उनकी पत्नी सोनाली गालीगलौज करने लगी। मना करने पर आरोपियों ने मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# चोरी करते हुए युवकों को ग्रामीणों ने दबोचा

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के रेवली मोड़ चैराहे पर बुधवार की रात चोरी कर रहे युवकों को आस-पास के ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। बता दें कि थाना क्षेत्र के रेवली मोड़ चैराहे पे आये दिन चोरी की घटनाएं घट रही थी। क्षेत्र में मोबाइल चोरी, नल चोरी, बाइक चोरी की घटनाएं आये दिन घट रहीं थी। इन घटनाओं को देखते हुए स्थानीय लोगों ने नजर रखना शुरू कर दिया। परिणाम स्वरूप रेवली मोड़ चैराहे पर चोरी कर रहे युवकों को लोगों ने रंगे हाथों पकड़ लिया।

# कौशाम्बी में एनडीए का प्रत्याशी घोषित न करने से उहा पोह की हालत

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश की कौशाम्बी लोकसभा पर भाजपा का उम्मीदवार न घोषित होने से इस लोकसभा के भाजपा के समर्थक जहाँ उहा पोह की हालत मे हैं वहीं किसी भी पार्टी के सामने इस सीट को जीतना हमेशा से चुनौती पूर्ण रहा है। राजा भैया को नजर अंदाज करके इस सीट पर चुनाव लड़ने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

**कहीं राजा भैया की वजह से तो नहीं अटकी है यह सीट**

लोकसभा मे 400 सीट जीतने के नारे के साथ चुनावी रण मे उतर कर भाजपा के सामने भी सशक्त चुनौती के रूप मे देखा जा रहा है। सूत्र भी यही बता रहे है की भाजपा के अंदर भी राजा भैया के नाम पर दो फाड़ वाली हालत से इंकार नही किया जा सकता क्यू की इस सीट पर जीत आसान नही कही जा सकती। हालांकि बीते दो चुनाव मे भाजपा ने यहाँ जीत दर्ज करायी है लेकिन इस बार के हालात पहले से भिन्न नजर आ रही है। शायद यही कारण है की सत्ताधारी भाजपा इस सीट पर चुप्पी साधे हुए है। बताते चलें की एक बार यहाँ समाजवादी पार्टी भी जीत दर्ज करवा चुकी है लेकिन तब राजा भैया यहां सपा के खेवनहार बने थे तभी जीत संभव हो पायी थी। बीते चुनाव मे राजा भैया की ना गठित पार्टी जनसत्ता दल ने यहाँ जोरदार उपस्थिति दर्ज करायी थी। यहां से जीते भाजपा सांसद इस बार अपने ही पार्टी के लोगों की नाराजगी झेलना पड़ रहा है। कभी उनका दाहिना हाथ माने जाने वाले उनके ही सामने ताल ठोंक कर मैदान मे आ चुके है और निश्चित ही वो भाजपा सांसद को न सिर्फ टिकट पाने मे प्रतियोगिता बढ़ा दिये है अपितु उनकी ही बिरादरी के लोग भी बड़ी संख्या मे उनके सामने असंतोष जनक माहौल भी पैदा कर दिये है। वहीं सांसद विनोद सोनकर के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय का कहना है कि एनडीए की यह सीट एक सप्ताह में घोषित हो सकती है।

# पूर्व कोतवाल पट्टी अर्जुन सिंह के साथ हमले के वांछित की फोटो हो रही वायरल

## कोतवाली पुलिस गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करने में हो रही है नाकाम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली पुलिस कार्यों में कर रही है लापरवाही जानलेवा हमले के आरोपी के साथ होली के दिन पुलिस कर्मियों के साथ फोटो चर्चा में आ गई है। आरोपी की फोटो सोशल मीडिया के कई प्लेटफार्म पर वायरल हो रही है। आरोपी पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित परिवार डरा सहमा हुआ है। पीड़ित परिवार ने पुलिस के आलाधिकारी से जानमाल सुरक्षा की गुहार लगायी है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के असुढी. गांव निवासी अंजनी प्रताप सिंह ने पुलिस के आलाधिकारियों से शिकायत की है कि असुढी. चरैया गांव का रहने वाला अंकित सिंह पट्टी थाने में दर्ज जानलेवा हमले के मामले में वांछित है। शिकायत मिलने पर सीओ पट्टी ने भी उसे कार्यालय में उपस्थित करने के लिए कोतवाल को पत्र लिखा था। आरोपी की फोटो पुलिस के साथ होली के मौके पर सोशल मीडिया के कई प्लेटफार्म पर जमकर वायरल हो रही है। जिसमें आरोपी पूर्व कोतवाल अर्जुन सिंह के साथ होली खेल रहा है। फिलहाल स्वतंत्र चेतना समाचार पत्र वायरल फोटो को प्रमाणित नहीं करता है। इसके बावजूद भी पट्टी पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर रही है। शायद पुलिस किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रही है। पीड़ित ने बताया कि आरोपी मेरे परिवार के साथ कभी भी गंभीर घटना को अंजाम दे सकते हैं। इस गंभीर मामले में पुलिस के आल्हा अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। और पुलिस आरोपी को संरक्षण देने का काम कर रही है। शिकायत पुलिस के आलाधिकारियों से करने बावजूद भी नहीं कर रही है। इह मामले में कोतवाल पट्टी आलोक कुमार से बात की गयीं तो उन्होंने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है जल्द ही आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# श्रीराम कथा समापन के बाद हवन पूजन में जुटे श्रद्धालु, लोकमंगल की हुई कामना

## कन्या भोज में सैकड़ो कन्याओं को कराया गया भोजन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाबा नर्वदेश्वर धाम सगरा सुंदरपुर परिसर में चल रही श्रीराम कथा के समापन के बाद हवन पूजन व कन्या भोज का आयोजन किया गया। जिसमें इलाके से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने हवन पूजन कर सुख समृद्धि की मंगलकामना किया।

वहीं कन्या भोज में सैकडो की संख्या में कन्याओं को भोजन कराया गया। इससे पूर्व कथावाचक वृन्दावन धाम से पधारीं ज्योति किशोरी ने कहा कि श्रीराम नाम में समस्त संतापों के हरण की शक्ति निहित है। सच्चे मन से जो भक्त भगवान श्रीराम की भक्ति में लीन रहता है उसकी मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक समाजसेवी संजय शुक्ल ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया। संयोजक राजेन्द्र मिश्र व सह संयोजक उमेश तिवारी ने श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन रत्नाकर तिवारी, दिप्पू ने किया। इस मौके पर उदयराज तिवारी, सोनू तिवारी, प्रदीप तिवारी, ज्ञानचंद्र मिश्र, हरिश्चंद्र शुक्ल, शिवशंकर शुक्ल, श्यामशंकर पाण्डेय, सूर्यकान्त तिवारी आदि रहे।

# अवैध गांजा के साथ पुलिस ने तस्कर को दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ पुलिस ने अवैध नशे के कारोबारी के खिलाफ की बड़ी कारवाई मे पुलिस ने एक किलो 200 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। संग्रामगढ थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह के निर्देश पर उपनिरीक्षक अमित सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ लोकसभा के चुनाव को देखते हुए संदिग्ध वाहनों की चेकिंग अभियान के दौरान प्रभारी निरीक्षक को मुखबिर ने सूचना दी कि थाना क्षेत्र के गोदाही चैराहे के पास एक व्यक्ति अवैध तरीके से गांजा बेच रहा है सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और अवैध गांजा सहित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस के पूछने पर अभियुक्त ने अपना नाम राजेंद्र यादव पुत्र स्व संतराम बताया पुलिस ने लिखा पढ़ी करके अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया।

# चिकित्सालयों/नैदानिक स्थापनों के संचालक कराएं नवीनीकरणः सीएमओ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला ने बताया गया है कि जनपद के 50 या उससे अधिक शैय्या के संचालित चिकित्सालयों एवं नैदानिक स्थापनों के रजिस्ट्रीकरण हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण का गठन किया गया है। शासनादेश के अनुरूप निर्दिष्अ व्यवस्था के अन्तर्गत पंजीकृत 50 शैय्या उससे अधिक शैय्या के चिकित्सालयों/नैदानिक स्थापनों के पंजीकरण की वैद्यता उनके पंजीकरण तिथि से एक वर्ष की समय सीमा समाप्त होने के उपरान्त स्वतः ही समाप्त हो जायेगी और ऐसी सभी नैदानिक स्थापनों को उक्त तिथि से पूर्व अपने नवीनीकरण द क्लीनिकल इस्टाबलिशमेन्ट (रजिस्ट्रेशन एण्ड रेगुलेशन) एक्ट 2010 के अन्तर्गत कराना आवश्यक होगा। साथ ही साथ यह भी अवगत कराया है कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) पोर्टल पर जाकर अपने एचएफआर (हेल्थ फेसीलिटी रजिस्ट्री) तथा एचपीआर (हेल्थ प्रोफेशनल्स रजिस्ट्री) का रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करें क्योंकि यह व्यवस्था वर्ष 2024 के नवीनीकरण हेतु अनिवार्य हो गयी है।

उन्होंने जनपद के समस्त सम्बन्धित चिकित्सालयों/नैदानिक स्थापनों के संचालक से कहा है कि शीघ्र अतिशीघ्र निर्देशों के अनुरूप विभागीय वेबसाइट पर आनलाइन पंजीकरण/नवीनीकरण करते हुये प्रारूप के अनुसार समस्त आवश्यक अभिलेख मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में उपलब्ध करायें। साथ ही उत्तर प्रदेश द क्लीनिकल इस्टाबलिशमेन्ट (रजिस्ट्रेशन एण्ड रेगुलेशन) रूल्स 2016 की धारा 28 (डिस्प्ले ऑफ इनफारमेशन) जो नैदानिक स्थापना के गेट के पास डिस्प्ले किया गया है की सूचना अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें।

# बोट द्वारा बालू निकासी करने गए अधेड़ की बोट से फिसल कर मौत परिवार में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** सरांयअकिल थाने के पिपरहटा गांव के सामने यमुना नदी में अवैध बालू निकासी करने गए एक अधेड़ बोट से फिसलकर एक मांझी गहरे पानी में समा गया। जिससे उसकी मौत हो गई। अधेड़ व्यक्ति के पानी में गिरने से साथी मांझियों में हडकंप मच गया। कई घंटे के बाद शव पानी में उतराने पर साथी मांझियों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अधेड़ की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। किस बालू माफिया के द्वारा आधी रात को एनजीटी के नियम के विरुद्ध यमुना नदी के जलधारा से बालू की निकासी कराए जाने के लिए अधेड़ को बुलाया गया था यदि इस मामले में पुलिस ने जांच कराई तो बालू माफियाओं पर कठोर कार्रवाई होना तय है लेकिन लापरवाह खनन अधिकारी के चलते आधी रात का खनन नहीं बंद हो रहा है स्थानीय पुलिस की भी भूमिका आधी रात के खनन में सवालों के घेरे में है बालू माफियाओं के बढ़ते प्रभाव के कारण खनन अधिकारी और स्थानीय पुलिस नत मस्तक दिखाई पड़ रही है। जानकारी के मुताबिक पिपरी थाने के उमरवल गांव निवासी रहीस निषाद उम्र 55 वर्ष पुत्र स्वर्गीय मसुरियादीन निषाद मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। इस समय वह नाव पर रहकर अवैध तरीके से निकल रही यमुना नदी में बालू बोट द्वारा निकासी में लगा है बालू माफिया नियमों के विरुद्ध यमुना नदी से आधी रात को खनन कराते हैं जिसमें नाविक की मदद लेते हैं अधेड़ व्यक्ति बुधवार को वह साथी मांझियों के साथ बोट से बालू की निकासी करने के लिए सरांयअकिल थाने के पिपरहटा घाट पर यमुना नदी के बीच धारा में गया था। परखी से बालू निकालते समय अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में समा गया। रहीस के पानी में गिरते ही साथी मांझियों में हड़कंप मच गया। काफी देर तक मांझी जाल लगाकर उसके शव को खोजते रहे। कई घंटे के बाद रहीस का शव पानी में उतराता दिखा। शव पानी में उतराता देख साथी मांझियों ने घटना की जानकारी परिजनों के साथ-साथ पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अधेड़ की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

### आधी रात को बालू माफिया यमुना नदी से बालू खनन में नाविक की लेते हैं मदद



# नाबालिग लड़की को भगा ले जाने वाले आरोपी को कोर्ट ने सुनाई 07 साल कारावास की सजा




दोषी पर लगाया 9 हजार का अर्थदंड दूसरे आरोपी को 6 माह की सजा और 4 हजार अर्थदंड

**कौशाम्बी।** जिले के मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र से लगभग 6 वर्ष पूर्व नाबालिग लड़की को भगा ले जाने वाले आरोपी को कोर्ट ने 07 साल कारावास की सजा सुनाई है,कोर्ट ने आरोपी पर 9 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है,वही लड़की को भगाने में सहयोग करने वाले साथी को भी कोर्ट ने 6 माह की सजा सुनाई है वही 4 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। मंझनपुर कोतवाली में 18.06.2018 को नाबालिक लड़की को भगा ले जाने के सम्बन्ध में मु0अ0स0 267/18 धारा 363/366 भादवि पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्य के आधार पर धारा 376 (2) क भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट की वृद्धि करते हुये आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया था मुकदमे से सम्बन्धित आरोपियों फिरोज उर्फ अंगूर अली पुत्र नफीस अहमद और फैजान पुत्र मोइद अहमद निवासी मवई केवट कोतवाली मंझनपुर को न्यायालय स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट ने अभियुक्त फिरोज को 07 वर्ष कठोर कारावास व 9,000/- रू0 के अर्थ दण्ड से दण्डित किया है तथा अभियुक्त फैजान को 06 माह कारावास की सजा व 4000/- रू० के अर्थ दण्ड की सजा सुनाई है। अर्थ दण्ड न अदा करने पर अतरिक्त कारावास की सजा सुनायी है।

## न्यूज झरोखा

### लाखों रुपए की नगदी 2 लाख का जेवर लेकर घूम रही विक्षिप्त महिला को पुलिस ले गई थाने

**पुलिस के काफी प्रयास के बाद महिला के बारे में नहीं मिल सकी है कोई जानकारी**



**कौशाम्बी।** जिले के पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में ग्रामीणों ने एक महिला को बुधवार की रात संदिग्ध हालत में भटकते हुए देखा,ग्रामीणों ने महिला को बुलाकर जांच की तो उसके पास से लाखों की नगदी सहित कीमती जेवरात पाए गए। उसका पागलों जैसा व्यवहार देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी,ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस उसे पूछताछ के लिए थाना ले गई। लेकिन यह पता नहीं चल सका कि नगदी व जेवरात के साथ भटकती हुई यह महिला कौन है और कहां से आई है। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दानपुर मेला मैदान के पास बुधवार को रात को लगभग 8 बजे संदिग्ध हालत में भटकती हुई 50 वर्षीय एक महिला देखी गई। महिला के विक्षिप्तों जैसा व्यवहार देख बच्चे उसे परेशान करने लगे। इस दौरान उसके पास मौजूद थैले से नोट की गड्डी आचनक गिर गई। ग्रामीणों ने जब उसके झोले की तलाशी ली तो 1 लाख 20 हजार की नगदी सहित लगभग 2 लाख के ऊपर के सोने, चांदी के जेवरात मिले। इनमें सोने का ब्रेसलेट, मंगलसूत्र, कंगन सहित चांदी के कई आभूषण थे।लेकिन महिला का व्यवहार देख लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाए उठने लगीं।ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी,सूचना पर पहुचीं पुलिस ने महिला से पूछताछ के तमाम प्रयास किए लेकिन वह बेतरतीब जबाब ही देती रही। अंत में पुलिस उसे थाने ले गई। महिला कौन है, कहा से आई है? देर रात तक यह पता नहीं लगाया जा सका था।इस मामले में पश्चिम शरीरा थाना प्रभारी धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस महिला को थाना परिसर ले आई है। उसके पास से नगदी और आभूषण मिले हैं। महिला की पहचान कराए जाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिल सकी है।

### चोरों ने दो घरों में सेंधमारी कर की लाखो की चोरी



**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने दीवाल में सेंधमारी कर दो घरों में लाखो की चोरी कर ली है सुबह परिजनों ने दीवाल कटी हुई देखी तो हड़कंप मच गया,चोरी की सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने चोरी की घटना की जांच शुरू कर दी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के शमशाबाद चौकी अंतर्गत ग्राम चकिया मलाक पिजरी गांव में बीती रात दो घरों में सेंध मार कर चोरो ने चोरी की है, चोरों ने नरेंद्र सिंह पुत्र मोहनलाल सिंह के घर पर दीवाल कटकर चोरी की है,यहां बीते 15 अक्टूबर 2023 को लगभग 25 लाख की चोरी हुई थी जिसका आज तक खुलासा नहीं हुआ है इसके बाद बुधवार की रात में दोबारा दो घरों में चोरी होने से गांव में दहशत का माहौल है। वही गांव के ही चुन्नीलाल पुत्र शंकर सरोज के घर में भी बुधवार की रात चोरों ने सेंध काट कर लाखो की चोरी कर ली है।चोर चुन्नी लाल के घर से चांदी का छगल, बिछुआ व सोने की लॉकेट, स्टील की टंकी, बर्तन आदि ले गए हैं, चुन्नीलाल ने बताया कि विगत 8 दिसंबर को मेरी बिटिया गुड़िया देवी की गोद भराई थी उसी का सामान रखा हुआ था जिसे चोर चोरी कर ले गए है।वही पुलिस और फोरेंसिक जांच टीम ने चोरी की घटना की जांच शुरू कर दी है।

### आर्य समाज पदाधिकारियों ने निकाली धूमधाम से शोभायात्रा



**अझुवा कौशाम्बी** आर्य समाज अझुवा के पदाधिकारियों ने 98 वें वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में आज गुरुवार को नगर पंचायत अझुवा के प्रमुख मार्गों से होकर बड़े धूमधाम से शोभा यात्रा निकाली है शोभा यात्रा सब्जी मंडी कार्यक्रम स्थल से होकर शायरी माता, लाई मंडी,भोला चौराहा ,राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए किराना गली से वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची है शोभा यात्रा के दौरान आर्य समाज के पदाधिकारियों ने नगर पंचायत के वाशिंदों को पंडाल में आकर वेद और वैदिक धर्म ,भगवान राम और कृष्ण के विषय में आर्य समाज के सिद्धांतों को समझने और जानने की अपील की है ।कार्यक्रम स्थल पर वेद उपदेशकों ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी और उनके वेदों पर दिए गए उपदेशकों का विस्तृत बखान किया इस अवसर पर आर्य समाज के प्रधान कपूर चंद आर्य एवं आर्य समाज के मंत्री विजय कुमार आर्य नगर पंचायत की अध्यक्ष शांति देवी कुशवाहा दयानंद सरस्वती ज्ञान मंदिर के प्रधानाचार्य डॉक्टर रमेश चंद्र आर्य ओम प्रकाश कुशवाहा भीमसेन, दशरथ लाल, संतोष कुमार, रमेश चंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

### बसुहार से सराय अकिल की सड़क मरम्मत में हो रही धांधली



**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र अंतर्गत बसुहार से नगर पंचायत सराय अकिल को सड़क की रिपेयरिंग पीडब्लूडी की तरफ से कई दिन पहले शुरू हुआ है जिसमे मानक विहीन तरीके से मरम्मत का काम किया जा रहा है विभागीय ठेकेदार मनमानी पर उतारू है और घटिया सामग्री से मानक विहीन सड़क का निर्माण हो रहा है जिससे सड़के जल्द खराब होने की संभावना है ग्रामीणों ने घटिया निर्माण का विरोध भी किया लेकिन उसके बाद भी घटिया निर्माण पर दो दिन काम रोकने के बाद फिर काम शुरू कर दिया गया है जिससे विभागीय अधिकारियों की साठगांठ से इनकार नहीं किया जा सकता पीडब्लूडी से संबंधित अधिकारी अपने आंखो में पट्टी बांध कर सड़क की रिपेयरिंग करवा रहे है उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को बदनाम करने वाले भ्रष्ट ठेकेदार और अधिकारियों की घटिया करतूत सड़क निर्माण में दिखाई पड़ रही है बसुहार से सराय अकिल को जाने वाली सड़क के दृश्य को देखकर समझ सकते हैं कि यब सब कितनी ईमानदारी से कार्य कर रहे है घटिया निर्माण पर रोक लगाए जाने और उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से की है

### मोरंग के ढेर पर फिसली बाइक दो लहूलुहान

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना अंतर्गत फैजीपुर असाढ़ा गाँव के रहने वाले गुड्डू पंडित और गुड्डू यादव एक ही दोपहिया वाहन पर सवार होकर रात लगभग 10 बजे सिराथू से वापस अपने घर की तरफ जा रहे थे। जैसे ही यह लोग टेंघाई के पास पहुचे सामने से आ रही गाड़ी की लाइट की वजह से सड़क के किनारे लगी मोरंग की ढेर नहीं दिखी और उसी पर इनकी बाइक फिसल गयी जिससे दोनों लोग चोटहिल हो गए। रास्ते से गुजर रहे किसी राहगीर ने 108 एम्बुलेंस पर फोन किया। 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंचकर दोनों को एम्बुलेंस में शिफ्ट किया और जिला अस्पताल में भर्ती करवाया।

### निजी चिकित्सालय नवीनीकरण के लिए 30 अप्रैल तक करें ऑनलाइन पंजीकरण

**चिकित्सा संस्थान लैब एक्स-रे तथा क्लीनिक पॉलीक्लीनिक्स के संचालक का भी ऑनलाइन होगा पंजीकरण**

**कौशाम्बी।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुष्पेन्द्र कुमार ने जनपद के समस्त निजी चिकित्सालयों/ चिकित्सा संस्थानों/लैब/एक्स-रे तथा क्लीनिक/ पॉलीक्लीनिक्स के संचालकों को सूचित किया है कि अपने संस्थान के नवीनीकरण के लिए दिनांक 30 अप्रैल 2024 तक ऑनलाइन आवेदन अवश्य करा लिया जाय। दिनांक 30 अप्रैल को रात्रि 12:00 बजे के पश्चात नवीनीकरण के लिए किये जाने वाले आवेदन पर विचार नही किया जायेंगा तथा संस्थान के नवीनीकरण आवेदन को अस्वीकार करते हुये पंजीकरण निरस्त कर दिया जायेंगा। नवीनीकरण आवेदन विभाग द्वारा पूर्व निर्धारित वेवसाइट ४त्त्-ीँ'ई.ल्ल पर किया जायेंगा। इसके साथ ही आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन पोर्टल पर जाकर अपने एच०एफ०आर० (हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री) तथा एच०पी०आर० (हेल्थ केयर प्रोफेसनल्स रजिस्ट्री) का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें, यह व्यवस्था वर्ष 2024 के नवीनीकरण के लिए अनिवार्य की गयी हैं। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात समस्त आवश्यक अभिलेखों (संचालक/प्रबंधक का शपथ पत्र, बायोमेडिकल वेस्ट, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा अग्निशमन का अनापत्ति प्रमाण पत्र) की वैद्यता दिनांक 30 अप्रैल 2025 तक अनिवार्य हैं, अन्यथा की स्थिति में आपके प्रतिष्ठान का नवीनीकरण करना सम्भव नही होगा। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात समस्त अभिलेखों की हार्ड कापी उनके कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# नगर निकाय में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था एवं पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित रखने के डीएम ने दिये निर्देश



**कौशाम्बी** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा कार्यालय कक्ष में रमजान माह के आखिरी जुमा, चैत्र नवरात्रारम्भ, डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयन्ती एवं रामनवमी में शान्ति व्यवस्था, साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को त्यौहारों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कहीं पर कोई अप्रिय घटना न होने पायें। उन्होंने उप जिलाधिकारी चायल को अम्बेडकर जयन्ती पर जुलूस निकलने वाले मार्ग का भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्हांने उप जिलाधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी गैर परम्परागत कार्यक्रम/ आयोजन न होने पायें। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेषकर धार्मिक स्थलों पर साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दियें। उन्होंने अधिशासी अधिकारी दारा नगर-कड़ाधाम को नवरात्र के दृष्टिगत कड़ा मन्दिर के पास पानी के टैंकर रखवाने सहित आदि आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें, जिससे किसी व्यक्ति को कोई परेशानी न होने पायें। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को कड़ा मन्दिर के पास एक एम्बुलेन्स एवं मेडिकल टीम लगाने के निर्देश देते हुए कहा कि सामुदायिक/ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रवार चिकित्सकों की ड्यूटी लगाकर सूची उपलब्ध करायी जाय। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को पॉवर हाउसवार जेई की ड्यूटी लगाकर सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दियें बैठक में अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड एवं प्रबुद्ध सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा एवं उप जिलाधिकारी गण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### आखिर किसके संरक्षण मे संचालित है अभी भी अबैध कारोबार !

**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बसेरा ढाबा एवं एवन ढाबा में सिर्फ चोरी का लोहा, सरिया सीमेंट, तेल की खरीददारी होती है रात 11से सुबह 10 बजे तक प्रतिदिन यह खेल होता है बीते कई वर्षो से संगठित अपराध का यह धंधा इन ढाबो में बेखौफ तरीके से हो जाता है आए दिन इन ढाबो में स्थानीय पुलिस के वाहन खड़े दिखाई पड़ते हैं आखिर क्या माजरा है कि जिन ढाबो में संगठित अपराध के धंधे पर फूल रहे हैं उन ढाबो में स्थानीय पुलिस के वाहन खड़े होने के बाद कार्यवाही नहीं होती है आखिर संगठित अपराध में लिप्त अपराधियों से स्थानीय पुलिस के क्या रिश्ते हैं यह जांच का विषय है ननमई मोड़ के पास के एक होटल मे गाजा बिकता है इस होटल में डीजल पेट्रोल की भी चोरी होती है सीओ के कार्यवाही का इनको तनिक भय नहीं है कब इन पर कार्रवाई होगी जिम्मेदार अधिकारी क्यों मौन है यह तमाम सवाल व्यवस्था पर खड़े हो रहे हैं लेकिन उसके बाद इलाके में तेजी से फल फूल रहे संगठित अपराध के धंधे पर पुलिसिया कार्रवाई होती नहीं दिख रही है।

## ट्रांसफार्मर के ब्लास्ट होने से निकली चिंगारी से तीन लोग झुलसे



**कौशाम्बी कोखराज।** थाना क्षेत्र के महर्षि कालेज भरवारी में अचानक तेज आवाज के साथ बिजली का ट्रांसफार्मर फट गया, बिजली का ट्रांसफार्मर फटते ही हड़कंप मच गया,ईद की खरीददारी कर घर वापस जा रही दो युवतियां और एक युवक ट्रांसफार्मर के खौलते हुए तेल की चपेट में आने से झुलस गए,गंभीर हालत में तीनों झुलसे लोगो को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया जहा तीनों का इलाज चल रहा है। कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका भरवारी के परसरा बाई पास महर्षि डिग्री कॉलेज के पास स्थित धर्मकांटा के बाहर हाइवे के पास बिजली विभाग केबल ट्रांसफार्मर लगा हुआ है,जिससे धर्मकांटा और राइस मिल को बिजली सप्लाई की जाती है,बुधवार की दोपहर में अचानक तेज आवाज के साथ ट्रांसफार्मर फट गया,ट्रांसफार्मर फटने से उसमे खौल रहा तेल सड़क की तरफ चिंगारी के साथ गिरने लगा,वही भरवारी कस्बे से ईद की खरीददारी कर घर वापस जा रही सिरियावा गांव की शबा बानो अक्शा बानो और पठन का पुरवा थाना संदीपन घाट का एक युवक अतुल खौलते हुए तेल की चपेट में आ गए और गंभीर झुलस गए।ट्रांसफार्मा के फटने और उसके खौलते हुए तेल की चपेट में आने से झुलस गए लोगो को देख लोगो में हड़कंप मच गया,लोगो ने इसकी सूचना बिजली विभाग,पुलिस और एंबुलेंस को दी,सूचना पर पहुंचे एंबुलेंस की सहायता से गंभीर झुलसे तीनों लोगो को जिला अस्पताल भेजा गया जहा उनका इलाज चल रहा है। वही बिजली विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि इस समय गर्मी बहुत है और ट्रांसफार्मर पर लोड भी अधिक था,जिसके चलते उसकी सीटी फेल हो गई और ब्लास्ट हो गया,जिसमे तीन लोग झुलस गए है,अधिकारियो को इसकी सूचना दे गई है,उनके आदेश के बाद जल्द ही उसको सही कराया जायेगा।

## कौशांबी जनपद सृजन दिवस 4 अप्रैल कौशांबी वासियों के लिए ऐतिहासिक और अविस्मरणीय तिथि : अजय सोनी

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने कौशांबी जनपद के स्थापना दिवस पर सभी जनपदवासियों को बधाई दी है। साथ ही कौशांबी जनपद के सृजन तिथि 4 अप्रैल को पूरे कौशांबीवासियों के लिए ऐतिहासिक और अविस्मरणीय तिथि बताया है। समर्थ किसान पार्टी नेता अजय सोनी ने बताया कि 4 अप्रैल 1997 को इलाहाबाद जनपद (वर्तमान मे प्रयागराज) को विभाजित कर तत्कालीन बसपा सरकार ने कौशांबी जनपद का सृजन किया था जिसके फलस्वरूप कौशांबी जनपद प्रदेश में नए जनपद के रूप में अस्तित्व मे आया। तब से आज तक न सिर्फ पूरे प्रदेश बल्कि देश विदेश मे कौशांबी जनपद अपनी अलग पहचान स्थापित किए हुए है। उन्होंने आगे बताया कि कौशांबी जनपद एक अति प्राचीन नगरी है। पूर्व में यह भारत के सोलह महाजनपदों में से एक था। इसकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत पूरे विश्व पटल पर अमिट थी। महान सम्राट उदयन से लेकर सम्राट अशोक और अन्य कई राजाओं ने यहां अपनी विरासत की छाप छोड़ी थी। भगवान श्रीराम के पुत्र कुश ने इस प्राचीन नगरी को अपना नाम देकर कौशांबी के रूप मे इसे पूरे विश्व में पहचान दी थी। इस धरती से ही भगवान श्रीराम वन गमन किए थे, साथ ही भगवान बुद्ध और भगवान महावीर स्वामी की चरण स्पर्शी यह पुण्य भूमि माता शीतला और ऋषि चर्वक की भी स्थली है। इस जनपद के नए सिरे से गठन होने के बाद से पुनः यह जनपद अपनी पुरानी ऐतिहासिक पहचान को नए सिरे से स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री माननीय केशव प्रसाद मौर्य से लेकर वर्तमान सांसद बिनोद सोनकर और पूर्व सांसद श्री शैलेंद्र कुमार समेत पूर्व मंत्री और कौशांबी जनपद के सृजनकर्ता मंझनपुर विधायक माननीय इंद्रजीत सरोज जी आदि के अथक प्रयासों से आज यह जनपद कई मायनों में नए आयाम स्थापित कर रहा है। निश्चित रूप से कौशांबी जनपद के लोगों के लिए यह गौरव का दिन और अविस्मरणीय तिथि है।समर्थ किसान पार्टी इस शुभ तिथि पर सभी कौशांबीवासियों को कौशांबी स्थापना दिवस की बहुत बहुत बधाई देती है।

# शिक्षा समाज की दिशा और दशा बदल देता है : कृष्ण कुमार

जनपद कौशाम्बी स्थापना दिवस पर छोटे बच्चों को वितरण किया पुस्तक



**तिल्हापुर मोड़ कौशाम्बी** सक्षम युवा विकास फाउंडेशन कौशाम्बी के तत्वाधान में विजिया चौराहा स्थित ब्राइट लाइफ कोचिंग सेंटर में लार्निंग पुस्तक का वितरण किया गया पुस्तक वितरण में मुख्य अतिथि कोसम इनाम हल्का लेखपाल कमलेश कुमार ने बच्चों से कहा की कौशाम्बी जनपद 4 अप्रैल 1997 को प्रयागराज से कटकर नया जनपद की स्थापना किया गया था इसी उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम रखा गया है।सक्षम युवा विकास फाउंडेशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने कहा कि जनपद बनने के बाद शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा जनपद था और जिससे शिक्षा क्षेत्र में इस प्रकार से सहयोग देने से संस्थान हमेशा कदम से कदम मिला कर सहयोग प्रदान करता रहेगा कोचिंग के संचालक दिनेश कुमार ने संस्थान के इस सराहनीय कार्य के लिए आभार व्यक्त किया ।इस कार्यक्रम में सक्षम युवा विकास फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष कौशिक अग्रहरि,उपाध्यक्ष रोहित मिश्र, आईटी सुधीर कुमार सिंह,इंद्र लाल सरोज, विकास अग्रहरि,शिव दयाल प्रजापति,मंत्री कलीम हसन सहित फाउंडेशन के लोग मौजूद रहे।

## कौशाम्बी स्थापना दिवस पर कौशाम्बी महोत्सव मनाने वाले हुए गायब




**कौशाम्बी।** बड़े-बड़े मंच लगाकर कौशांबी स्थापना दिवस मनाया जाता था इस मंच से राजनीतिक रोटियां सेकी जाती थी कौशांबी महोत्सव के नाम पर बड़ी-बड़ी बात की जाती थी लेकिन कौशांबी स्थापना दिवस पर इस वर्ष कौशांबी महोत्सव मनाने वाले लोग कौशांबी की धरती में दिखाई नही पड़े हैं बताते चलें कि 4 अप्रैल 1997 को कौशांबी जनपद की स्थापना बसपा के मायावती की सरकार में की गई थी उस समय से लगातार कौशांबी महोत्सव मनाया जाने की व्यवस्था चल रही थी स्थानीय प्रशासन कौशांबी स्थापना दिवस पर कौशांबी महोत्सव मानता था लेकिन इसी बीच कौशांबी महोत्सव के नाम से कौशांबी विकास परिषद ने महोत्सव मनाने की जिम्मेदारी ले ली और इस कार्य में कौशांबी के सांसद विनोद सोनकर ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया लेकिन इस वर्ष कौशांबी विकास परिषद के तत्वावधान में मनाया जाने वाला कौशांबी महोत्सव का कार्यक्रम मंझनपुर में आयोजित नहीं हुआ है जिससे कौशांबी महोत्सव का कार्यक्रम नहीं हो सका है।

# सदन ने विनोद सोनकर सांसद की मान ली होती बात तो तमाम खूंखार अपराधी होते जेल से बाहर

अखंड भारत संदेश

**60 साल की उम्र पार कर चुके खूंखार अपराधियों को जेल से रिहाई के लिए कौशांबी सांसद ने सदन में उठाई थी आवाज**

**अपराधियों की जेल से रिहाई की सदन में मांग करने वाले कौशांबी सांसद विनोद सोनकर को क्या फिर टिकट देकर लोकसभा चुनाव के मैदान में भाजपा उतारेगी**

**कौशाम्बी।** आम जनता ने जिस सांसद पर भरोसा करके उसे अमन चैन न्याय व्यवस्था की बागडोर सौपी थी उस सांसद को क्षेत्र के विकास करने में दिलचस्पी कम थी बल्कि खूंखार अपराधियों की सिफारिश में सांसद का अधिक लगाव था हद तो तब हो गए जब कौशांबी सांसद विनोद सोनकर ने लोकसभा के सदन के अंदर खूंखार अपराधियों की सिफारिश की सदन में प्रश्न उठाया कि 60 वर्ष की उम्र पार कर चुके अपराधियों की जेल से रिहाई कर दी जाए लेकिन सदन ने सांसद विनोद सोनकर की बात नहीं मानने से इंकार कर दिया 60 वर्ष से अधिक के अपराधियों की रिहाई करने की सदन में बात उठाने के बाद सांसद ने इस बात पर तमाम वहव5 लूटी थी सांसद द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर समाचार पत्रों में भी इस बात का खूब प्रचार प्रसार किया था कि उन्होंने सदन में मांग रखी है कि 60 साल की उम्र पार कर चुके खूंखार अपराधियों को जेल से रिहा कर दिया जाए आखिर खूंखार अपराधियों को जेल से रिहा करने की सदन में बात करने वाले सांसद विनोद सोनकर समाज को क्या बताना चाहते थे वह इस समाज को किस दिशा की ओर ले जाना चाहते थे खूंखार अपराधियों की जेल से रिहाई करने पर सदन में कानून बनाने की मांग वाले सांसद का किस अपराधी का अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन कर रहे थे यह तमाम सवाल आम जनता के जेहन में बीते कई वर्षों से कौंध रहा है कि आखिर किस अपराधी को वह जेल से रिहा कराना चाहते हैं किन अपराधियों से गहरे संबंध हैं जिसके चलते 60 साल की उम्र पार कर चुके अपराधियों की रिहाई की बात उन्हें सदन में भी उठाना पड़ा अपराधियों की तरफदारी करने के मामले में कौशांबी सांसद विनोद सोनकर ने एक बार भी आम जनता के बारे में नहीं सोचा की खूंखार अपराधी को जेल से रिहा करने का यदि सदन में प्रस्ताव पास हो गया तो समाज की क्या दुर्गति होगी लेकिन कौशांबी सांसद द्वारा 60 साल की उम्र के बाद खूंखार अपराधियों को जेल से रिहा कर किए जाने का सदन में सवाल उठाए गए जिस पर वह वाहवाही लूटना चाहते थे लेकिन सदन ने उनकी बात नहीं मानी 60 की उम्र पार करने के बाद अपराधियों को जेल से रिहा किए जाने का सदन में सवाल उठाए जाने के मामले में समय पर जनता उन्हें जरूर जवाब देगी सदन में अपराधियों के समर्थन में सवाल उठाकर 60 वर्ष की उम्र पार कर चुके अपराधियों की जेल से रिहाई की सदन में मांग करने वाले कौशांबी सांसद विनोद सोनकर को क्या फिर भारतीय जनता पार्टी टिकट देकर लोकसभा चुनाव के मैदान में उतारेगी यह तमाम बातें इन दिनों आम जनता के बीच में तेजी से हो रही है।

### रोजेदरो के लिये रमजान के 24 वें रोजा पर दावत-ए-इफ्तार का इंतिजाम

**कड़ा कौशाम्बी।** कड़ा क्षेत्र अंतर्गत सिपहा घोसियाना गांव मे अमजद अली ने खजूर खान का अपने घर पर ब्रस्पतिवार की शाम को दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें रमजान माह का रोजा रखने वाले रोजेदार के साथ साथ हिंदू भाई भी शामिल हुए। अमजद अली ने बृहस्पतिवार की शाम 24 वें रोजा को रोजा इफ्तार दावत का आयोजन किया जिसमें रमजान के पाक महीने में रोजा रखने वाले क्षेत्र के बड़ी संख्या में रोजेदार के साथ हिंदू भाई भी शामिल हुए। वहीं रोजेदारों द्वारा इफ्तार के बाद नमाज भी पढ़ा गया तथा साथ ही साथ देश के लिए अमन चयन के साथ आपसी भाई चारा सलामत रहे की दुआ भी मांगी गई। वही बांटी खान ने कहा रोजेदारों के साथ एक दस्तरख्वान पर बैठकर इफ्तार करना सम्मान की बात है। इससे समाज में भाईचारे का पैगाम दिया जाता है। रोजेदारों के साथ उपस्थित सभी लोगों ने खुदा से मुल्क और समाज के तरक्की, आपसी मुहब्बत, कौमी एत्तेहाद, हिफाजत की दुआ मांगी गई है।

### जिला बदर अभियुक्त जैद मोहम्मद तमंचा सहित गिरफ्तार

**अझुवा कौशाम्बी।** जिला मजिस्ट्रेट ने गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत जैद मोहम्मद के आतंक अत्याचार पर उसे जिला बदर घोषित किया था लेकिन जिलाधिकारी के आदेश के बाद भी जैद मोहम्मद जिला छोड़कर बाहर नहीं गया था स्कॉर्पियो गाड़ी में तमंचा लेकर वह घूम रहा था सैनी कोतवाली पुलिस को जिला बदर के घूमने की जानकारी मिल गई जिस पर सैनी पुलिस के उप निरीक्षक ने जिला बदर जैद मोहम्मद को लोहदा मोड़ के पास से तमंचा कारतूस और स्कॉर्पियो वाहन के साथ गिरफ्तार कर लिया है लिखा पढ़ी करने के बाद पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया है और वाहन को सीज कर दिया है।

### न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद प्रारम्भ

**कौशाम्बी।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत गेहूं की खरीद प्रारम्भ हो गई हैं। कृषक श्री नूर मोहम्मद निवासी ग्राम-गाजीपुर, सिराथू का 11.50 कुन्तल गेहूँ तथा श्री अमर सिंह का 9.50 कुन्तल गेहूँ क्रय केन्द्र,सिराथू पर क्रय किया गया। शीघ्र ही अन्य केन्द्र पर भी खरीद प्रारम्भ हो जायेंगी। जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार सभी केन्द्र प्रभारी और अधिकारी कृषकों से लगातार संपर्क कर रहें है, ताकि उन्हें कम दाम पर अपना गेहूं बिक्रय न करना पड़े। जनपद में काम कर रहें आढ़तियों, थोक बिक्रेताओं और व्यापारियों पर कड़ी नजर रखी जा रहीं है, कोई भी अनियमितता पाई जाती है,तो उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी।

### पुलिस चौकी के सामने से ट्रक चोरी

**महगाव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज पुलिस चौकी के सामने बंद पड़े पेट्रोल पंप के पास से एक ट्रक चोरी हो गई है जिससे हड़कंप मच गया है ट्रक मालिक सुनील कुमार केसरवानी ने बताया कि बुधवार की शाम को उनका ड्राइवर और खलासी पेट्रोल पंप पर ट्रक खड़ी करके घर चले गए थे और जब सुबह 5:00 बजे वह ट्रक के पास आए तो मौके से ट्रक गायब थी खलासी और चालक ने ट्रक चोरी होने की जानकारी ट्रक मालिक सुनील कुमार को दी है जिस पर उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी है पुलिस चौकी के सामने बंद पड़े पेट्रोल पंप में आबादी के बीच ट्रक चोरी हो जाने के बाद ट्रक चोरी होने की जानकारी पुलिस चौकी को नहीं लग सकी है अब सवाल उठता है कि इलाके के चोर जब इतने बेखौफ हों गए है कि उन्हें पुलिस चौकी के आसपास चोरी की घटनाओं को अंजाम देने में तनिक भय नहीं लगता है तो वह इलाके के दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र में घटनाओं को अंजाम देने में कितने साहस का परिचय देते होंगे समाचार लिखे जाने तक गायब ट्रक का पता नहीं लग सका है।

## संपादक की कलम से

### 'आप' की दुर्दशा से विपक्ष के लिये सबक

एक तरफ तो देश लोकसभा चुनाव के मुहाने पर खड़ा है वहीं दूसरी तरफ जो अनेक घटनाक्रम जारी हैं उनमें राजनैतिक बयानों, सीटों के तालमेल, प्रचार सभाओं, प्रेस कांफ्रेंसों आदि के अलावा जिस विषय की सर्वाधिक चर्चा है, वह है आम आदमी पार्टी के नेताओं पर कथित शराब घोटाले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रोज गिरती गाज। पिछले लगभग एक पखवाड़े के भीतर दो बार ईडी की हिरासत (पहले 6 एवं बाद में 4 दिनों की) में रहने के बाद मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेजे गये दिल्ली के मुख्यमंत्री व आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल अब दिल्ली हाईकोर्ट में जमानत पाने हेतु संघर्षरत हैं। दूसरी ओर करीब 6 माह जेल में गुजारने के बाद पार्टी के सांसद संजय सिंह जमानत पाने में सफल हो चुके हैं।

हालांकि उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रहे सत्येन्द्र जैन अब तक सलाखों के पीछे हैं। इतना ही नहीं, आप सरकार की मंत्री आतिशी व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज मुख्य रूप से सीधे तौर पर कहें तो ईडी के और परोक्ष रूप से भारतीय जनता पार्टी के निशाने पर हैं। कोई दावे से नहीं कह सकता कि आप के कितने मंत्री, विधायक या नेता भी जांच एजेंसी के रडार पर हैं। यह साफ हो जाने के बाद कि इसे करोड़ों का घोटाला बतलाकर दो साल से इसकी जांच कर रही ईडी न तो एक पैसा बरामद कर सकी और न ही यह बतला पाई है कि इसका पैसा किसे मिला है, न तो जांच पूरी हो सकी है और न ही गिरफ्तारियां रुक रही हैं।

अब तो यह भी साफ हो चला है कि भाजपा का उद्देश्य जो पहले आप को कमजोर करना था, अब वह चाहती है कि पार्टी नेताओं का ज्यादा से ज्यादा समय कोर्ट-कचहरियों में उलझकर बर्बाद होता रहे ताकि वे पार्टी का प्रचार न कर सकें। आप की दिल्ली के अलावा पंजाब में बड़ी उपस्थिति है परन्तु भाजपा की वहां कोई बड़ी दावेदारी नहीं है। भाजपा की दिलचस्पी ही नहीं, बल्कि नाक का भी सवाल है कि वह दिल्ली लोकसभा की सारी सीटें जीते। आप के हाथों विधानसभा चुनावों में मिली दो-दो बार की पराजयों के भी मद्देनजर वह आहत है तथा अगला विधानसभा चुनाव जीतने के लिये उसे वहां से बड़ी जीत चाहिये जिसके आसार काफी कम हैं

यह बात सामने आ चुकी है कि जांच एजेंसियां भाजपा के वे हथियार हैं जिनके बल पर वह 'ऑपरेशन लोटस' के नाम से निर्वाचित सरकारों को गिराती है, अल्पमत में होकर भी अपनी सरकारें बनाती है, विरोधियों को उनका डर दिखाकर अपने खेमे में करती है, अपने लिये चुनावी चंदा बटोरने में उसका सहयोग लेती है।

अब जबकि मतदान कुछ ही दिनों की दूरी पर रह गया है, आप का कांग्रेस के साथ दिल्ली में गठबन्धन हो चुका है, सीटों के बंटवारे पर मुहर लग चुकी है, वह कांग्रेस के नेतृत्व में बने इंडिया गठबन्धन का हिस्सा भी बन चुका है (यह निर्णय भी उसने काफी देर से लिया) तथा उसने गिरफ्तारी के खिलाफ 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया के सभी दलों ने एक विशाल रैली भी की थी- तो यह उन दलों व नेताओं के मंथन का मुफीद अवसर है जो अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा के चलते देश व लोकतंत्र पर छाये उस बड़े खतरे से आंखें मूंदे हुए हैं जो एक बहुत बड़े रूप में सबके समक्ष है। पिछले 10 वर्षों में, खासकर भाजपा के 2019 से जारी दूसरे कार्यकाल के दौरान जिस प्रकार से सरकार निरंकुश बनी है, उसमें प्रमुख हमला विपक्ष पर हो रहा है। 2014 में तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'कांग्रेस मुक्त भारत' का ही नारा दिया था लेकिन अब वह 'विपक्ष मुक्त भारत' का सपना न केवल देख रही है बल्कि उसे साकार भी कर रही है। उसका ऑपरेशन लोटस तथा विपक्ष को तोड़ने में जांच एजेंसियों का निर्लज्ज इस्तेमाल इसी अभियान के माध्यम व उपकरण हैं। हाईकोर्ट में केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी कह चुके हैं कि भाजपा आप को पूरी तरह से खत्म करना चाहती है।

यह समय इस बात को याद करने का भी है कि आप लम्बे समय तक भाजपा की 'बी' टीम के रूप में काम करती रही है। राजनैतिक महत्वाकांक्षा कोई बुरी बात नहीं और यह सभी का हक भी है कि वह जिस प्रकार से चाहे अपना विस्तार करे, लेकिन आम आदमी पार्टी के बहुत से निर्णय भाजपा को मजबूत करने के हुए हैं। जनांदोलन तथा सिविल सोसायटियों से निकली पार्टी यह समझ नहीं पाई- यह आश्चर्य है। उसने कई ऐसे राज्यों में चुनाव लड़े जहां उसका अस्तित्व तक नहीं था। अब भी पंजाब में वह कांग्रेस से अलग चुनाव लड़ रही है। आप की जो मौजूदा दुर्दशा है उसके लिये वह खुद बड़े पैमाने पर जिम्मेदार है और उसकी इस हालत से उन दलों को सबक लेना चाहिये जो भाजपा के विरोध में तो हैं पर विपक्षी मत विभाजन के भी जिम्मेदार हैं।

## वाशिंग मशीन तो सबके पास है!

**ऋषभदेव शर्मा**

इसमें कोई अचरज वाली बात नहीं है कि सत्ता की शरण में जाने पर बड़े बड़ों को संरक्षण मिल जाता है। इसी तरह अगर लोग किसी डूबती नाव से किसी सुरक्षित जहाज में कूद जाते हैं, तो इसे भी स्वाभाविक ही कहा जाता है। लेकिन इन्हीं दो साधारण सी प्रवृत्तियों ने इन दिनों भारतीय राजनीति में बवंडर जैसे हालात पैदा कर रक्खे हैं। लोक सभा चुनाव के मद्देनजर जहाँ एक ओर बहुतेरे समझदार नेताजन सुरक्षित शरणस्थली की तलाश में ऐसी पार्टियों की ओर छलाँग लगाकर जा रहे हैं जिनकी संभावनाएँ उन्हें उज्ज्वल लग रहीं हैं। (आखिर राजनीति में वे स्वर्णिम भविष्य की ही आस लेकर तो आए थे!) वहीं दूसरी ओर ऐसी तमाम विख्यात विभूतियाँ भी सत्तासीन पार्टी का रुख करती नजर आ रही हैं, जिनके पीछे या तो कोई जाँच का भूत पड़ा हुआ है या जिन्हें किसी भी क्षण छापा पड़ने का डर सता रहा है। उन्हें बस इतना चाहिए कि कोई प्रभु उन्हें सब पापों से मुक्ति का आश्वासन दे दे। युगों से यही होता आ रहा है। फिर भी यह बात अगर बहुतों के गले नहीं उतरती, तो मानना होगा कि इस रिवाज में कुछ तो गड़बड़ जरूर है! आशा है, अब तक आप समझ गए होंगे कि बात उस ताजा रिपोर्ट की हो रही है जिसमें यह खुलासा किया गया है कि 2014 के बाद से अब तक भ्रष्टाचार में फँसे विपक्षी दलों के 25 राजनेताओं ने केंद्र में सत्तारूढ़ विराट दल की शरण ली है और इनमें से 23 विधिवत अभयदान पाकर कृतकृत्य हुए हैं! कहा जा रहा है कि नेताजन के पाला बदलने के बाद जाँच एजेंसियों की कार्रवाई अमूमन निष्क्रिय रही है। इस सूची में शामिल छह राजनेता शायद इसी लोभवश आम चुनाव से कुछ हफ्ते पहले अकेले इसी साल सत्तारूढ़ पार्टी में गए हैं। सयाने बता रहे हैं कि विभिन्न मामलों को बंद करने से लेकर ठंडे बस्ते में डालने तक विभिन्न जाँच एजेंसियों ने आरोपी के अपनी पार्टी बदलने और सत्तारूढ़ पार्टी में जाने पर जाँच का क्रम बदल दिया! पता नहीं क्यों इन सब बातों को खुलासा बताया जा रहा है, जबकि यह तो हमारे लोकतंत्र के एक सर्वमान्य गुण का प्रमाण भर है! इसके लिए बेचारे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को कैसे जिम्मेदार कहा जा असकता है क्योंकि वह तो दूसरों पर निर्भर है? अगर अन्य एजेंसियाँ अपना मामला बंद कर देती हैं, तो ईडी के लिए आगे बढ़ना मुश्किल हो जाता है। ये अन्य एजेंसियाँ ऐसा कब और क्यों करती हैं, यह क्या किसी से छिपा है? अब भला इतनी सी बात के लिए कोई किसी को वाशिंग मशीन होने का प्रमाणपत्र देता है क्या? पर नहीं, विपक्ष को इसी बात को लेकर हंगामा करना है! वैसे सयाने याद दिलाने से बाज नहीं आ रहे कि आज के विपक्ष में शामिल ताकतों ने भी अतीत में प्रभु बनने पर अनेक दागियों पर कृपा बरसाई है! जनता का क्या जी, वह तो जमाने से काजल की कोठरी की सच्चाई से परिचित है! कुछ मतदाता तो इसीलिए वोटिंग बूथ वाली गली तक में नहीं जाते कि उन्हें सही या गलत यह यकीन हो गया है कि सियासत की लंका में केवल बावन गज वाले ही पाए जाते हैं! यही वजह है कि अपराध या भ्रष्टाचार की चचाएँ जोर शोर से होने पर भी मतदान का आधार कुछ दूसरी ही ऐसी चीजें बनती हैं, जिन्हें वहाँ नहीं होना चाहिए था। यह शायद हमारे चुनाव तंत्र के साथ जुड़ा हुआ अनिवार्य अभिशाप है! 000

# भारत राष्ट्र के मनीषी बाबू जगजीवन राम

**– अरविंद जयतिलक**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**



बात चाहे आजादी के संघर्ष की हो अथवा स्वाधीन भारत को अर्थपूर्ण मुकाम देने की या दलित समाज को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने की देश सदैव ही जगजीवन बाबू का ऋणी रहेगा। जगजीवन बाबू का निर्मल व्यक्तित्व, ओजपूर्ण वक्तव्य और समतावादी विचार आज भारतीय जनमानस के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। गरीब और दबे-कुचले परिवार में जन्म लेने के बावजूद भी बाबू जगजीवन राम में साहस और आत्मबल गजब का था। छात्र जीवन से ही वे जुझारु प्रकृति के थे और देशभक्ति की भावना कूट-कूटकर भरी थी। समाज में व्याप्त ऊंच-नीच और गैर-बराबरी की पीड़ा उन्हें द्रवित करती थी किंतु वे कभी इससे विचलित नहीं हुए। उन्होंने हर परिस्थितियों का साहस से मुकाबला किया।

बाबू जगजीवन राम में विपरित परिस्थितियों को अनुकूल बनाने की अद्भुत क्षमता थी। अपने कुशल व्यवहार व शालीन आचरण तथा धीर-गंभीर व्यक्तित्व के कारण अपने वैचारिक विरोधियों में भी उतना ही लोकप्रिय थे जितना कि अपनों के बीच। बाबू जगजीवन राम का उदात्त जीवन गांधी जी से प्रभावित था। गांधी की तरह वे भी अहिंसात्मक आंदोलन में विश्वास करते थे। इसीलिए वे गांधी जी के हर कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। 1942 में जब गांधी जी ने ह्यअंग्रेजों भारत छोड़ोह्ण आंदोलन का नारा दिया तो बाबू जगजीवन राम सेनापति की तरह अग्रिम पंक्ति में डट गए। सिविल नाफरमानी आंदोलन में भी वे अंग्रेजी सरकार की मुखालफत कर जेल जाना स्वीकार किया। मानवीय उदात्त भावनाओं से लबरेज बाबू जगजीवन राम की लोकप्रियता की धाक ही कही जाएगी कि वे महज 28 साल की उम्र में ही 1936 में बिहार विधान परिषद के लिए चुने गए। इसके बाद जब 1935 के गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट के तहत 1937 में चुनाव हुआ तो वे डिप्रेस्ड क्लास लीग के उम्मीदवार के तौर पर निर्विरोध चुने गए और साथ ही अपने राजनीतिक आभामंडल से 14 उम्मादवारों को भी निर्विरोध निर्वाचित कराने में सफल रहे। हालांकि अग्रेजों ने भरपूर कोशिश की कि बाबू जगजीवन राम को पद और धन का लालच देकर बिहार में एक कमजोर सरकार का गठन किया जाए। लेकिन स्वाभिमान के धनी बाबू जगजीवन राम ने अंग्रेजों की रणनीति विफल कर दी और उनकी राष्ट्रनिष्ठा का देश ने लोहा माना।

बिहार में जब कांग्रेस की सरकार बनी तो वे मंत्री बनाए गए। लेकिन अंग्रेज सरकार के तिकड़म से आजिज आकर जब गांधी जी की सलाह पर कांग्रेसी सरकारों ने इस्तीफा दिया तो बाबू जगजीवन राम इसमें भी सबसे आगे दिखे। बाबू जगजीवन राम लोहे से लोहा काटने में माहिर थे और उन्होंने अंग्रेजों की कूटनीतिक रणनीति का जवाब राष्ट्रनीति से दिया। देश की आन-बान और शान उनके लिए सर्वोपरि था। अंग्रेजों की दिली इच्छा थी कि भारत छोड़ने से पहले भारतवर्ष कई टुकड़ों में विभक्त हो। इसके लिए वे बाबू जगजीवन राम को अपने पक्ष में करने की भरपूर कोशिश की। शिमला में कैबिनेट मिशन के सामने जब बाबू जगजीवन राम डिप्रेस्ड क्लास लीग के प्रतिनिधि के तौर पर शामिल हुए तो अंग्रेजों ने उन्हें अपने पाले में लाने की भरपूर कोशिश की। दरअसल उनकी मंशा दलितों और भारतीयों में फूट डालने की कोशिश की थी। लेकिन बाबू जगजीवन राम अंग्रेजों की मंशा को तत्काल भांप गए और सजग हो गए। बाबू जगजीवन राम की राजनीतिक स्वीकार्यता इतनी जबरदस्त थी कि अंतरिम सरकार में लार्ड वॉवेल की कैबिनेट में जब एक दर्जन लोगों को शामिल किया गया तो उनमें जगजीवन राम भी थे। उन्हें श्रम मंत्रालय का प्रभार दिया गया। श्रम विभाग के मंत्री तौर उन्होंने अपनी काबिलियत का भरपूर परिचय दिया। उनके मन में आम आदमी के प्रति पीड़ा थी। उसकी स्पष्ट छाप उनके कार्यों में भी देखने को मिली। उनके फोकस में हमेंशा समाज के अंतिम पांत का अंतिम व्यक्ति था। वे चाहते थे कि समाज के गरीब, दबे-कुचले और निरीह लोग राष्ट्र की मुख्य धारा में सम्मिलित हो और उनका चतुर्दिक विकास हो। इसलिए श्रम मंत्री रहते हुए उन्होंने ढेरों ऐसे मानवीय कानून बनाए जो आज भी प्रासंगिक हैं। मसलन उन्होंने मिनिमम वेजेज एक्ट, इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट्स एक्ट और ट्रेड यूनियन बनाया जिसकी उपादेयता आज भी मजदूरों के हित के लिए सर्वाधिक सारगर्भित मानी जाती है।

आजादी के बाद भी बाबू जगजीवन राम ने अपने गुरुत्तर उत्तदायित्व का भली प्रकार निर्वहन किया। 1952 में जब देश में प्रथम आम चुनाव हुआ और पंडित नेहरु की सरकार बनी तो जगजीवन बाबू संचार मंत्री बनाए गए। महत्वपूर्ण विभाग होने के नाते उनकी जिम्मेदारी भी बड़ी थी। उन दिनों विमानन मंत्रालय भी संचार विभाग के ही अधीन हुआ करता था। लिहाजा उन्होंने राष्ट्र के विकास के लिए अपना जी-जान लगा दिया। उन्होंने निजी विमानन कंपनियों का राष्ट्रीयकरण किया और गांव-गांव में डाकखानों की उपलब्धता सुनिश्चित की। उनकी योग्यता और कर्मठता से अभिभूत होकर पंडित नेहरु ने उन्हें रेल मंत्रालय का उत्तदायित्व भी सौंप दिया। बतौर रेलमंत्री बाबू जगजीवन राम के समक्ष एक बड़ी चुनौती थी और उन्होंने इसे स्वीकार किय।

जगजीवन बाबू चुनौतियों पर विजय पाना अच्छी तरह जानते थे। उन्होंने दूरद्दष्टि का परिचय देते हुए सबसे पहले रेलवे के आधुनिकीकरण पर जोर दिया। उन्हें अच्छी तरह जानते थे कि रेल न केवल राज्यों को जोड़ती है बल्कि लोगों के दिलों को भी जोड़ती है। सो उन्होंने उसके विस्तार के लिए उल्लेखनीय कार्य किया।

रेल कर्मचारियों के प्रति उनका अगाध प्रेम जबरदस्त था। उन्होंने उनके हित में कई योजनाएं बनायी और उसका परिणाम भी बेहद सार्थक निकला। बाबू जगजीवन राम की दिलेरी कभी-कभी कुतुहल पैदा करती थी। सत्ता को मोह उनपर कभी हावी नहीं रहा। जब कामराज योजना आयी तो उन्होंने सत्ता सुख को ठोकर लगाकर एक कर्मयोगी की तरह संगठन पर ध्यान केंद्रीत किया। किंतु लालबहादूर शास्त्री के मृत्योपरांत जब इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री बनी तो बाबू जगजीवन राम उनके लिए फिर प्रासंगिक हो गए। उन दिनों भारत संक्रमण के दौर से गुजर रहा था। आंतरिक और वाह्य दोनों मोर्चे पर भारत एक साथ जुझ रहा था। 1962 में चीन के हाथों करारी हार ने सेना का मनोबल तोड़ दिया था। भारतीय जनमानस भी उद्वेलित और विचलित था। 1965 में पाकिस्तान भी भारत को आंख दिखा चुका था। ऐसे में देश को अवसाद से उबारना जरुरी था। लेकिन देश में व्याप्त गरीबी और भूखमरी एक नयी चुनौती थी और वह संकट को लगातार बढ़ा रही थी। अन्न की कमी और सूखे की भयावहता मानवता को लील रही थी। देश अमेरिका से पीएल 480 के तहत सहायता में मिलने वाले गेहूं और ज्वार पर आश्रित था। किंतु वह भी ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहा था। सबका पेट भरना कठिन था। उम्मीद की किरण तब जगी जब नॉरमन बोरलाग भारत आकर हरित क्रांति का संचार किया। आधुनिक सोच के प्रबल पैरोकार बाबू जगजीवन राम तब कृषि मंत्री थे। उन्होंने डा0 नॉरमन बोरलाग के विचारों को सराहा और अपना शत-प्रतिशत राजनीतिक समर्थन दिया। ईमानदारी से किया गया प्रयास रंग लाया। महज तीन साल के अंदर ही खेतों में फसल लहलहाने लगी और अन्न उत्पादन के मामले में भारत अपने पैरों पर खड़ा होने लगा। दरिद्रता का पांव सिकुड़ने लगा। खुशहाली बढ़ने लगी। तत्काल ही भारत निराशा के गर्त से बाहर आ गया। इसका श्रेय बाबू जगजीवन राम को जाता है। 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में बाबू जगजीवन राम का योगदान अविस्मरणीय है। जिस तरह उन्होंने सेनाओं के लिए राजनीतिक समर्थन जुटाया वह उनकी राष्ट्रभक्ति की अटूट बानगी है। बाबू जगजीवन राम की दलीय प्रतिबद्धता और राजनीतिक विश्वसनीयता कमाल की थी। वे आंख बंद कर दूसरे पर भरोसा करते थे और चाहते भी थे कि उन पर भी उसी तरह भरोसा किया जाए। जब इंदिरा गांधी अपने राजनीतिक जीवन के जटिल दौर से गुजर रही थी उस दरम्यान बाबू जगजीवन राम उनके साथ चट्टान की तरह खड़े रहे। हिमालय की तरह अडिग विचार और सागर की तरह गहरी संवेदना रखने वाले इस मनीषी की पुण्यतिथि पर भला उन्हें कौन याद करना नहीं चाहेगा।

# संजय निरुपम और संजय अनुपम

**@ राकेश अचल**



संजय होना आसान बात नहीं है । संजय यानि सारथी। सारथी ऐसा जो आजीवन साथ निभाए । हम और आप अनेक संजयों को जानते हैं । महाभारत के संजय से लेकर फिल्मों के संजय तक को ,लेकिन आज मै बात कर रहा हूँ राजनीति के दो ऐसे संजय की जो निरुपम होते हुए भी निरुपम नहीं रहे और एक संजय से संजय अनुपम बनते दिखाई दे रहे हैं।

दरअसल संजय होना बहुत कठिन काम है। सबसे पहले बात करते हैं संजय निरुपम की। संजय निरुपम पत्रकारिता से राजनीति में आये। जब मैं दिल्ली जनसत्ता के लिए अपनी सेवाएं देता था,तब वे मुंबई संस्करण से जुड़े थे। अपनी दिलचस्पी की वजह से वे राजनीति में आये और कांग्रेस से जुड़े। कांग्रेस ने उन्हें 1996 में सीधे राज्य सभा भेज दिया। संजय ने अपनी सेवाओं से कांग्रेस मेंअपनी जगह बनाई ,नतीजा ये हुआ की उन्हें 2000 में दोबारा राजयसभा के लिए भेज दिया गया । खुशनसीब थे संजय निरुपम। संजय ने 2009 के लोकसभा चुनाव में उन?होंने मुंबई [उत्तर ] से भाजपा के प्रत?याशी राम नाइक को हराया और सांसद चुने गये। उनकी जीत का अंतर करीब ढाई लाख वोटों का रहा।

संजय अपनी स्पष्टवादिता और मुखरता के चलते कांग्रेस के लिए खरा सिक्का साबित हुए । 2014 में जब देश में मोदी लहर चल रही थी तब संजय निरुपम भाजपा के उम्मीदवार गोपाल शेट्टी से हार गए। शेट्टी ने उन?हें 2 लाख 17 हजार वोटों से हराया। कांग्रेस ने संजय को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष भी बनाया लेकिन बाद में पार्टी की पराजय के बाद संजय ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस के इसी खरे सिक्के को अब कांग्रेस से छह साल के निष्काषित कर दिया गया है।

पार्टी निर्णयों के खिलाफ खड़े हुए संजय निरुपम को निकलने के अलावा कांग्रेस के पास कोई और विकल्प था भी नही। कहते हैं कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) द्वारा मुंबई की छह लोकसभा सीट में से मुंबई उत्तर-पश्चिम सीट समेत चार के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा के बाद निरुपम ने कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व पर निशाना साधा था। निरुपम मुंबई उत्तर-पश्चिम सीट से चुनाव लड़ना चाहते थ। निरुपम का कहना था कि कांग्रेस नेतृत्व को शिवसेना (यूबीटी) के आगे दबाव में नहीं झुकना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा था कि मुंबई में एकतरफा उम्मीदवार उतारने के शिवसेना (यूबीटी) के फैसले को स्वीकार करना कांग्रेस को बर्बाद करने की अनुमति देने के समान है।

मुमकिन है की संजय निरुपम सही हों लेकिन जिस कांग्रेस ने उन्हें सब कुछ दिया उसके फैसले कि सामने भी उन्हें संजय निरुपम ही बने रहना चाहिए था,उन्होंने पार्टी नेतृत्व को चुनौती देकर गलती की। तय है की कांग्रेस कि स्टार प्रचारक रहे संजय को अब यदि राजनीति करना है तो वे भाजपा की शरण में जायेंगे । निर्दलीय लड़ने की उनकी हैसियत नहीं है। उनके समर्थक उन्हें शायद ही क्षमा करें। आइये अब बात करते हैं आम आदमी पार्टी कि संजय सिंह की। संजय सिंह खनिज इंजीनयर हैं। वे समाजसेवा करते हुए अन्ना आंदोलन के जरिये सार्वजनिक जीवन में आगे बढ़े और आम आदमी पार्टी कि साथ राजनीति में आये। वे आम आदमी पार्टी कि सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल कि विश्वसनीय सारथी हैं। संजय संजय सिंह ने आम आदमी पार्टी की तरफ से 2018 तक कोई चुनाव नहीं लड़ा, मगर पार्टी के लिए शुरू से ही काम कर रहे हैं। इसी का परिणाम था की आम आदमी पार्टी ने उन्हें दिल्ली से राज्यसभा भेजा, ताकि पार्टी के कार्यकताओं का मन बना रहे और पार्टी के लोगों को यह भी लगे कि वह उनका ध्यान रखते हैं।इसके अलावा संजय सिंह ने किसानों, मजदूरों, बेरोजगारों और जिन राज्यों में प्राकृतिक आपदाएं आती वहां सहायता करना, अस्पताल में एंबुलेंस उपलब्ध करवाना आदि कई प्रकार के कार्य पार्टी में रहते हुए किए, जिसके कारण स्वयं और पार्टी दोनों के कद को बड़ा किया। संजय सिंह को आम आदमी पार्टी ने 2018 में राज्य सभा में भेजा था । वहां वे अपनी पार्टी की ही नहीं बल्कि विपक्ष की एक मजबूत आवाज बने । सबसे पहले उन्हें अपनी मुखरता की सजा राज्य सभा से निलंबन कि रूप में मिली ,बाद में उन्हें ईडी ने कथित शराब घोटाले कि मामले में आरोपी बनाकर जेल भेज दिय। संजय छह माह से जेल में थे और हाल ही में सुप्रीम कोर्ट से सशर्त जमानत पर बाहर आये है। जेल से बाहर आते ही उन्होने सबसे पहले जेल में बंद पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल कि घर जाकर उनकी पत्नी सुनीता से भेंट की और आशीर्वाद लिया। अब संजय सिंह अपनी पार्टी कि लिए अनुपम बन गए हैं। संजय सिंह कि सामने विकल्प था कि वे सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा कि समाने समर्पण कर गिरफ्तारी से बच सकते थे ,किन्तु उन्होंने ऐसा नहीं किय। वे पार्टी कि प्रति निष्ठावान रहते हुए जेल गए और छह माह बाद जेल से बाहर आये। संजय सिंह भी संजय निरुपम की तरह अपनी पार्टी कि तमाम फैसलों से असहमत होकर पार्टी से बाहर आने की जुगत कर सकते थे । इस समय उन्हें भी सत्तारूढ़ पार्टी में मुंहमांगी कीमत मिल सकती थी ,लेकिन जमीर भी कोई चीज होती है । जो मुंबई कि संजय कि पास नहीं निकली लेकिन दिल्ली कि संजय कि पास इफरात में निकली ।केजरीवाल से असहमत तमाम लोगों ने आम आदमी पार्टी छोड़ दी। कुमार विश्वास और आशुतोष जैसे तमाम लोग संजय सिंह नहीं बन पाए। राजनीति में संजय होना मुश्किल है । कांग्रेस कि पास संजय निरुपम से पहले एक संजय और थे। वे संजय गांधी थे। आपातकाल में अपनी कथित ज्यादतियों की वजह से खलनायक बने लेकिन उनकी अपनी शैली थी । वे एक दुर्घटना कि शिकार हो गए ,अन्यथा संजय निरुपम को कांग्रेस ने जो मौका दिया वो शायद न मिलता। बहरहाल हम राजनीति में सत्ता कि लिए बल्दियत बदलने कि हमेशा से विरोधी रहे हैं । संजय निरुपम का कांग्रेस से बगावत करना भी हमें इसी तरह से अटपटा लग रहा है। आने वाले दिनों में दोनों संजयों का निर्णय देश की जनता करेगी। जनता को हमेशा याद रखना होगा की कोई भी संजय निरुपम हमेशा कि लिए नहीं होता लेकिन कोई भी संजय सिंह से अनुपम भी बन सकता है। एक संजय कि पार्टी से बाहर जाने के और एक संजय कि जेल से बाहर आने के असर के बारे में आज बात करने की जरूरत नहीं है । दोनों की मौजूदगी दिल्ली ,मुंबई और देश की राजनीति में रेखांकित अवश्य की जाएगी। इति श्री संजय पुराणे अंतिम अध्याय समाप्त ।

# दुनिया में अब तक का सबसे महंगा होगा 2024 का लोकसभा चुनाव

**– अंजन रॉय**

व्यक्तिगत विवरण को छोड़ दें, जो कई लोगों के लिए बहुत सुखद नहीं हो सकता है, भारत में लोकतंत्र का नृत्य एक महंगा मामला है। पश्चिमी गोलार्ध के बाहर किसी भी चीज के प्रति अपने दंभपूर्ण रवैये के बावजूद, लंदन की द इकानॉमिस्ट पत्रिका स्वीकार करती है कि चालू वर्ष का भारतीय आम चुनाव दुनिया का सबसे महंगा चुनाव हो सकता है। अविश्वसनीय रूप से, अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से भी महंगा।

आपने भारत के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और इस साल की शुरूआत में उनके द्वारा पेश किये गये अंतरिम बजट के बारे में जो भी सोचा हो, एक बात आपको माननी ही होगी कि वह एक ईमानदार व्यक्ति हैं। भारत सरकार के लाखों करोड़ रुपये के खर्च की अध्यक्षता करने के बाद, भी वित्त मंत्री ने स्वीकार किया कि उनके पास संसदीय चुनाव लड़ने के लिए पर्याप्त धन नहीं है।

दरअसल, भारतीय चुनाव बेहद महंगे हैं और यह आश्चर्य की बात है कि इतने सारे दावेदार इन्हें इतने भव्य तरीके से कैसे लड़ते हैं। चुनावी फंडिंग हमेशा से एक पेंचीदा विषय रहा है और पिछले कुछ वर्षों में इसमें कई उतार-चढ़ाव आये हैं।

वास्तव में पैसा कहां से आयेगा? एक समय था जब कॉर्पोरेट योगदान कानूनी थे और कॉर्पोरेट्स से खुले तौर पर और कानूनी रूप से योगदान करने की उम्मीद की जाती थी, इंदिरा गांधी जैसे प्रधानमंत्री ने इसमें अंकुश लगाया था, जिन्होंने राजनीतिक दलों और चुनावों में कॉर्पोरेट योगदान पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद, उनके बेटे राजीव गांधी ने प्रतिबंध हटा दिया।

पारदर्शी चुनाव की खोज में अनगिनत प्रस्ताव रखे गये। शीर्ष पंक्ति में से एक चुनाव के लिए राज्य द्वारा वित्त पोषण था। राजनीतिक दलों द्वारा लूट-खसोट के लिए सरकारी वित्त के दुरुपयोग के डर से इसे तुरंत स्वीकार नहीं किया गया। अब भी, दोनों कम्युनिस्ट पार्टियां ऐसी फंडिंग व्यवस्था के पक्ष में हैं।

दोनों वामपंथी दलों को छोड़कर, अधिकांश राजनीतिक दल राजनीतिक फंडिंग को लेकर परेशान रहते हैं क्योंकि वे चोरी-छिपे पैसा कमाने का रास्ता अपनाते हैं। भाजपा जहां एक ओर अवैध धन कमाने की अवधारणा पर हमला कर रही है, वहीं उसने अब असंवैधानिक घोषित चुनावी बांड स्वीकार कर लिया, और हम चुनावी बांड के बारे में जो कुछ भी जानते हैं, उससे तो बांड के माध्यम से चुनावी फंडिंग का रहस्य और भी गहरा हो गया है। एक लॉटरी किंग चुनावी बांड के दानकताओं में सबसे आगे रहा। बांड से मिले धन किसे लाभ पहुंचाते हैं, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। लेकिन जाहिर है, लाभार्थियों से मेल खाने वाले योगदानकताओं की स्मोकस्क्रीन के तहत, यह अनुमान लगाना अभी भी संभव है कि कौन किस पार्टी को योगदान दे रहा है- यह योगदानकर्ता के प्रमुख संचालन के क्षेत्रों और उस क्षेत्र में प्रमुख पार्टियों के बीच होना चाहिए। इसका कारण यह है कि दक्षिण स्थित लॉटरी किंग को अत्यधिक लोकप्रिय दक्षिणी पार्टियों में से कुछ को लाभ पहुंचाना चाहिए। पूर्व भारत में, बिजली वितरण कंपनी, जो सिटी ऑफ जॉय अर्थात कोलकाता में एकाधिकार का आनंद ले रही थी, उसके वहां के ही राजनीति बॉस को खुश रखने की उम्मीद थी न कि सुदूर उत्तर प्रदेश या छत्तीसगढ़ में।

भाजपा के पास बड़ा चुनावी बांड का अधिक हिस्सा जाना कोई आखिरी आश्चर्य भी नहीं है। लेकिन कुछ क्षेत्रीय सरदार भी काफी धन पा सके। एक उदाहरण के रूप में छोटे अंकगणित पर विचार करें: भाजपा को देश भर में अपने सहयोगियों के साथ 543 सीटें हासिल करनी हैं और 8250 करोड़ रुपये जुटाने हैं। इसलिए प्रति सीट चुनावी बांड के तहत संग्रह लगभग 16 करोड़ रुपये होगा। यदि यह माना जाये कि भाजपा लगभग 500सीटों पर चुनाव लड़ेगी और शेष सहयोगी दलों के लिए छोड़ देगी तो यह चुनावी बांड की कुल धनराशि उस वास्तविक राशि का एक छोटा सा हिस्सा है जो पार्टी वास्तव में अपने उम्मीदवारों को जिताने के लिए खर्च करेगी। इसी तरह, तृणमूल कांग्रेस ने 1600 करोड़ रुपये जुटाये हैं और उसे लगभग 42 सीटें, प्लस/माइनस कुछ और सीटें जीतनी हैं। इसलिए प्रतियोगिता के लिए प्रति सीट 38 करोड़ रुपये की सम्मानजनक राशि है, जो एक छोटी पार्टी के लिए बुरा नहीं है। व्यक्तिगत विवरण को छोड़ दें, जो कई लोगों के लिए बहुत सुखद नहीं हो सकता है, भारत में लोकतंत्र का नृत्य एक महंगा मामला है। पश्चिमी गोलार्ध के बाहर किसी भी चीज के प्रति अपने दंभपूर्ण रवैये के बावजूद, लंदन की द इकानॉमिस्ट पत्रिका स्वीकार करती है कि चालू वर्ष का भारतीय आम चुनाव दुनिया का सबसे महंगा चुनाव हो सकता है। अविश्वसनीय रूप से, अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से भी महंगा। ब्लूमबर्ग के अनुमान के अनुसार, 2019 में पिछले आम चुनाव में लगभग 8.6 बिलियन डॉलर खर्च होने का अनुमान है। मौजूदा चुनाव में लगभग 12 अरब डॉलर खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। देश की 3.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाले देश के लिए इस आम चुनाव में खर्च सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 0.15 फीसदी ही होगा। एक छोटा अंश, अधिसंख्य लोग सोचेंगे।

# भ्रष्टाचारियों को नहीं बख्शेंगे नरेन्द्र मोदीः प्रकाश पाल

## दिल्ली में भ्रष्टाचारियों के सम्मेलन पर बोले क्षेत्रीय अध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**



पत्रकारों से बात करते क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल आदि।

**चित्रकूट।** बुन्देलखण्ड-कानपुर प्रान्त भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि दिल्ली के रामलीला मैदान में देश के सभी भ्रष्टाचारी प्रदर्शन कर रहे हैं। देशवासियों को गुमराह करने को अन्ना हजारे के आन्दोलन से उपजे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल सभी भ्रष्टाचारियों को बचाने को खडे हो गये हैं। कांग्रेस, राजद, सपा समेत अन्य दलों के लोग जनता को गुमराह कर रहे हैं।

गुरुवार को बुन्देलखण्ड-कानपुर प्रान्त भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल पत्रकारों से यूपीटी में रुबरु हुए। उन्होंने कहा कि मोदी का परिवार देश के 140 करोड लोग हैं। वे बडे पद पर रहते हुए किसी को लूट का हक नहीं देंगे। उन्होंने उदाहरण दिया कि मेल कराती मधुशाला की भांति सभी भ्रष्टाचारी एकजुट हो गये हैं। दिल्ली के रामलीला मैदान में एकत्र होने वाले सभी लोग किसी न किसी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। ये सभी लोग विभाजनकारी शक्तियों के संरक्षक हैं। केजरीवाल के सींग होते तो वे बारहसिंघा होते। ईडी का चक्र तैयार है, केजरीवाल शिशुपाल बने हैं। कांग्रेस समापन की ओर है। सपा में कोई ऐसा नहीं बचा, जो सपा से खफा न हो। इस बार चार सौ के पार सीट लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार बनेंगे। उन्होंने उदाहरण दिया कि 2004 व 2009 में प्रदेश में सपा व केन्द्र में कांग्रेस की सरकार में ईवीएम को दोष नहीं दिया, अब ईवीएम को दोष दे रहे हैं। 2024 में सबसे ज्यादा गाली ईवीएम को ही मिलेगी।

उन्होंने कहा कि चुनावी चन्दा देने वालों के नाम खुलने से पारदर्शिता आयेगी। सांसद के रिपोर्ट कार्ड जारी न करने पर कहा कि मोदी का रिपोर्ट कार्ड ही सांसद का रिपोर्ट कार्ड है। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बांदा-चित्रकूट लोकसभा चुनाव में भाजपा नेताओं की बगावत बाबत कहा कि पार्टी में कोई बगावत नहीं है, सभी नेता भाजपा का प्रचार करेंगे। कहा कि सभी भाजपा नेता भाजपा के साथ हैं। चुनाव में सवर्ण बनाम बैकवर्ड चलने के नाम पर कहा कि लोकसभा सीट में सवर्ण मतदाता सबसे अधिक हैं, कोई विरोध व सवर्ण बनाम बैकवर्ड नहीं है।

पत्रकार वार्ता में सांसद आरके सिंह पटेल, बांदा भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह, चित्रकूट जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, जिला प्रभारी डॉ अनिल यादव, बांदा प्रभारी बृजकिशोर गुप्ता, लोकसभा सहसंयोजक शिवशंकर सिंह, डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल समेत तमाम भाजपाई मौजूद रहे।



निरीक्षण करते डीएम आदि।

## बैनामा का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने तहसील कर्वी के खोह व सेमरिया जगन्नाथवासी के मजरा बाबूपुर चकला में स्टाम्प वाद बाबत मामलों का स्थलीय निरीक्षण किया। गुरुवार को जिलाधिकारी ने सब रजिस्टार कर्वी को निर्देश दिये कि सत्यापन करा लें, विलेखों में स्टाम्प कमी मिले तो कार्यवाही करें। निरीक्षण दौरान उप जिलाधिकारी सौरभ यादव, सब रजिस्टार कर्वी राजेश सिंह, खोह लेखपाल लालबहादुर सिंह, सेमरिया जगन्नाथवासी लेखपाल राजेश कुमार वर्मा समेत संबंधित लोग मौजूद रहे।

## जांच में तमंचा-कारतूस समेत 12 लाख 70 हजार बरामद

### आचार संहिता पालन पर हो रही थी जांच

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की टीम ने जाच दौरान लमियारी बैरियर से रामस्वरुप शुक्ला पुत्र स्व रामचन्द्र शुक्ला निवासी गड़ौली के कब्जे से तमंचा 315 बोर व दो कारतूस समेत गिरफ्तार किया।

तलाशी में उसके कब्जे से 12 लाख 70 हजार रुपये बरामद हुये। गुरुवार को निर्वाचन आयोग के निर्देश पर बरामद रुपये पुलिस ने कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही को जिला निर्वाचन अधिकारी व आयकर विभाग को अवगत कराया है। तमंचा-कारतूस की बरामदगी पर सरधुवा थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी, दरोगा चन्द्रमणि पाण्डेय, दरोगा मुन्नीलाल, सिपाही अतुल मिश्रा, नरेश कुशवाहा व धर्मेन्द्र कुमार द्वितीय शामिल रहे। इस बारे में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि रुपया व तमंचा बरामद होने पर जिला निर्वाचन अधिकारी व आयकर विभाग को जानकारी दी गई है। तमंचा पर उसके खिलाफ थाने में मामला दर्ज किया है। चुनाव आयोग के निर्देश पर ये कार्यवाही लमियारी बैरियर में सवेरे पांच बजे हुई है।

# संवेदनहीन अधिकारीः आठ मौतों के बाद भी भ्रष्टाचार में रहे लिप्तः विधायक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान व सपा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य अनुज सिंह यादव ही जिला मुख्यालय में हुए भीषण हादसा में आठ लोगों की मौत के बाद मृतकों के घर गये हैं। अन्य किसी राजनैतिक दल ने संवेदना जताने की जरूरत नहीं समझी। विधायक ने तो सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग में अमानपुर गांव के पास भीषण सडक हादसे का कारण बने डम्फर को फर्जी रवन्ने से बचाने की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

गुरुवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग 35 जिला मुख्यालय कर्वी के पास अमानपुर गांव में भीषण सड़क हादसे का कारण बने डम्फर के फर्जी रवन्ने की उच्च स्तरीय जांच कराई जाये। सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि दो अप्रैल को सवेरे साढे पांच बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिट्टी लदे डम्फर व आटो में आमने-सामने भिडंत हुई थी। ऑटो सवार आठ लोगों की मौत हो गई है। भीषण सडक हादसा होने के बाद जिम्मेदार अधिकारियों की संवेदन हीनता उजागर हुई है। पीडित परिजनों



सदर विधायक अनिल प्रधान।

को राहत देने की बजाय खनन माफिया के साथ खडे नजर आये। दुर्भाग्य है कि विधायक ने कहा कि मीडिया से जानकारी मिली कि जिस गिट्टी लदे डम्फर से सवेरे साढे पांच बजे हादसा हुआ था। उस डम्फर को पुलिस लाइन ले जाते समय रास्ते में गिट्टी खाली करा दी गयी। साढे सात बजे गोविन्दा ग्रेनाइट क्रेसर से खनिज रवन्ना जारी कर दिया गया। जबकि सवेरे साढे छह बजे नोइंट्री लग जाती है। डम्फर से हादसा हुआ, तो साढे सात बजे रवन्ना कैसे जारी हो गया? ये गंभीर भ्रष्टाचार है। क्या सरकार की यही जीरो टॉलरेंस की नीति है। बड़ा हादसा होने के बाद मृतकों के परिजनों के शव ले जाने को शव वाहन नहीं मिल सका। मजबूरी में परिजनों को प्राइवेट एम्बुलेंसों से शव ले जाना पडा।

विधायक ने कहा कि इस मामले की जांच उच्च स्तरीय अधिकारियों से करायी जाये। घटना के दोषी सभी अधिकरियों पर कडी कार्यवाही की जाये। दुघर्टनाग्रस्त डम्फर को फर्जी ढंग से खनिज रवन्ना जारी करने वाली फर्म व जांच प्रक्रिया पूरी हुये बिना डम्फर में लदी गिट्टी को खाली कराने वाले अधिकारी की भूमिका की जांच कर कड़ी कार्यवाही की जाये, ताकि भ्रष्टाचार पर सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति साफ हो सके।

## श्रम प्रवर्तन अधिकारी सुस्त, दुकानदार मस्त

### साप्ताहिक बन्दी पर खुलती हैं दुकानें

**चित्रकूट।** जिले में साप्ताहिक बंदी मजाक बन रही है। नियम-कानून ताक पर रखकर शहर की दुकानें खोली जा रही हैं। गुरुवार को जिला मुख्यालय समेत कस्बों की दुकानें भी धडाधड खुली देखी जा सकती हैं। श्रम प्रवर्तन अधिकारी की लापरवाही से साप्ताहिक बंदी मजाक बन गई है। जिले में गुरुवार को साप्ताहिक बंदी घोषित है। फिर भी जिला मुख्यालय में साप्ताहिक बंदी के दिन दुकानें खोलकर दुकानदार शासन के निर्देशों को खुली चुनौती दे रहे हैं। श्रमिकों का जमकर शोषण हो रहा है। साप्ताहिक बंदी के दिन भी श्रमिकों को छुट्टी नहीं मिल पा रही। जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही व दुकानदारों की मनमानी के श्रमिक शिकार हो रहे हैं। साप्ताहिक बंदी पर दुकान खोलने वाले दुकानदारों पर जिला प्रशासन कब शिकंजा कसेगा।

## आग की चपेट मे रानीपुर टाइगर रिजर्व, नष्ट हो रही वन सम्पदा

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** पिछले हफ्ते से रानीपुर टाइगर रिजर्व जंगल आग से धधक रहा है। वन्य प्राणियों का जीवन खतरे में है। रानीपुर टाइगर रिजर्व मानिकपुर वन परिक्षेत्र भाग-1 चमरौंहा क्षेत्र के चिरोल जंगल मे भीषण आग लगी है।



जंगल में लगी आग का दृश्य।

गुरुवार को रानीपुर टाइगर रिजर्व जंगल में अग्निकांड का खुलासा हुआ। बताया गया कि रात होने के बाद भी आग का भयानक रुप देखा जा रहा है। मानिकपुर के बेधक, बाणाबाबा, ककरेड़ी आदि जंगल आग से खाक हो चुके है। लगातार फैल रही आग आसपास के जंगलों को आगोश मे लेती जा रही है। जंगलों को आग से बचाने को वन विभाग कोई प्रयास नहीं कर रहा। जिम्मेदार अधिकारी आग बुझाने के पुख्ता इंतजाम नहीं कर रहे। ऐसे में टाइगर रिजर्व का सपना कैसे पूरा होगा। समय रहते आग पर काबू न पाया गया तो सैकड़ों एकड़ मे फैले जंगल आग से नष्ट हो सकते हैं। मानिकपुर वनक्षेत्र चमरौंहा के सिसहा, बंधहा की तरफ आग फैल सकती है। कर्तव्य से विमुख दिख रहे डीएफओ डॉ नरेन्द्र सिंह केवल कमाई में लगे हैं। स्थानीय अधिकारी भी जंगल में लगी आग से बेजार हैं। जिम्मेदारों की संवेदनहीनता से जंगल नष्ट हो रहे हैं। इस बारे में डीएफओ से बात करने के प्रयास किये, उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## सप्ताह गुजराः नहीं हुआ चोरी का खुलासा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी में एसडीएम कॉलोनी में 27 मार्च को हुई चोरी की घटना का खुलासा न होने से पीडित ने रोष जताया है।

ज्ञात है कि एसडीएम कॉलोनी निवासी पूर्व माध्यमिक विद्यालय छछेरिहा में कार्यरत शिक्षक श्यामसुंदर यादव के घर में होली के दूसरे दिन चोरों ने लाखों का माल पार किया था। श्यामसुन्दर एसडीएम कॉलोनी में वेदप्रकाश मिश्र शिक्षक के घर में पिछले पांच साल से परिवार समेत किराये पर रहते हैं। घटना की रिपोर्ट पीड़ित शिक्षक ने कोतवाली कर्वी में दर्ज कराई थी। एक सप्ताह बीतने के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा सकी। पीड़ित ने कहा कि 27 मार्च को सवेरे साढे आठ बजे स्कूल गए थे। छुट्टी बाद लौटकर वे अखबार के काम में लग गए। रात साढे आठ बजे घर पहुंचे तो घर का ताला व आलमारी का ताला टूटा मिला। सामान बिखरा था। चोर तकरीबन छह-सात लाख के जेवर व पचास हजार नकदी ले गये हैं। कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस अभी चोरों की सुरागरसी कर रही है।

## सीमा पर हुआ मणिपुर फोर्स का स्वागत



मणिपुर फोर्स का स्वागत करते पुलिस अधिकारी।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर रात्रि में सीओ मऊ जयकरन सिंह व प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश कुमार मौर्य ने लोकसभा चुनाव शान्तिपूर्ण एवं भयमुक्त कराने को जिले में आई मणिपुर एसएपी फोर्स का जिले की सीमा पर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत कर जलपान कराया।

गुरुवार को सीओ मऊ जयकरन सिंह व बरगढ एसएचओ राकेश मौर्य ने मुर्का सीमा पर जवानों का स्वागत कर भोजन कराया। मानिकपुर को रवाना किया। मानिकपुर थाने के फायर सर्विस के आवासीय परिसर में ठहराया। फोर्स ने पुलिस के साथ सभी थाना क्षेत्रों के विभिन्न गांवों का भ्रमण किया। इस मौके पर दरोगा राधेश्याम सिंह, दरोगा पवन प्रधान आदि मौजूद रहे। लोकसभा चुनाव को शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने को बाहरी पुलिस बल आना शुरु हो गया है। बाहरी पुलिस बल के साथ क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भ्रमण चालू हो गया है।

## सगे भाई से मारपीट में पति-पत्नी को हुई चार वर्ष की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय व पैरोकार महेश्वरीदीन ने न्यायालय से सगे भाई के साथ मारपीट कर मरणासन्न करने वाले पति-पत्नी को चार-चार वर्ष की सजा व नौ-नौ हजार रुपये के जुर्माना से दंडित कराया है। गुरुवार को मॉनिटरिंग सेल प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला व अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम ने मऊ थाने में दर्ज मारपीट के आरोपी राजकुमार उर्फ ननबुद विश्वकर्मा पुत्र माता प्रसाद विश्वकर्मा व पत्नी ललिता देवी पत्नी राजकुमार उर्फ ननबुद विश्वकर्मा निवासी लक्ष्मीपुर मजरा खंडेहा को चार-चार वर्ष की सजा व नौ-नौ हजार रुपये जुर्माना से दंडित किया। ज्ञात है कि 30 जुलाई 2018 को रामसुफल पुत्र माता प्रसाद लक्ष्मीपुर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके भाई राजकुमार उर्फ ननबूद ने पत्नी समेत मारपीट कर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मामला दर्जकर विवेचना दरोगा शिवकुमार यादव ने की। 23 जनवरी 2019 को घायल के सीटी स्कैन रिपोर्ट पर एनसीआर को गम्भीर धाराओं में तरमीम किया आरोपियों के खिलाफ 11 अप्रैल 2019 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# शिवाजी ग्रुप इंस्टीट्यूट देगा निःशुल्क कोचिंगः अतुल सचान

## टैलेंट सर्च परीक्षा परिणाम घोषित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** शिवाजी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन कानपुर ने 31 मार्च को जेपी इंटर कॉलेज कर्वी में टैलेंट सर्च परीक्षा कराई थी। परीक्षा के नतीजे घोषित हो गये। सभी अभ्यर्थी संस्थान की वेबसाइट व फोन पर काल कर नतीजे जान सकते है। सभी प्रतिभागी छात्रों को एक वर्ष तक ऑनलाइन निःशुल्क आईआईटी/जीईई की निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी, कक्षा छह से इंटर तक होगी।

गुरुवार को शिवाजी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के अतुल सचान ने बताया कि प्रथम तीन छात्रों को प्रवेश देकर अच्छी शिक्षा मुहैया कराना है। संस्थान के डायरेक्टर/



अतुल सचान।

इं अतुल सचान ने बताया कि जेपी इंटर कॉलेज कर्वी में संस्थान की ब्रांच खोली जानी थी। विभिन्न कारणों से बंद कर दी गई है। संस्थान का जेपी इंटर कॉलेज से कोई वास्ता नहीं है। सभी अभिभावक सोच के आधार पर बच्चों को कहीं भी प्रवेश दिला सकते हैं। सभी बच्चों को शिवाजी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट की ओर से मई माह से कर्वी चित्रकूट में निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग दी जायेगी। शुभारंभ जल्द होगा। छात्रों को सूचित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि संस्था खुद का भवन एक-दो वर्ष में बनायेगी। सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जायेगी। इस मौके पर अजीत सिंह, मान सिंह, सिद्धार्थ विश्वकर्मा, निधि द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## 239 वाहनों से वसूला 541000 रुपये जुर्माना, 136 वाहन सीज

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में वाहनों की जांच का अभियान चला। यातायात नियमों का उल्लंघन कर यात्रा करने वाले 239 दोपहिया-चारपहिया, ई-रिक्शा, आटो, टैक्सी, टेम्पो से 541000 रुपये जुर्माना वसूला। 136 वाहनों को सीज किया। गुरुवार को सभी थाना क्षेत्रों में वाहनों की जांच का अभियान चला। पुलिस ने चालकों को जागरूक कर कहा कि सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें। सड़क पर यात्रा कर रहे यात्री पुलिस से बचने को नहीं, बल्कि सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें। पुलिस सुरक्षा को तैनात है। किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो, सभी वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें।

## बीएसएनएल में सिम लेने में मची लूट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारत संचार निगम लिमिटेड की सेवाओं का हाल-बेहाल होने से उपभोक्ताओं की वैसे ही कमी है, उस पर तुर्रा ये कि बीएसएनएल की सिम मुफ्त होने के बाद भी सिम के नाम पर भारी धनराशि ली जा रही है। बीएसएनएल के टीडीएम विवेक अग्रवाल ने कहा कि सिम कम्पनी से मुफ्त मिलती है। सिम के नाम पर रुपये लेने वाले पर कार्यवाही की जायेगी। ये खुलासा गुरुवार को हुआ। बताया गया कि बीएसएनएल की सिम लेने एक ग्राहक काका पीसीओ राजीव लखानी के पास पहुंचा। पीसीओ ने सिम देने के नाम पर ढाई सौ रुपये लिये। कहा कि इसमें डेढ महीने का रिचार्ज रहेगा। ग्राहक ने ढाई सौ रुपये दुकानदार को दिये। इसके बाद बीएसएनएल के टीडीएम विवेक अग्रवाल से बात की, कहा कि नेट में बीएसएनएल की सिम मुफ्त दी जा रही है। विवेक अग्रवाल ने कहा कि बीएसएनएल की सिम मुफ्त है, दुकानदार ने रिचार्ज का पैसा लिया होगा। ग्राहक फिर दुकानदार राजीव लखानी के पास पहुंचा। ग्राहक ने दुकानदार से कहा कि सिम मुफ्त मिलती है। दुकानदार ने कहा कि उसे साठ रुपये में सिम फ्रेंचाइजी राजेन्द्र गुप्ता देते हैं।

इस बारे में फ्रेंचाइजी से बात करने के प्रयास किये। वे बार-बार फोन बिजी में कर देते थे। इस तरह से बीएसएनएल में भारी लूट मची हुई है। बीएसएनएल से ग्राहक लगातार दूर होते जा रहे हैं।

## सौ लीटर महुआ शराब समेत महिला गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में दरोगा शैलेन्द्र कुमार सिंह की टीम ने एक महिला के कब्जे से सौ लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। गुरुवार को राजापुर पुलिस ने चिल्लीराकस गांव में छापेमारी कर ज्ञानमति पत्नी प्रकाश निषाद के कब्जे से सौ लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। उस पर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा शैलेन्द्र कुमार सिंह, सिपाही लवकुश यादव, शुभम मिश्रा, प्रकाश मिश्रा व महिला सिपाही अंजू वर्मा शामिल रहे।

# बांग्लादेश में थर्मल पॉवर प्लांट में हमला, पांच सुरक्षा कर्मचारी घायल

**ढाका।** बांग्लादेश में बुधवार रात करीब 11:30 बजे पचास से ज्यादा हथियारबंद हमलावरों ने रामपाल थर्मल पॉवर प्लांट में धावा बोला। इस दौरान किए गए हमले में पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। यह हमला प्लांट परिसर में टावर नंबर 3 के पास यार्ड नंबर 5 पर हुआ। घटना की पुष्टि प्लांट के उप महाप्रबंधक अनवारुल अजीम ने की है।ढाका ट्रिब्यून समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, हथियारबंद व्यक्तियों ने प्लांट के आवासीय क्षेत्रों में घुसपैठ करने का प्रयास किया। गार्डों ने हमलावरों के प्रवेश को विफल करने की कोशिश की तो उनपर हमला किया गया। घायलों में से दो को तत्काल खुलना मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। शेष तीन का इलाज रामपाल उपजिला स्वास्थ्य परिसर में किया गया।



रामपाल थाना प्रभारी सोमेन दास ने कहा कि अपराधियों को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। एहतियात के तौर पर प्लांट और उसके आसपास के क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार और बुधवार को बंदरबन के रूमा और थांची उपजिलों में बैंक डकैतियों के बाद लोग दहशत में हैं।

## ताइवान में भूकंप छोड़ गया तबाही के निशां



**ताइपे।** भूकंप से समूचा ताइवान हिल गया है। राहत और बचाव अभियान जारी है। तबाही का मंजर धीरे-धीरे सामने आने लगा है। कल सुबह 7:58 बजे हुलिएन काउंटी के तट पर आया 7.2 तीव्रता का भूकंप 25 वर्ष में देश में आया सबसे बड़ा भूकंप है। कल (बुधवार) शाम 7 बजे तक मरने वालों की संख्या नौ तक पहुंच गई, जबकि 946 लोग घायल हुए और 137 लोग अभी भी फंसे हुए थे।

ताइपे टाइम्स के अनुसार, भूकंप का केंद्र हुलिएन काउंटी हॉल से 25 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपूर्व में 15.5 किलोमीटर की गहराई पर था। तारोको नेशनल पार्क में चट्टानें गिरने सेचार लोगों की मौत हो गई। सुहुआ राजमार्ग पर चट्टाने गिरने से एक ट्रक चालक की जान चली गई। डेसिंगशुई सुरंग में मलबा गिरने से एक अन्य मोटर चालक की मौत हो गई।

ताइवान सीमेंट कॉर्प में काम करने वाला एक व्यक्ति भी चट्टानों की चपेट में आकर जान गंवा बैठा। हुलिएन में ढह गई एक इमारत से अपनी पालतू बिल्ली को बचाने की कोशिश कर रही एक महिला भी मृत पाई गई। हुलिएन शहर में कई इमारतें गंभीर कोणों पर झुक गईं। कल दोपहर 3:30 बजे तक सेंट्रल इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर ने 28 इमारतों के ढहने की सूचना दी।

## शी चिनफिंग ने इंडोनेशिया के निर्वाचित राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियेंतो के साथ वार्ता की



**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने पेइचिंग जन वृहद भवन में इंडोनेशिया के निर्वाचित राष्ट्रपति और ग्रेटर इंडोनेशिया मूवमेंट पार्टी के जनरल अध्यक्ष प्राबोवो सुबियेंतो के साथ बातचीत की।

शी चिनफिंग ने सुबियेंतो को इंडोनेशियाई राष्ट्रपति निर्वाचित होने की बधाई दी और उनसे राष्ट्रपति जोको को हार्दिक अभिवादन व शुभकामनाएं देने को कहा।

उन्होंने कहा कि चीन हमेशा रणनीतिक व दूरगामी दृष्टि से चीन-इंडोनेशिया संबंध देखता है और इंडोनेशिया के साथ चौतरफा रणनीतिक सहयोग गहराकर क्षेत्रीय व वैश्विक प्रभाव संपन्न चीन-इंडोनेशिया साझा भविष्य वाले समुदाय की स्थापना चाहता है ताकि दोनों देशों की जनता को अधिक कल्याण दिया जाए और विश्व शांति, स्थिरता व समृद्धि में नया योगदान दिया जाए।

शी चिनफिंग ने बल दिया कि चीन इंडोनेशिया संबंधों में भारी उपलब्धियां होने की कुंजी रणनीतिक स्वतंत्रता, पारस्परिक विश्वास व समर्थन, सहयोग व साझा जीत और न्याय व निष्पक्षता पर कायम रहना है। भविष्य में चीन और इंडोनेशिया एकजुट होकर पारस्परिक लाभ व साझा जीत की मिसाल, समान विकास का आदर्श और दक्षिण-दक्षिण सहयोग में अग्रणी बनेंगे।

सुबियेंतो ने शी चिनफिंग को राष्ट्रपति जोको का अभिवादन पहुंचाया और खुशी जतायी कि राष्ट्रपति निर्वाचित होने के बाद उनकी पहली यात्रा का देश चीन है। चीन इंडोनेशिया का मजबूत साझेदार है। वे अधिक घनिष्ठ चीन-इंडोनेशिया संबंध के विकास का पूरा समर्थन करते हैं। इंडोनिशिया चीन के साथ अंतरराष्ट्रीय व क्षेत्रीय मामलों में सहयोग मजबूत करने और दक्षिण-दक्षिण सहयोग के लिए अधिक योगदान देने को तैयार है।

# चीनी विदेश मंत्रालय ने चीन और अमेरिका के राष्ट्रपतियों की बातचीत पर प्रकाश डाला

**बीजिंग।** चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वनपिन ने बुधवार को नियमित प्रेस वार्ता में चीन और अमेरिका के राष्ट्रपतियों की बातचीत में रनआईच्यो, हांगकांग, शिनच्यांग और तिब्बत मुद्दों संबंधी ठोस विषयों पर प्रकाश डाला।

प्रवक्ता ने बताया कि बातचीत में चीनी पक्ष ने अमेरिका से कहा कि नानशा द्वीप समूह और उसके आसपास के समुद्र पर चीन की अविवादित प्रभुसत्ता है, जिनमें रनआईच्यो शामिल है। रनआईच्यो विवाद का मूल कारण फिलिपींस का अनेक बार अपनी बात से पीछे हटना है और चीन के मानव रहित टापू पर स्थाई चौकी स्थापित करने की चेष्टा करना है ताकि रनआईच्यो पर अवैध कब्जा किया जाए।



अमेरिका दक्षिण चीन सागर मामले का एक पक्ष नहीं है। अमेरिका को चीन और फिलिपींस के बीच मौजूद सवाल में हिस्सा नहीं लेना चाहिए। हांगकांग मामले की चर्चा में प्रवक्ता ने बल दिया कि अमेरिका को चीन की प्रभुसत्ता और हांगकांग के कानूनी शासन का सम्मान कर इसमें हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

शिनच्यांग व तिब्बत सवाल के बारे में प्रवक्ता ने कहा कि शिनच्यांग और तिब्बत मुद्दा चीन का आंतरिक मामला है। चीन पारस्परिक सम्मान की पूर्वशर्त में अमेरिका के साथ आदान-प्रदान करना चाहता है, लेकिन मानवाधिकार के उपयोग से चीन के आंतरिक मामले में हस्तक्षेप करने का डटकर विरोध करता है।

# ताइवान में भूकंप के बाद प्रमुख चिप प्लांट खाली कराए गए

**नई दिल्ली।** ताइवान में बुधवार सुबह आए 7.3 तीव्रता के भूकंप के बाद दुनिया की सबसे बड़ी चिप निमार्ता ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी (टीएसएमसी) सहित सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले प्लांटों को खाली करा लिया गया।

निक्केई एशिया की रिपोर्ट के अनुसार, देश में टेक कंपनियां हुलिएन के तट पर आए शक्तिशाली भूकंप के प्रभाव का आकलन कर रही हैं। भूकंप में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है, "प्रक्रिया के अनुसार निवारक उपाय शुरू किए गए और कुछ प्लांट को खाली करा लिया गया। सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं, और निकाले गए लोग अपने कार्यस्थलों पर लौटने लगे हैं। कंपनी फिलहाल भूकंप के प्रभाव का आकलन कर रही है।"




टीएसएमसी ने "आज के लिए निर्माण स्थलों (नई सुविधाओं के लिए) पर काम निलंबित करने का फैसला किया और आगे के निरीक्षण के बाद काम फिर से शुरू होगा।"

यूनाइटेड माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स के हवाले से कहा गया कि उसने उत्पादन सुविधाएं भी खाली कर दीं। कंपनी ने कहा, "कुछ चिप बनाने वाली मशीनें बंद हो गईं और अब हमारी टीम उत्पादन मशीनों को जल्द से जल्द फिर से शुरू करने के लिए काम कर रही है।"

डिस्प्ले मेकर इनोलक्स और एयूओ ने भी लोगों को अपने प्लांट से बाहर निकाला। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि ताइनन में शुरूआत में प्रभाव हल्का दिखाई दिया। यहां जहां कई प्रमुख चिप निर्माण कंपनियां हैं। ताइवान में परिचालन करने वाली कुछ जापानी कंपनियों ने कहा कि मामूली नुकसान हुआ है, जिनमें चिप बनाने वाले उपकरण निमार्ता टोक्यो इलेक्ट्रॉन और एबारा भी शामिल हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ताइवान के विभिन्न हिस्सों में तेज झटके महसूस किए गए, जिससे ताइपे की मेट्रो प्रणाली का परिचालन रोकना पड़ा।

## नारायण मूर्ति ने कहा- 50 साल पहले यूरोप यात्रा के दौरान 120 घंटे तक रहा था भूखा

**संयुक्त राष्ट्र।** इंफोसिस के संस्थापक एन.आर. नारायण मूर्ति ने संयुक्त राष्ट्र में मंगलवार को बताया कि वे 50 साल पहले यूरोप यात्रा के दौरान 120 घंटे तक भूख सहना पड़ा था।

नारायण मूर्ति संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन द्वारा यहां संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मूर्ति ने खाद्य सुरक्षा में उपलब्धियांः सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में भारत के प्रयास विषय पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

भारतीय गैर सरकारी संगठन ह्यअक्षय पात्र फाउंडेशनह्न द्वारा चार अरबवां भोजन परोसे जाने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा और पोषण में भारत की नवोन्मेषी रणनीतियों, नीतियों और उपलब्धियों तथा एसडीजी, विशेष रूप से ह्यशून्य भूखह्न के लक्ष्य के साथ उनके संयोजन को दशार्या गया।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के राजनयिकों, अधिकारियों, शिक्षाविदों, सामाजिक संगठनों और भारतवंशी समुदाय के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा, आपमें से कई ने भूख को नहीं सहा होगा। मैंने किया है। नारायण मूर्ति ने कहा कि 50 साल पहले ह्यह्यमैंने यूरोप में यात्रा करते हुए 120 घंटे लगातार भूख सही थी। यह निश नामक स्थान की बात है जो बुल्गारिया और तत्कालीन यूगोस्लाविया और आज के सर्बिया के बीच सीमा पर स्थित एक शहर है। उन्होंने कहा, यहां अधिकतर भारतीयों और मुझे भारत सरकार से अच्छी गुणवत्ता वाली और अत्यधिक सब्सिडी वाली शिक्षा प्राप्त हुई है। इसलिए, सभ्य लोगों के रूप में, हमें अपने राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए और इन असहाय, गरीब बच्चों की भावी पीढ़ी को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने में मदद करनी चाहिए।

## बीजिंग के किंघई प्रांत में भूकंप के तेज झटके




**बीजिंग।** चीन के किंघई प्रांत में सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5 दशमलव 5 रही। यह जानकारी राज्य मीडिया एजेंसी ने दी।

एजेसी के अनुसार, गुरुवार सुबह 9 बजे (0100 जीएमटी) सुदूर उत्तर-पश्चिमी चीनी प्रांत किंघई में लोगों ने भूकंप के तेज झटके महसूस किए। अभी तक किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है।

## सीरिया में अपने राजनयिक मिशन पर हमले को लेकर इजरायल पर मुकदमा करेगा ईरान



**तेहरान।** ईरान के कानूनी मामलों के उपाध्यक्ष मोहम्मद देहकान ने कहा है कि देश सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर "घातक हमले" के लिए इजरायल के खिलाफ मुकदमा दायर करेगा।

देहकान ने बुधवार को तेहरान में एक कैबिनेट बैठक के मौके पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने सीरिया की राजधानी दमिश्क में वाणिज्य दूतावास की इमारत को नष्ट करने वाले मिसाइल हमले के लिए इजरायल के खिलाफ ईरान के कानूनी उपायों के बारे में विस्तार से बताया। इस हमले में कम से कम 14 मौतें हुईं।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने अर्ध-आधिकारिक समाचार एजेंसी फार्स के हवाले से बताया कि देहकान ने कहा कि इजरायली हमले ने अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया है। ईरान वर्तमान में कानूनी आकलन कर रहा है और जल्द ही अपने कानूनी निर्णयों के बारे में जानकारी प्रदान करेगा। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स वॉर मॉनिटर ने मंगलवार को कहा कि हवाई हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। इनमें आठ ईरानी, पांच सीरियाई और लेबनान के हिजबुल्लाह आतंकवादी समूह का एक सदस्य शामिल है। ऑब्जर्वेटरी ने बताया कि यह देखते हुए कि गंभीर रूप घायलों को देखते हुए मरने वालों की संख्या बढ़ने की संभावना है।

# नेपालः विमान खरीद प्रकरण में 150 करोड़ के भ्रष्टाचार का मुकदमा दायर, पूर्व मंत्री और पूर्व सचिव समेत कइयों के नाम शामिल

**काठमांडू।** नेपाल में वाइड बॉडी विमान की खरीद को लेकर हुए एक बडे.घोटाले का पदार्फाश हुआ है। आज कोर्ट में एक मुकदमा दायर करते हुए भ्रष्टाचार निरोधी निकाय ने पूर्व मंत्री और पूर्व सचिव सहित कई कर्मचारियों के इसमें शामिल होने की बात कही है।

नेपाल की सरकारी विमान कंपनी नेपाल वायुसेवा निगम की तरफ से दो वाइड बॉडी विमान खरीद मामले में एक बड़े घोटाले का पदार्फाश हुआ है। भ्रष्टाचार के विरोध में जांच करने वाली सरकारी एजेंसी अख्तियार दुरुपयोग अनुसंधान आयोग ने विशेष अदालत में मुकदमा दायर करते हुए करीब 150 करोड़ रुपये का घोटाला होने का प्रमाण कोर्ट को सौंपा है। अख्तियार आयोग के प्रमुख प्रेम राई ने बताया कि इस विमान खरीद प्रकरण की शुरूआती प्रक्रिया से लेकर आखिरी भुगतान तक में व्यापक अनियमितता के प्रमाण मिले हैं। उन्होंने कहा कि इस घोटाले में तत्कालीन नागरिक उड्डयन मंत्री, तत्कालीन उड्डयन सचिव और सह सचिव सहित पूरा का पूरा नेपाल वायुसेवा निगम के संचालक समिति के शामिल होने के पुख्ता सबूत अदालत में जमा किए गए हैं।

अख्तियार प्रमुख द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक इस घोटाले में जिन लोगों को आरोपित बनाया गया है, उनमें तत्कालीन नागरिक उड्डयन मंत्री जीवन बहादुर शाही, तत्कालीन उड्डयन सचिव शंकर अधिकारी, तत्कालीन वित्त सचिव शिशिर ढुंगाना सहित 32 कर्मचारी शामिल हैं। इन सभी पर वाइड बॉडी खरीद की प्रक्रिया से लेकर भुगतान तक में व्यापक अनियमितता करने की बात सामने आई है।

अख्तियार प्रमुख ने बताया कि टेंडर निकालने में हुई गड़बड़ियों की शुरूआत अंतिम भुगतान तक जारी रही। बिचौलियों को फायदा पहुंचाने के लिए विमान सीधे विमान निमार्ता कंपनी से नहीं खरीद कर एक नई कंपनी के जरिए खरीदा गया। इस खरीद में विमान के वास्तविक मूल्य से इसे कई गुना अधिक कीमत में खरीदे जाने की बात का उल्लेख है। इतना ही नहीं, जिस कंपनी को विमान सप्लाई का टेंडर मिला था भुगतान के समय दो और नई कंपनियां बनाकर उसके माध्यम से भुगतान करने को भी कानून के विपरीत बताते हुए कोर्ट में कई दस्तावेज पेश किए गए हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।